शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 41 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 07 मार्च 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## हाईकोर्ट ने की उदयनिधि के खिलाफ अधिकारी वारंट याचिका खारिज

**चेन्नई**

मद्रास उच्च न्यायालय ने बुधवार को डीएमके मंत्रियों उदयनिधि स्टालिन, पीके शेखर बाबू और संसद सदस्य ए राजा के खिलाफ एक हिंदू राष्ट्रवादी संगठन के सदस्यों द्वारा दायर याचिकाओं पर 'अधिकार वारंटो' की रिट जारी करने से इनकार कर दिया। इन याचिकाओं में कथित तौर पर सनातन धर्म के खिलाफ टिप्पणी करने के बाद उनके पद पर बने रहने के अधिकार पर सवाल उठाया जा रहा है। यथास्थिति याचिकाओं में सवाल उठाया गया कि वे किस अधिकार के तहत अपने आधिकारिक पद पर हैं। न्यायमूर्ति अनीता सुमंत ने दो हिंदू मुन्नानी पदाधिकारियों और एक अन्य व्यक्ति द्वारा दायर याचिकाओं का निपटारा किया, जिसमें आधिकारिक पदों पर रहने वाले तीन डीएमके नेताओं के अधिकार पर सवाल उठाया गया था, जब उन्होंने सनातन धर्म विरोधी बैठक में भाग लिया था और कथित तौर पर धार्मिक प्रथाओं की प्रणाली के खिलाफ भाषण दिया था। टी मनोहर, जो हिंदू मुन्नानी के पदाधिकारी होने का दावा करते हैं, और दो अन्य ने वर्तमान यथास्थिति याचिकाएं दायर कीं। याचिकाओं को खारिज करते हुए, न्यायाधीश ने हालांकि कहा कि उच्च पदों पर बैठे व्यक्तियों को अधिक जिम्मेदारी के साथ काम करना चाहिए और बयान देने से पहले ऐतिहासिक घटनाओं को सत्यापित करना चाहिए।

## 'टीएमसी के प्रत्येक कार्यालय में हैं शाहजहां जैसे लोग'

**नई दिल्ली**

कलकत्ता हाई कोर्ट द्वारा बंगाल पुलिस को संदेशखाली कांड के मुख्य आरोपित निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख को सीबीआई को सौंपने का निर्देश दिए जाने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि शाहजहां जैसे लोग तृणमूल कांग्रेस के हर कार्यालय में हैं। पूनावाला ने मंगलवार को कहा, कलकत्ता हाई कोर्ट द्वारा शाहजहां के मामले को बंगाल पुलिस से सीबीआई को स्थानांतरित करने पर केवल एक ही प्रतिक्रिया है। सत्यमेव जयते... लेकिन सवाल यह है कि तृणमूल के हर कार्यालय में शाहजहां है जिन्हें तृणमूल द्वारा बचाया जा रहा है पुलिस हिरासत में रहने के दौरान विक्ट्री साइन दिखाते शेख शाहजहां की तस्वीर दिखाते हुए पूनावाला ने कहा, यह तस्वीर शाहजहां की मानसिकता को दर्शाती है।

# पेपर लीक युवाओं के लिए अभिशाप बन गया'

## यह देशभर के युवाओं के लिए अभिशाप, 2 करोड़ से अधिक छात्रों का तोड़ा सपना जैसाः राहुल

**नई दिल्ली**

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए ठोस योजना तैयार कर रही है। राहुल ने उत्तर प्रदेश में हुई पेपर लीक की हालिया घटनाओं को लेकर सरकार पर निशाना साधा। राहुल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, पेपर लीक उत्तर प्रदेश ही नहीं, देश भर के युवाओं के लिए अभिशाप बन गया है। पिछले सात वर्षों में 70 से अधिक पेपर लीक के मामलों ने दो करोड़ से अधिक छात्रों का सपना तोड़ा है। लापरवाह सरकार, भ्रष्ट अधिकारी, नकल माफिया और निजी प्रिंटिंग प्रेसों के आपराधिक गठजोड़ को खत्म कर हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, "जब मैंने छात्रों से बातचीत की तो उन्होंने मुझे बताया कि पेपर लीक की तीन मुख्य वजह हैं। बिका हुआ सरकारी तंत्र, निजी प्रिंटिंग प्रेस और भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुके अधीनस्थ सेवा चयन आयोग। सभी से मिले सुझावों को मिला कर कांग्रेस युवाओं की भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए ठोस योजना तैयार कर रही है।" राहुल गांधी ने कहा, "बहुत जल्द हम आपके सामने अपना विजन रखेंगे। हम छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे! युवाओं का भविष्य आईएनडीआईए की प्राथमिकता है। कांग्रेस महासचिव संचार जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "पेपर लीक की हर घटना हमारे मेहनती युवाओं के लिए दुखद है।



## चुनावी बॉन्डः 'सबसे बड़े बैंक को ढाल बना रही मोदी सरकार'

**नई दिल्ली**

कांग्रेस ने भारतीय स्टेट बैंक द्वारा चुनावी बॉन्ड विवरण का खुलासा करने के लिए अधिक समय मांगने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने पर केंद्र पर हमला बोला। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार अपने संदिग्ध लेनदेन को छिपाने के लिए देश के सबसे बड़े बैंक को ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रही है।

30 जून तक मांगा समय

भारतीय स्टेट बैंक ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक चुनावी बॉन्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक की मोहलत मांगी है। पिछले महीने अपने फैसले में, शीर्ष अदालत ने एसबीआई को 6 मार्च तक चुनाव पैनल को विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था।



**खरगे ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि चुनावी बॉन्ड योजना को लेकर कांग्रेस का मानना है कि यह अपारदर्शी, अलोकतांत्रिक और समान अवसर को नष्ट करने वाली है। उन्होंने कहा, "मोदी सरकार चुनावी बॉन्ड के माध्यम से अपने संदिग्ध लेनदेन को छिपाने के लिए हमारे देश के सबसे बड़े बैंक को ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रही है।"

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने मोदी सरकार की चुनावी बॉन्ड की काला धन रूपांतरण योजना को असंवैधानिक, आरटीआई का उल्लंघन और अवैध करार देते हुए रद्द कर दिया था। साथ ही, एसबीआई को 6 मार्च तक दानकर्ता का विवरण प्रस्तुत करने के लिए कहा था। खरगे ने कहा, "बीजेपी चाहती है कि यह लोकसभा चुनाव के बाद किया जाए।

## इंडिया गठबंधन के बीच सीटें हुई फाइनलः कांग्रेस



**भोपाल**

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस ने इंडिया ब्लॉक के अन्य सभी दलों के साथ अपने सीट बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया है। हालांकि, पश्चिम बंगाल को लेकर कोई फैसला नहीं हो पाया। ममता बनर्जी ने यहां गठबंधन से अलग चुनाव लड़ने की घोषणा की है। मध्य प्रदेश के शाजापुर में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बीच मंगलवार को जयराम रमेश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। हालांकि, किस राज्य में कौन सी पार्टी कितने सीटों पर चुनाव लड़ेगी रमेश ने इसकी जानकारी नहीं दी। उधर, नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता नसीर आलम ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में इंडिया ब्लॉक के बीच सीट शेयरिंग पर मुहर लग गई है। नेशनल कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर की 3 लोकसभा सीटों पर लड़ेगी, जबकि कांग्रेस जम्मू, उधमपुर और लद्दाख सीट से अपने कैंडिडेट उतारेगी। महबूबा मुफ्ती की पार्टी पीडीपी राज्य में अकेले चुनाव लड़ेगी।

**ममता बनर्जी को मनाने की कवायद जारी**

यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के संपर्क में है? जयराम रमेश ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि कोई बीच का रास्ता निकाला जाएगा और वे पूरी कोशिश कर रहे हैं। ममता बनर्जी गठबंधन का हिस्सा हैं। वे पटना, मुंबई, बेंगलुरु और दिल्ली की बैठकों में शामिल हुई थीं। उनकी प्राथमिकता बीजेपी को हराना और भारत को मजबूत करना है। जल्द ही कोई बीच का रास्ता निकाला जाएगा।

## 'बच्ची के साथ नहीं किया जा सकता 'संपत्ति' की तरह व्यवहार'

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने कहा कि कस्टडी (अभिरक्षा) के मुकदमे के निपटारे के लिए लड़की के साथ 'संपत्ति' की तरह व्यवहार नहीं किया जा सकता है। इस टिप्पणी के साथ शीर्ष अदालत ने उड़ीसा हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें एक लड़की के जैविक पिता को उसकी कस्टडी दी गई थी। शीर्ष अदालत हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ लड़की की बुआ की अपील पर सुनवाई करते हुए कहा कि लड़की अपनी बुआ के पास खुशी-खुशी रह रही है। अदालत ने गौर किया कि मार्च 2014 में पैदा हुई



बच्ची लगभग तीन महीने की उम्र से ही अपने जैविक पिता की बहन के साथ रह रही है।

**बच्ची के हित पर अदालत की टिप्पणी**

जस्टिस सीटी रविकुमार और जस्टिस राजेश बिंदल की पीठ ने कहा, "यह ऐसा मामला नहीं है जिसमें कोई भी पक्ष गोद लेने का दावा कर रहा है। यह केवल लड़की की कस्टडी से संबंधित विवाद है।" फैसले में पीठ ने कहा कि उसने लड़की से बातचीत की। लड़की ने कहा कि वह बुआ के साथ रहकर खुश है। शीर्ष अदालत ने कहा, "लड़की इस संबंध में राय बनाने में सक्षम है।

## जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क पर सुप्रीम फैसला, मुख्य क्षेत्रों में बाघ सफारी पर लगाया बैन

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने बुधवार को उत्तराखंड के जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में बाघ सफारी पर बैन लगा दिया है।कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि यह साफ है कि राष्ट्रीय वन्यजीव संरक्षण योजना संरक्षित इलाकों से परे वन्यजीव संरक्षण की जरूरत को पहचानती है। आदेश के बाद, अब केवल जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के परिधीय और बफर जोन में बाघ सफारी की छूट दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने कॉर्बेट में अवैध निर्माण, पेड़ों की कटाई की अनुमति देने के लिए उत्तराखंड के पूर्व वन मंत्री रावत, पूर्व प्रभागीय वन अधिकारी को फटकार लगाई।



**कॉर्बेट में अवैध निर्माण, पेड़ों की कटाईः** सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि नौकरशाहों, राजनेताओं ने सार्वजनिक विश्वास सिद्धांत को कचरे में फेंक दिया है। जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में टाइगर सफारी योजना पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर वकील गौरव कुमार बंसल का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को अपने द्वारा की गई जांच पर एक अंतरिम रिपोर्ट प्रदान करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया है कि सफारी बफर एरिया में हो सकती है या नहीं।

फिर सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि जहां तक टाइगर रिजर्व में सफारी के कॉन्सेप्ट का सवाल है तो सुप्रीम कोर्ट की गठित कमेटी इस पर गौर करेगी और वही शर्तें लगाएगी।

## पीएम मोदी की फिर बढ़ी लोकप्रियता, 75 प्रतिशत हुई अप्रूवल रेटिंग



**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी वैश्विक नेताओं की लोकप्रियता सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं। उन्हें 75 प्रतिशत की अप्रूवल रेटिंग मिली है। अप्रूवल रेटिंग सर्वे करने वाली एजेंसी इप्सोस इंडियाबस के अनुसार, पीएम मोदी ने फरवरी 2024 में 75 प्रतिशत की अप्रूवल रेटिंग हासिल की है। इससे पहले सितंबर 2023 में जारी आंकड़ों में पीएम मोदी को 65 प्रतिशत की रेटिंग मिली थी। इस बार उनकी अप्रूवल रेटिंग में 10 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। दिसंबर 2022 से पीएम मोदी की अप्रूवल रेटिंग में इजाफा हुआ है। दिसंबर 2022 में पीएम की रेटिंग 60 प्रतिशत थी। फरवरी 2023 को पीएम मोदी की अप्रूवल रेटिंग 67 प्रतिशत हुई। सितंबर 2023 में उनकी रेटिंग में दो प्रतिशत की कमी आई और 65 प्रतिशत रेटिंग मिली। अब फरवरी 2024 में मोदी की रेटिंग फिर बढ़ गई है।

**राम मंदिर के उद्घाटन से हुआ फायदाः** इप्सोस इंडिया के कंट्री सर्विस लाइन लीडर पारिजात चक्रवर्ती ने सर्वे के नतीजों पर कहा कि पीएम मोदी को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन से अच्छा खासा फायदा हुआ है। इससे उनकी रेटिंग अच्छी हो गई। इसके अलावा संयुक्त अरब अमीरात में मंदिर का निर्माण, अंतरिक्ष में पहल, भारत में जी20 शिखर सम्मेलन की सफलतापूर्वक मेजबानी, मेक इन इंडिया को बढ़ावा देना, प्रमुख वैश्विक देशों के साथ भारत में इंफ्रास्ट्रक्चर का समझौता समेत कई मुद्दों ने प्रधानमंत्री की अप्रूवल रेटिंग को बेहतर बनाने में योगदान दिया।

## एनआईए ने की 7 राज्यों में 17 जगहों पर छापेमारी

**नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बेंगलुरु जेल कट्टरपंथीकरण मामले के सिलसिले में मंगलवार को सात राज्यों में कई छापे मारे। हथियारों और गोला-बारूद की जब्ती के एक मामले की जांच करते हुए, कर्नाटक पुलिस ने बेंगलुरु के परप्पाना अग्रहारा सेंट्रल जेल से जुड़े एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। यह पता चला कि जेल के एक कैदी, जिसकी पहचान जुनैद के रूप में हुई है, जिस पर हत्या और लाल चंदन की तस्करी का आरोप था, को केरल के कन्नूर के टी नसीर ने कट्टरपंथी बना दिया था।





कथित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का आतंकवादी और 2008 के बेंगलुरु सिलसिलेवार विस्फोटों का आरोपी नसीर 2013 से केंद्रीय जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। पुलिस से लेकर एनआईए तकः आतंकी एंगल सामने आने पर अक्टूबर 2023 में मामला एनआईए को ट्रांसफर कर दिया गया।

## अपहरण मामले में धनंजय सिंह समेत दो को सात-सात साल की सजा

जौनपुर

नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल के अपहरण, रंगदारी मांगने, धमकाने और आपराधिक साजिश के मामले में एडीजे चतुर्थ / विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) शरद कुमार त्रिपाठी की अदालत ने बुधवार को पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उसके सहयोगी संतोष विक्रम सिंह को सात-सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोनों अभियुक्तों पर डेढ़-डेढ़ लाख रुपये जुमार्ना भी लगाया है। अदालत ने कहा कि इस मामले में अभियुक्तगण द्वारा जेल में बिताई गई अवधि सजा की अवधि में समायोजित की जाएगी।

अदलत के आदेश से दोनों अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भेज दिया गया। इसके साथ ही यह भी तय हो गया कि अब धनंजय सिंह लोकसभा और विधानसभा चुनाव नहीं लड़ पाएगा।

## भारत ने सुनिश्चित किया हिंद महासागर में नहीं दिखाएगा कोई ताकत'

**नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के सैन्य शक्ति दिखाने के संदर्भ में परोक्ष संदेश देते हुए कहा कि भारतीय नौसेना यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी सशक्त आर्थिक और सैन्य ताकत हिंद महासागर क्षेत्र में अन्य देशों पर अपना प्रभुत्व नहीं जमा पाए या उनकी संप्रभुता के लिए खतरा बन जाए। नौसेना यह भी पक्का कर रही है कि कोई भी यहां पर वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश नहीं कर पाए। गोवा में सोमवार को एक कार्यक्रम पर संबोधित करते हुए कहा कि हिंद महासागर के सभी पड़ोसी देशों को उनकी स्वयत्तता और संप्रभुता कायम रखने में मदद दी जाएगी।



**'भारतीय नौसेना पूरी तरह तैयार है':** गोवा स्थित नेवल वार कालेज की नई इमारत के उद्घाटन के अवसर पर

उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना पूरी तरह तैयार है। वह हिंद महासागर के तटीय देशों को पूरी सुरक्षा प्रदान कर रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खतरों को आंकने और उनसे निपटने का तरीका बदल गया है। पहले सरकारों का पूरा फोकस जमीन पर स्थित सीमाओं को ही सुरक्षित करने पर पूरा जोर रहता था। लेकिन जल क्षेत्र के खतरों को इतना महत्व नहीं दिया जाता था। नये भारत के रणनीतिक विचारों में बदलाव पर सिंह ने कहा कि एक समय में हमें चारों ओर से जमीनी सीमाओं से घिरा देश माना जाता था, लेकिन अब भारत को जमीनी सीमाओं के साथ समुद्र से घिरे देश के रूप देखा जाता है।

# कल्टीवेटर में बांधकर पीट-पीट कर युवक को उतार दिया मौत के घाट

## अभियुक्त को पुलिस ने लिया हिरासत में, मुकदमा दर्ज कर की विधिक कार्यवाही

अखंड भारत संदेश





**कोरांव।** खीरी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत किहुनी खुर्द गड़री में बीती मंगलवार को देर रात्रि 35 वर्षीय युवक की कल्टीवेटर में बांधकर लाठी डंडे से पीट-पीट का निर्मम हत्या कर दी गई। घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी आशीष सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए। आरोपी के द्वारा पुलिस एवं मृतक परिजनों पर पथराव किया जाने लगा। स्थिति को सामान्य करते हुए पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से मृतक अजय पुत्र मुरलीधर आदिवासी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव भेजवाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि अजय देर रात अपने खेत की रखवाली कर रहा था इस बीच आरोपी वकील पुत्र गिरजा प्रसाद आदिवासी निवासी किहुनी खुर्द के छप्पर में आग जल रही थी। खेत की रखवाली कर रहा अजय आग जलते देखा गुहार लगाते हुए गांव के ही कुछ अन्य साथियों के साथ आरोपी के घर पहुंच गया। जहां आरोपी वकील ने मृतक अजय पर आग लगाने का आरोप लगाते हुए उसे कल्टीवेटर में बांधकर लाठी डंडे से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। मृतक के भाई अभय द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को हिरासत मे ले लिया है। मृतक तीन पुत्रों और एक एक पुत्री का पिता था। गांव में मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक के माता-पिता पत्नी एवं बच्चों समेत अन्य पारिवारीजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। मृतक के माता-पिता का आरोप है कि आरोपी ने छप्पर में खुद आग लगाई थी। झूंठे आरोप में मेरे बेटे की पीट-पीट कर निर्मम हत्या कर दी।

## दबंग ने महिलाओं को बुरी तरह गिरा गिरा कर मारा पीटा,घायल

### पुलिस ने आरोपी के बजाय पीड़िता का किया चालान,एसीपी मेजा के चौखट पर पीड़िता ने दी तहरीर

**कोरांव।** थाना पुलिस कोरांव के ग्राम बढ़वारी में पानी के विवाद में एक दबंग किस्म के व्यक्ति ने एक महिला और और उसकी तेरह वर्षीया बेटी को नाली में ढकेल कर और गिरा गिरा कर बुरी तरह मारा पीटा जिससे पूरे शरीर पर चोट के गंभीर निशान हैं। फरियाद ले कर पहुंची घायल पीड़िता की तरफ से एफआईआर तो नहीं हुई किंतु दबंग व्यक्ति के बजाय योजना बद तरीके से दबंग की ही पत्नी को और पीड़िता को ही शांति भंग में चालान कर दिया गया। इसके पूर्व भी उक्त दबंग अखिलेश कोल ग्राम बढवारी ने कुंआ से पानी न देने की ले कर बुरी तरह मारा पीटा था। दोनो पक्छ कोल और चमार जाति के है पीड़िता श्याम कुमारी ने बताया कि आए दिन उक्त सरहग कुंए से पानी लेने नहाने धोने पर मारपीट करता है।

एसीपी मेजा से तहरीर दे कर उक्त दबंग के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार किए जाने की मांग की है। इस संदर्भ में एसीपी मेजा ने जांच कार्यवाही किए जाने का आशवासन दिया है।

# पीएम मोदी की सीधे बात होने पर समूह की महिलाएं हर्षित




**सहसों।** विकास खण्ड सहसों के सभागार में बुधवार को स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं एन जी ओ कार्यकताओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी ने सीधे संवाद किया। संवाद के माध्यम से उन्होंने समूह की महिलाओं से कहा कि हमारी सरकार देश में 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। इसमें कुछ तो बन भी गई हैं। इसी के साथ गांव में स्वच्छता को लेकर के और शादी विवाह बर्थडे एवं अन्य कार्यक्रमों में होने वाले भोज का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें जो भोजन खराब जाता है लोग अपने थालियों में लेकर के फेंक देते हैं इसको बचाने के लिए एक मुहिम चलानी चाहिए। महिलाओं को इसमें भोजन परोसने के लिए प्रशिक्षित करने का विचार प्रधानमंत्री ने व्यक्त किया। साथ ही नारी शक्ति बंदन कार्यक्रम का आज समापन भी हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह ने आए हुए महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं का उत्थान महिलाओं का स्वाभिमान, महीला का आर्थिक उत्थान, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री ने संकल्प लिया है। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक एवं मंडल के महामंत्री पवन कुमार शुक्ला ने खण्ड विकास अधिकारी देव कुमार एवं आए हुए समूह की महिलाओं एवं एनजीओ कार्यकताओं के प्रति आभार प्रकट करते धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह गप्पू , अंजू मौर्य, अविनाश शुक्ला, गीता भारतीय, रेशमा, माधुरी, गीता, प्रियंका, शिमला, राजकुमारी, इंदू , अंजना विश्वकर्मा, मनोरमा, संजय सिंह सहित आदि महिला एवं एनजीओ कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# समाजसेवी मुकेश द्विवेदी का मनाया गया जन्मदिन



**जसरा।** गौहनिया 99 स्टोर अवध बाजार में मंगलवार के दिन वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश द्विवेदी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें समाजसेवी पत्रकार साथी संभ्रांत लोग मौजूद रहे। इस मौके पर लोगों के अपने-अपने विचार भी रखें और वरिष्ठ समाजसेवी को शुभकामनाएं बधाई दी। देश विदेश में प्रसिद्ध जादूगर भार्गव जन्मदिन पर मुकेश द्विवेदी को बधाई देते हुए कहा कि क्षेत्र में सभी वर्ग व समाज के लोगों में व अपना एक अलग पहचान रखते हैं जो की बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने जादू के माध्यम से लोगों को खूब हंसाया। पूर्व ग्राम प्रधान लक्ष्मी शंकर तिवारी ने कहा कि समाज में जिस तरह से छोटे भाई मुकेश व अन्य साथी काम कर रहे हैं व सराहनीय है। सभी लोगों को जोड़कर एक मंच यह कारवां जरूर अपनी ऊंचाइयों पर पंहुचेगा। परवेज आलम सी.आई.बी के मंडल अध्यक्ष प्रयागराज ने कहा हमें गर्व है कि हमारे शहर में मुकेश द्विवेदी जैसे समाजसेवी है हर शहर हर प्रदेश में ऐसे ही समाजसेवी की जरूरत है हमें गर्व है कि हमारे पास ऐसे समाजसेवी हैं जो प्रयागराज का नाम रोशन कर रहे हैं ,इस दौरान ऋषभ द्विवेदी, मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी, आनंद जायसवाल, ठाकुर मणिराज सिंह, अशोक कुमार, निहाल अहमद, डॉक्टर मामून अहमद, राशिद हयात, राजेश कुशवाहा मोहम्मद हाशिम,विराट द्विवेदी,प्रधान शंकर लाल पांडे प्रधान गेंदालाल, अविनाश त्रिपाठ समाजसेवी ने शुभकामनाएं बधाई दी है।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## नहर के किनारे गेहूं के खेत में शव मिलने से फैली सनसनी

अखण्ड भारत संदेश।

### भाई के तहरीर पर मुकदमा दर्ज, एसीपी मेजा के साथ मांडा व लालगंज की पुलिस बल तैनात

**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के मांडा थानांतर्गत बनवारी खास नहर के किनारे गेहूं के खेत में शव मिलने से सनसनी फैली हुई है। सूचना पर एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता के साथ मांडा थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंचे जहां कि दो जनपद का बार्डर मिर्जापुर व प्रयागराज होने के कारण लालगंज थाने की पुलिस बल मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर शव मांडा पुलिस को सौंप दिया और पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के लिए प्रयागराज शहर भेज दिया है। मृतक के बड़े भाई के तहरीर पर आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

गौरतलब हो कि थाना लालगंज, जनपद मिर्जापुर गांव बनवारी कांतित निवासी उमा शंकर प्रजापति पुत्र स्व. राम नारायण प्रजापति ने मांडा थाने में तहरीर देकर बताया है कि मंगलवार शाम लगभग आठ बजे मेरे भाई मंगला प्रसाद प्रजापति उम्र 22 को मांडा थाना क्षेत्र के बनवारी खास निवासी प्रमोद कुमार प्रजापति पुत्र राम देव ने फोन कर बुलाया। उसके बुलाने पर भाई बाइक लेकर चला गया और काफी रात होने पर भाई जब घर नहीं लौटा तो वह उसके मोबाइल पर फोन लगाने लगा लेकिन फोन नहीं लगा । वह बुधवार को सुबह उसके घर गया और उससे पूछा तो उसने बताया कि चलो दिखाते हैं। एक लाश नहर पर फेंकी हुई है। जब वह मौके पर पहुंचकर देखा तो भाई ही और वह फफक फफक कर रो पड़ा। इसकी सूचना अपने घर वालों को दी।जानकारी पर मृतक की मां आशा देवी व बहन रामरति का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। घटना की जानकारी मांडा पुलिस को दी गई सूचना पर मांडा थाना प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंचकर कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए शहर भेज दिया और मृतक के भाई उमा शंकर प्रजापति के तहरीर पर नामजद आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। मृतक मंगल प्रसाद प्रजापति अपने चार भाइयों में सबसे छोटा था और वह मुम्बई में प्राइवेट कम्पनी में नौकरी करता था वह बारह दिन पहले घर पर आया था वही बुधवार को चचेरी बहन करीना की दोग था जिसमे वह भी शामिल था लेकिन अपने बड़े भाई उमा शंकर से बोला कि मेरा मित्र प्रमोद कुमार प्रजापति फोन किया है जाकर उससे मिलकर आधे घण्टे में आ रहा हूं। उधर प्रमोद कुमार प्रजापति ने अपने बड़े पिता पंचू राम प्रजापति के बेटे राम बालक प्रजापति का 3 मार्च को शादी में शामिल होने के लिए बाहर से आया था। महज दोनों के घर की दूरी लगभग छह सौ मीटर है लेकिन जनपद अलग है। मृतक अपने घर से मिलने के लिए बनवारी खास मांडा पहुंचा जहां कि उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतक मंगला प्रसाद प्रजापति के बहन रामरती की शादी 23 अप्रैल को सम्पन्न होनी थी लेकिन वह अपने बहन की हाथ पीले नहीं कर सका।

> मृतक के बड़े भाई उमा शंकर प्रजापति के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए शहर भेज दिया गया है। और मामले की जांच पड़ताल कराई जा रही है रिपोर्ट आने पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।
>
> **एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता**

## न्यूज झरोखा

### लक्ष्मण शक्ति संवाद सुनकर आंखों से छलके आंसू

#### करछना के ताला में श्री राम कथा के सातवें दिन जुटी भीड़




**करछना।** तहसील क्षेत्र के ताला गांव में बुधवार को श्री राम कथा के सातवें दिन विनोदानंद जी महाराज ने लक्ष्मण शक्ति प्रसंग का व्याख्यान किया। इस दौरान श्रोताओं की आंखों से आंसू छलक पड़े। ताला में श्री राम कथा के दौरान विनोदानंद जी महाराज ने कहा कि लक्ष्मण को शक्ति लगने के बाद राम व्याकुल हो गए। इस दौरान हनुमान ने उनकी मदद की। सूर्योदय से पहले संजीवनी लाकर लक्ष्मण की प्राण बचाए। भगवान राम भाई के मूर्छित होने पर काफी परेशान हो गए थे। भाई आपस में सबसे अच्छे मित्र और सहयोगी होते हैं। कथावाचक ने कहा कि भगवान राम आदर्श पुरुष हैं। कार्यक्रम के दौरान शिवप्रसाद शर्मा और संदीप शर्मा ने लोगों को प्रसाद बांटा। इस दौरान श्लोक मिश्रा, ओम प्रकाश शर्मा, अछ्य कुमार शर्मा , संतोष राय, नवीन राय, मंटू सिंह, समीर पांडे, धर्मेंद्र तिवारी आदि मौजूद

### देवेश तिवारी बने सब लेफ्टिनेंट स्वजन सहित लोगों में खुशी का माहौल



**सहसों।** क्षेत्र के दामोदरपुर उर्फ तिवारीपुर गांव निवासी भोले बाबा तिवारी सेवानिवृत्त सूबेदार भारतीय थल सेना के पुत्र देवेश तिवारी का भारतीय नौसेना में सब लेफ्टिनेंट के पद पर चयन होने से पारिवारी जनों सहित सगे संबंधियों एवं क्षेत्र वासियों में हर्ष का माहौल है। उनके इस चयन से उनके आवास पर पहुंच कर इष्ट मित्रों सहित क्षेत्र वासियों की शुभकामना तथा बधाई देने के लिए आवाजाही लगी हुई है। देवेश तिवारी ने इस सफलता का श्रेय माता-पिता सहित आदि परिवार के सदस्यों को देते हुए उन्होंने बताया कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा बोर्डिंग स्कूल से शुरू होकर 2015 में हाई स्कूल एवं 2017 में इंटरमीडिएट के वी हैदराबाद से पूरी की तत्पश्चात 2022 में बेंगलुरु से बीटेक की पढ़ाई कर स्नातक हुए। उसके तुरंत बाद उन्होंने नवल अकादमी से सब लेफ्टिनेंट की तैयारी कर सफलता हांसिल करते हुए भारतीय नौसेना में सब लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित हुए। चयन होने के पश्चात देवेश तिवारी सी डी एस विशाखापट्टनम में पद पर आसीन हुए। साकेत बिहारी तिवारी, अवधेश कुमार तिवारी, बाल गोविंद तिवारी, सृष्टि नाथ तिवारी, रजत तिवारी सहित आदि लोगों में खुशी व्याप्त है।

### विकास खंड परिसर में स्वयं सहायता समूह की बैठक




**मऊआइमा।** मऊआइमा ब्लाक परिसर में शक्ति बंधन अभियान, स्वंय सहायता समूह एवं एनजीओ संपर्क समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायिका निर्मला पासवान , मंडल अध्यक्ष रामसुंदर मिश्रा , आदेश पांडे , संतोष त्रिपाठी , शंभू नाथ पटेल ,राज करण सिंह , शैलेंद्र सिंह , अनुज शर्मा , केशव पासी , महेश माली , युवराज सिंह,शिव बाबू मोदनवाल , बीड़ीओ उमेश सिंह तथा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि इम्तियाज समी मऊआइमा मौजूद थे।

### मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में जाम की समस्याओं से तंग आ चुके हैं लोग

**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र के चुनौटा कुआं, सदर बाजार, गंजियाबाजार रोड,पुराना बस अड्डा,रेलवे क्रासिंग पर भीषण जाम से आज तक निजात नहीं मिल रही हैं। बताया गया है कि क्षेत्र के अधिकांश दुकानदारों द्वारा दुकानों का समान सडक की पटरियों पर रख देते हैं जिससे रोजमर्रा जाम लगता है। बताते हैं नगर पंचायत क्षेत्र के पटरियों पर दुकानदारों का अतिक्रमण कर लेने से रास्ता सकरा हो गया है। जिससे आवागमन बुरी तरह प्रभावित होने से लोगों को घुटनभरी जाम के झाम में फंसे रहना पडता है।कभी कभार यह भी होता है कि जाम में गंभीर रूप से बीमारों को अस्पताल ले जाते समय वह जाम में फंस गए जान दे देते हैं। नगर पंचायत द्वारा बराबर अतिक्रमण हटाने के लिए एलान तथा अखबारों में विज्ञापन दे रही है तथा कई बार अतिक्रमण हटवाया भी गया परन्तु दबंग दुकानदारों के कारण अतिक्रमण खाज में खुजली का काम कर रही है। स्थानीय लोगों ने अतिक्रमण हटवाने की मांग की है।

# विद्यालयों का कायाकल्प सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में एक है : पियूष रंजन






**करछना।** विकासखंड करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में संचालित प्राथमिक विद्यालयों का कायाकल्प सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत शामिल किया गया है जहां पर बच्चे नौनिहाल अपनी प्राथमिक शिक्षा ग्रहण करते हैं ऐसे विद्यालयों को सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार विद्यालयों को हाईटेक बनाने के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रही है सभी पंचायत में संचालित प्राथमिक विद्यालयों में कायाकल्प का कार्य युद्ध स्तर पर करके विधानसभा करछना को एक आदर्श विधानसभा बनाने पर प्रयास करें उक्त बातें विधायक करछना पियूष रंजन निषाद ने प्राथमिक विद्यालयों के कायाकल्प समीक्षा बैठक के दौरान ब्लाक परिसर के सभागार में आयोजित एक गोष्ठी में कहीं इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी खंड विकास अधिकारी बबीता गुप्ता सहित शिक्षा विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारी कायाकल्प के संबंध में विस्तार पूर्वक उपस्थित विद्यालय के प्राचार्य को गोष्ठी में संबोधित करते हुए कहीं आईएएस अधिकारी एसडीएम करछना जागृति अवस्थी ने कहा कि हमारे स्तर से जो भी प्रयास होगा हर संभव करने का प्रयास करेंगे विधायक पियूष रंजन ने कहा की जरूरत पढ़ने पर मैं अपनी निधि से विद्यालयों का कायाकल्प करने का संकल्प लेता हूं बैठक में शिक्षा विभाग स्वास्थ्य विभाग राजस्व विभाग विकास विभाग के संबंध सभी अधिकारी व कर्मचारी विभाग की और विद्यालयों से आए प्रधानाचार्य को संबोधित किया बैठक में प्रमुख रूप से सुरेश पांडेय प्रधान प्रतिनिधि पुरैनी सचिव कमल सिंह संजीव श्रीवास्तव राम सकल आशीष सिंह दीपेश सिंह दीप्ति मिश्रा ममता पांडे मनीष सिंह मनीष शुक्ला मनरेगा प्रभारी अक्षत सिंह बड़ी संख्या में ब्लॉक कमी सचिव प्रधान एवं विद्यालयों की शिक्षाएं उपस्थित रहे।



# 21 दिन से गायब किशोरी का सुराग नहीं, व्यापारियों ने घेरा थाना

**बारा/शंकरगढ़।** शंकरगढ़ की रहने वाली एक किशोरी करीब 21 दिनों से लापता है। अभी तक लड़की के नहीं मिलने से परिजन परेशान हैं। आरोप है कि किशोरी की खोजबीन में पुलिस गंभीरता नहीं दिखा रही है।बुधवार को पीड़ित परिवार संग शंकरगढ़ के व्यापारी थाना पहुंचे और धरने पर बैठकर किशोरी के बरामदगी की मांग करने लगे। हालांकि कुछ घंटे बाद अधिकारियों के आश्वासन पर धरना समाप्त हो गया। वहीं व्यापारियों ने चेताया कि अगर दो दिन के अंदर किशोरी बरामद नहीं होती तो पुनः धरना प्रदर्शन किया जाएगा। शंकरगढ़ थाना क्षेत्र की रहने वाली एक किशोरी 15 फरवरी से लापता है।पीड़ित परिजन समेत व्यापार मंडल शंकरगढ़ के लोगो ने एक विशेष समुदाय के युवक पर लव जिहाद का आरोप लगाते हुए,युवक द्वारा भगा ले जाने की बात कहते हुए बुधवार को थाना परिसर में धरने पर बैठ गए।आरोप है कि किशोरी को बरगलाकर एक युवक भगा ले गया है। परिजनों ने उसे एक गांव के व्यक्ति के साथ देखने की जानकारी दी थी। बताया कि उक्त गांव का व्यक्ति उसकी पुत्री को जबरदस्ती उठा ले गया है। उन्होंने नामजद तहरीर शंकरगढ़ थाने में दी थी। आरोप है कि रिपोर्ट दर्ज करने के बाद भी इलाकाई पुलिस ने अब तक किशोरी और आरोपी की तलाश नहीं की। इस मामले में एसीपी बारा संतलाल सरोज ने बताया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

# कैंब्रिज हाई स्कूल का एनुअल फेस्टिवल धूमधाम से संपन्न




**शंकरगढ़।** बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं, इसलिए हम लोगों का कर्तव्य है कि हम सभी इनके मनोबल को बढ़ाएं, जिससे यह देश की तकदीर लिख सकें। उक्त उद्गार मुख्य अतिथि मुरारी लाल अग्रवाल ने कैंब्रिज हाई स्कूल एंड कॉलेज में आयोजित सालाना जलसे में कहीं।

कैंब्रिज हाई स्कूल एंड कॉलेज पंखा टोला, शंकरगढ़ के एनुअल कल्चरल फेस्टिवल में बतौर मुख्य अतिथि मुरारी लाल अग्रवाल ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों की सराहना करते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत मां वीणापाणि की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। तत्पश्चात छात्र और छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसकी सभी ने सराहना किया।छात्रा उन्नति व उनकी टीम द्वारा सरस्वती वंदना, रागिनी व टीम द्वारा स्वागत गीत तत्पश्चात पलक, सृष्टि, आस्था, अभिषेक, अपर्णा, अंकित, जीविका, आस्था, अवनी, सिद्धि आदि द्वारा भजन, नृत्य व देशभक्ति से प्रेरित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसीतरह सुरेश कुमार ओम शांति के भजन ने कार्यक्रम में चार चांद लगाया। कॉलेज के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने सभी का आभार व्यक्त किया।इस मौके पर रामचंद्र त्रिपाठी, नरेंद्र शुक्ला, विद्यालय प्रशासनिक अधिकारी बालेंद्र पांडे, मनीशंकर दुबे, सौरभ प्रकाश, मनोज तिवारी, धर्मराज कुशवाहा, पंकज श्रीवास्तव, पंकज मिश्रा, सुधीर नारंग, रीता सुसारी, सिम्मी गुप्ता, मीरा श्रीवास्तव, राजेश गोस्वामी, रीना देवी, नवीन, अखिलेश पांडे ,स्मिता राय, मधु , रेखा, ऊषा सिंह, दीपक केसरवानी , अनुज पांडे , प्रीति सेन आदि शिक्षक, शिक्षिकाएं व अभिभावक गण उपस्थित रहे।

# मनरेगा कार्य के लम्बित भुगतान को लेकर प्रधानों की समीक्षा बैठक

### लम्बित भुगतान न होने की दशा में ताला बंदी की दी चेतावनी



**करछना।** विकासखंड करछना के ग्राम पंचायतों से उपस्थित प्रधानों की एक बैठक मनरेगा हाल में प्रधान संघ के अध्यक्ष अवतार किशन सिंह एडवोकेट के अध्यक्षता में आहूत की गई बैठक में विभिन्न ग्राम पंचायत से लाखों रुपए का भुगतान विगत 6 -7 महीने से मनरेगा मजदूरों की मजदूरी लेबरों , मनरेगा योजना के अंतर्गत कराए गए जॉब कार्ड धारकों तथा नाली खंडजा इंटरलॉकिंग आदि कार्यों के लम्बित भुगतान को लेकर काफी गहमागहमी के साथ रणनीति बनाकर एक मत से खंड विकास अधिकारी बबीता गुप्ता को पत्र के माध्यम से अवगत करा दिया गया की 11 मार्च तक लंबित भुगतान का हर हाल में सभी ग्राम पंचायत के भुगतान कराए जाएं अथवा 11 मार्च के बाद भुगतान न होने की दशा में विकासखंड के समस्त ग्राम पंचायत में कराए जा रहे हैं मनरेगा से संबंधित कार्य पूरी तरह से ठप कर दिए जाएंगे की चेतावनी भी दी गई इस मौके पर महामंत्री धीतेश तिवारी प्रधान पनासा नागेंद्र पांडे, प्रधान प्रतिनिधि धरवारा वीरू सिंह कमलाकांत शुक्ला राजकुमार पटेल सुनील कुमार मिथिलेश कुमार शैलेंद्र प्रताप सिंह धर्मराज पटेल आशीष पांडे दिवाकर सिंह आदि बैठक में शामिल है।

# पूर्वांचल क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु गठित पूर्वांचल विकास बोर्ड प्रयागराज मण्डल की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** उपाध्यक्ष, पूर्वांचल विकास बोर्ड, उत्तर प्रदेश नरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता व सदस्यगण जयप्रकाश निषाद, परदेशी रविदास, बौद्ध अरविन्द सिंह पटेल, विजय विक्रम सिंह, डॉ0 के0पी0 श्रीवास्तव, अशोक चैधरी, विजय शंकर यादव, जितेन्द्र पाण्डेय, ओम प्रकाश गोयल की उपस्थिति में मंगलवार को सर्किट हाउस के सभागार में प्रदेश के पूर्वान्चल क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु गठित पूर्वान्चल विकास बोर्ड की प्रयागराज मण्डल की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपाध्यक्ष ने सभी सदस्यों से पूर्वांचल का विकास कैसे हो, इसपर सभी सदस्यों से उनके विचार जाने। इसके साथ ही उन्होंने सदस्यों से जनपदों की समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। बैठक में सदस्यों द्वारा बेमौसम बरसात से किसानों को हुए नुकसान, बेलन व शारदा नहर की सिल्ट सफाई के कार्यों में लापरवाही, प्रयागराज शहर के निचले क्षेत्रों में बरसात के मौसम में होने वाले जल-जमाव से आने वाली समस्याओं, मेजा रोड़ पर बंद पड़ी मण्डी परिषद, पेंशन योजनाओं में तकनीकी समस्याओं से कुछ पात्र लोगो को पेंशन योजना का लाभ न मिलने, शंकरगढ़ में पॉवर प्लांट के लिए कम्पनी द्वारा ली गयी जमीन पर कार्य शुरू न होने तथा प्राथमिक विद्यालयों में शौचालयों की साफ-सफाई, छुट्टा पशुओं सहित अन्य समस्याओं के बारे में बताया गया, जिसपर उपाध्यक्ष महोदय ने मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी को इन सभी समस्याओं के समुचित समाधान कराये जाने लिए के निर्देशित किया।

उपाध्यक्ष महोदय ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि मृदा परीक्षण किसानों के लिए बहुत ही उपयोगी है। उन्होंने इस कार्य को ब्लाकों में पारदर्शी ढंग से कराये जाने के लिए कहा है। इसके साथ ही उन्होंने इस कार्य की जिओ टैगिंग भी कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने प्राथमिक विद्यालयों में बने शौचालयों एवं सामुदायिक शौचालयों की साफ-सफाई नियमित रूप से कराने तथा छुट्टा घूमने वाले पशुओं को गौशालाओं में संरक्षित कराये जाने के लिए कहा है। इसके साथ ही उन्होंने गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी प्रयास किए जाने के लिए कहा है। उपाध्यक्ष महोदय ने मण्डल में जहां पर भी सड़कों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, उसका लगातार निरीक्षण उच्चाधिकारियों को करते रहने के लिए कहा है। निरीक्षण के दौरान यदि कहीं पर भी सड़क निर्माण की गुणवत्ता में कमी पाये जाये, तो सम्बंधित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए, कृतकार्यवाही से अवगत भी कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने सौर ऊर्जा का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने के लिए जागरूक करने तथा इसका व्यापक प्रचार-प्रसार आम लोगो के बीच कराये जाने के लिए कहा है। उपाध्यक्ष महोदय ने सिल्ट सफाई के कार्य को सही ढंग से कराये जाने के लिए कहा है, जिससे नहरों में टेल तक पानी उपलब्ध हो सके। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को इसका निरीक्षण करते रहने के लिए कहा है। उपाध्यक्ष महोदय ने पीएचसी सेंटरों का लगातार निरीक्षण करते रहने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि पीएचसी सेंटरों में चिकित्सकों व दवाओं की उपलब्धता के साथ ही साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने पूर्वांचल विकास बोर्ड की निधि से जिन सड़कों का निर्माण कार्य स्वीकृत हो, उन सड़कों को समयबद्ध रूप से गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पूरा कराये जाने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही इनर रिंग रोड़, राम वन गमन मार्ग, लखनऊ-प्रयागराज सहित अन्य सड़कों के निर्माण कार्यों की प्रगति भी जानी। बोर्ड के द्वारा श्रमिकों का रजिस्टेशन अनिवार्य रूप से किए जाने एवं उनका ई-श्रमकार्ड बनाये जाने के साथ-साथ योजनाओं से लाभान्वित कराये जाने के लिए कहा है। इसी तरह से मत्स्य पालकों का प्रशिक्षण कराने तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने के साथ-साथ मत्स्य मेला लगाकर पात्रों को योजनाओं से लाभान्वित कराये जाने के लिए कहा है। बैठक में उपाध्यक्ष महोदय तथा सदस्यों के द्वारा पूर्वांचल विकास बोर्ड का स्थायी कार्यालय पूर्वांचल में बनाये जाने हेतु प्रस्ताव बनाये जाने के लिए कहा है। बैठक के अंत में मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने उपाध्यक्ष एवं सदस्यगणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उपाध्यक्ष एवं सदस्यगणों के द्वारा जो भी निर्देश दिए गए है, उसका अक्षरशः पालन करते हुए विकास कार्यों में और तेजी लायी जायेगी। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने उपाध्यक्ष एवं अन्य सदस्यगणों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उपाध्यक्ष एवं बोर्ड के सदस्यों के द्वार जो निर्देश दिए गए है, उनका कड़ाई से पालन कराया जायेगा। इस अवसर पर विशेष सचिव नियोजन प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव, निदेशक, क्षेत्रीय नियोजन बी0के0 अग्रवाल, नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग, मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज गौरव कुमार, कौशाम्बी, प्रतापगढ़ व फतेहपुर के मुख्य विकास अधिकारीगण के अलावा मण्डल के अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## महाकुंभ के दृष्टिगत क्रियान्वित की जा रही विभिन्न परियोजनाओं की हुई समीक्षा

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत क्रियान्वित की जा रही विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा आज प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई जिसमें मेला अधिकारी कुंभ मेला विजय किरन आनंद ने विभिन्न परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति के बारे में अवगत कराते हुए कुछ नए प्रस्तावों को उनके समक्ष रखे।श्रद्धालुओं के सुगम अनुभव हेतु सर्वप्रथम प्रयागराज में वर्ष पर्यंत सभी प्रमुख घाटों पर जेट्टीज की व्यवस्था, प्रयागवाल हेतु तखत सिस्टम, बोट बुकिंग सिस्टम, कम्युनिटी टॉयलेट, शॉप्स में एकरूपता, कंटेनर टॉयलेट, प्री-फैब टॉयलेट, वाटर एटीएम एवं स्टैंडपोस्ट, मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं के आवागमन हेतु चेकर्ड प्लेट्स वाले रास्ते एवं विद्युत व्यवस्था, मल्टीलिंगुअल साइन बोर्ड, वॉटर स्पोर्ट, फर्स्ट एड पोस्ट, ट्रैश स्कीम्र्स, टिप्पर्स और कंपैक्टर्स, गाइडेड टूर्स, बज्र बोट, क्रीमेशन हेतु बेटर फैसेलिटीज उपलब्ध कराने तथा घाटों पर कल्चरल कार्यक्रमों की भी व्यवस्था करने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई।महाकुंभ 2025 को और भव्य बनाने के दृष्टिगत सभी अनुभवी लोगों से मार्गदर्शन लेने हेतु प्रमुख सचिव ने कुछ सेमिनार करने के भी निर्देश दिए हैं जिसके अंतर्गत पूर्व में कार्यरत सभी अधिकारियों, स्टेकहोल्डर्स, एकेडमिक लोग, पब्लिक रिप्रेजेंटेटिव्स तथा अन्य लोगों को भी जोड़ा जाएगा। प्रमुख सचिव ने चौराहों के सुंदरीकरण हेतु डब्ल्यू आर आई से कंसल्ट करने तथा सभी चौराहों का विकास प्रयागराज की लेगसी और कल्चरल हेरिटेज को ध्यान में रखते हुए करने के निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त चौराहों के विकास में विजिबिलिटी और राउंड अबाउट पर सकुर्लेटिंग एरिया पर्याप्त मात्रा में छोड़ने के भी निर्देश दिए गए हैं। मेला अधिकारी ने अक्षय वट कॉरिडोर, भारद्वाज आश्रम कॉरिडोर, लेटे हुए हनुमान जी कॉरिडोर, विभिन्न मंदिरों पर कराए जा रहे कार्यों तथा महाकुंभ 2025 में लैंड एलोकेशन एवं उत्कृष्ट पार्किंग मैनेजमेंट हेतु जा रही प्लानिंग के बारे में भी अवगत कराया। इसके अतिरिक्त प्रयागराज के विभिन्न स्थानों पर लग रहे द्वारों की थीम तथा आसपास हरियाली विकसित करने के प्लान पर भी चर्चा की गई। प्रमुख सचिव ने हर द्वार पर प्रयाग की महिमा दशार्ने की बात कही। इन्वेंटरी मैनेजमेंट के दृष्टिगत नए मॉडल पर भी चर्चा की गई जिसके अंतर्गत क्यूआर कोड एवं ऐप बेस मॉनिटरिंग की सहायता लेते हुए इस बार इन्वेंटरी मैनेजमेंट पीएमआईएस पोर्टल के सहायता से की जाएगी।

# डीजी एनसीसी बोले : कैडेट्स को परंपरागत प्रशिक्षण के साथ एडवेंचर की भी दी जाएगी ट्रेनिंग



**प्रयागराज।** एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह, एवीएसएम, वीएसएम ने ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज के तहत इकाइयों में एनसीसी गतिविधियों की समीक्षा करने के लिए प्रयागराज का दौरा किया। जनरल ऑफिसर का ग्रुप मुख्यालय, प्रयागराज में मेजर जनरल विक्रम कुमार, एडीजी एनसीसी (डीटीई) यूपी द्वारा स्वागत किया गया और ब्रिगेडियर यू एस कांडिल, ग्रुप कमांडर, एनसीसी प्रयागराज द्वारा उन्हें प्रयागराज के तहत सभी एनसीसी इकाइयों के कैडेटों द्वारा की गई गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।जनरल ऑफिसर ने विभिन्न एनसीसी इकाइयों के अधिकारियों, एएनओ, पीआई स्टाफ और कैडेट्स के साथ बातचीत की और उच्च प्रदर्शन करने वाले एएनओ, कैडेट और स्टाफ को सम्मानित किया। 01 यूपी सीटीआर के लेफ्टिनेंट (डॉ.) दिव्य कुमार को डीजी एनसीसी कमेंडेशन कार्ड और डीजी एनसीसी मेडलियन से सम्मानित किया गया और अन्य चयनित एएनओ और कैडेट्स को प्रशंसा प्रदान की गई। इस यात्रा का मुख्य आकर्षण डीजी एनसीसी की 1 यूपी नेवल एनसीसी यूनिट की यात्रा थी जो कि प्रयागराज ग्रुप के तहत एकमात्र नौसेना इकाई है। यहां लेफ्टिनेंट जनरल गुरबिरपाल सिंह ने एनसीसी कैडेट्स द्वारा बनाए गए जहाज के मॉडलों का निरीक्षण करने में रुचि ली। उन्होंने इन विविध कामकाजी मॉडलों को तैयार करने में कैडेट्स और एएनओ के प्रयासों की सराहना की। जनरल ऑफिसर को यूनिट के सीओ कैप्टन वैभव त्रिपाठी और यूनिट के कैडेट्स द्वारा नौसेना एनसीसी कैडेट्स को दिए गए नौसेना प्रशिक्षण के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई। इसमें रोइंग सिम्युलेटर, शिप मॉडलिंग, सीमैनशिप, नेवल चार्टवर्क आदि पर ब्रीफिंग शामिल थी। उन्हें युवा कैडेट्स द्वारा रोइंग सिम्युलेटर का लाइव प्रदर्शन दिया गया। जनरल ऑफिसर ने एनसीसी इकाइयों, कैडेट्स और प्रशिक्षकों के प्रयासों की सराहा किया गया।

## हाईकोर्ट बार एसोसिएशन : नामांकन पत्रों की बिक्री के साथ चुनाव की प्रक्रिया शुरू, मतदाता सूची पर उठे सवाल

**प्रयागराज।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री के साथ मंगलवार से चुनाव प्रक्रिया की शुरूआत हो गई। उधर, मतदाता सूची से बाहर किए गए वकीलों के एक खेमे ने मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए जनहित याचिका दाखिल की है। याची वकीलों की ओर से त्वरित सुनवाई की गुजारिश की मुख्य न्यायधीश ने स्वीकार करते हुए बुधवार को सुबह 10 सुनवाई नियत की है। गौरतलब है कि हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के लिए 20 फरवरी को अंतरिम मतदाता सूची जारी कर 26 फरवरी तक आपत्तियां आमंत्रित की गई थी। जिसके बाद 28 फरवरी को जारी हुई अंतिम मतदाता सूची में भी तमाम खामियां उजागर हुई थी। हालंकि, विरोध के सुरों को भांप कर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने आनन फानन में फिर से सुधार कर सूची जारी की, लेकिन नई मतदाता सूची से तमाम ऐसे वकीलों के नाम गायब है जो हाईकोर्ट में सक्रिय रूप से वकालत कर रहे है और उनकी सदस्यता शुल्क भी जमा है।नतीजा मतदाता सूची से वंचित हुए वकीलों में गहरा आक्रोश है। अक्रोशित वकीलों ने मतदाता सूची में हुई गड़बड़ी के खिलाफ जनहित याचिका के जरिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। याची वकीलों का दावा है कि बार में लगभग 15 से 16 हजार सदस्य है। लेकिन मतदाता सूची में महज साढ़े नौ हजार वकीलों को ही मताधिकार दिया गया है।

# प्रगतिशील कृषकों को नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम के बारे में दिया गया प्रशिक्षण



**प्रयागराज।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के लखनऊ स्थित क्षेत्रीय केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र के प्रभारी डा. ज्ञान प्रकाश सिंह, संयुक्त निदेशक के निर्देशन एवं डा. मुकेश कुमार, जिला कृषि रक्षा अधिकारी के सहयोग से विकास भवन स्थित जिला कृषि रक्षा अधिकारी कार्यालय के सभागार में जिले के विभिन्न विकास खण्ड से आए हुए किसानों को नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम (एन पी एस एस) ऐप के बारे में भारत सरकार की टीम द्वारा प्रशिक्षित किया गया। केंद्रीय टीम के प्रभारी के पी पाठक, वनस्पति संरक्षण अधिकारी ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार के एन पी एस एस प्रशिक्षण कार्यक्रम से जनपद के किसान लाभान्वित होंगे और ऐप के माध्यम से फसलों में कीड़े-बीमारी का आई पी एम तकनीक से प्रबंधन कर कम लागत में दोगुनी आय प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने एन. पी. एस. एस. ऐप की वर्तमान उपादेयता एवं प्रासंगिकता के बारे में बताया। जिला कृषि रक्षा आधिकारी डा मुकेश कुमार ने बताया कि इस ऐप के माध्यम से कीट - व्याधियों के प्रबंधन में प्रयुक्त होने वाले भारत सरकार के केंद्रीय कीटनाशी बोर्ड एवं पंजीकरण समिति द्वारा संस्तुत रासायनिक कीटनाशकों का भी सुझाव प्राप्त होगा । उन्होने कहा कि फसलों में लगने वाले नुकसानदायक कीड़े एवं बीमारियों की पहचान एवं उनके प्रबंधन में यह ऐप अत्यन्त प्रभावी साबित होगा। सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि इस ऐप के माध्यम से प्रशिक्षित किसान फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीड़े - बीमारियों की पहचान आसानी से कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा तैयार किए गए एन पी एस एस ऐप के माध्यम से फसल को नुकसान पहुंचाने वाले कीड़े - बीमारियों की पहचान के साथ -साथ किसान अपने खेत से उन कीड़े - बीमारियों की फोटो के साथ आवश्यक डाटा फीडिंग करके सीधे कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार को अपने गांव से ही कीड़े - बीमारियों की सूचना भेज सकते हैं तथा उनके अत्यधिक प्रकोप की स्थिति में ऐप के माध्यम से ही उनके प्रबंधन से सम्बन्धित ऐडवाइजरी मोबाइल पर ही प्राप्त कर सकते हैं। सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी डा. केशवमूर्ति ने एन पी एस एस ऐप के उपयोग की विधि तथा पेस्ट सर्विलांस के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान किया। उन्होंने एन पी एस एस ऐप में किसानों को कीड़े बीमारियों के फोटो अपलोड करने एवं पेस्ट डेटा एंट्री की तकनीक के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान किया। राकेश मिश्रा, सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा ने किसानों को कीड़े - बीमारियों की पहचान के बारे में बताया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विकास खण्ड के प्रगतिशील कृषकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# नाला निर्माण में खामियां मिलने पर चला बुलडोजर





अखंड भारत संदेश

### महाकुम्भ 2025 के लिए झूंसी में सड़क चौड़ीकरण व नाला निर्माण में खामियां मिलने पर बुधवार को निर्माणाधीन नाले पर पीडीए ने चलाया बुलडोजर

**झूंसी।** महाकुम्भ 2025 के लिए झूंसी में सड़क चौड़ीकरण व नाला निर्माण में खामियां मिलने पर बुधवार को निमार्णाधीन नाले पर पीडीए का बुलडोजर चला। पूर्व चेयरमैन रमेश अग्रवाल ने कुम्भ मेला अधिकारी विजय किरण आनन्द से नई झूंसी से पुरानी झूंसी जाने वाले मार्ग पीडीए द्वारा कराए जा रहे नाला निर्माण में अनिमियत्ता की शिकायत की थी। कुम्भ मेला अधिकारी ने जांच कराई मौके से टीयूबी ने भी नमूना लिया था जांच में गड़बड़ी मिलने पर बुधवार को पीडीए के अधिकारियों की मौजूदगी में नाले पर बुलडोजर चलाया गया। मौके पर पहुचे पीडीए के अधिशासी अधिकारी एके सक्सेना निर्माण कार्य मे लगे ठेकेदार के बारे पूछा तो लोगो ने बताया कि वह नही आते अधिशासी अधिकारी ने ठेकेदार के मुंसी को फटकार लगाते हुए कहा कि जहा भी गड़बड़ी होगी सब तोड़ा जाएगा। वही मौके पर जुटे लोगो ने चौड़ीकरण नाप में गड़बड़ी की भी शिकायत की जिसपर जोनल अधिकारी एके गुप्ता ने कहा कि बीच से 6-6 मीटर दोनों तरफ तोड़ा जाएगा। छतनाग रोड़ पर भी निर्माण कार्य मे लग रही सामग्री की जांच के लिए भेजी गई है। गड़बड़ी मिलने पर वहा भी बुलडोजर चलेगा। पार्षद छतनाग शिवनारायण यादव ने अनिमियत्ता की शिकायत की थी।

# आपराधिक न्याय प्रणाली में हो रहा बदलाव, एक जुलाई से तीन नए कानून होंगे लागू

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** आपराधिक न्याय प्रणाली में बदलाव होने जा रहा है। एक जुलाई से तीन नए कानून लागू होने हैं। ये तीन कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम हैं। अब चूंकि नए कानून एक जुलाई से प्रभावी होंगे तो इसके पहले अफसरों को इसके बारे में हर बिंदु पर जानकारी दी जा रही है। प्रेजेंटेशन के जरिए हर पहलू पर बारीकियां बताई जा रही हैं। भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 के लागू होने से पहले बुधवार को पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर पुलिस लाइन में हाइब्रिड मोड में कार्यशाला हुई। पुलिस आयुक्त पुलिस आयुक्त रमित शर्मा, के साथ ही सभी उपायुक्त, अपर पुलिस उपायुक्त अपराध व सहायक पुलिस आयुक्त इसमें शामिल हुए।तीनों कानूनों को पिछले साल 21 सितंबर को संसद से मंजूरी मिली थी। उसके बाद 25 दिसंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी मंजूरी दी थी।इसमें अहम महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराध, संगठित अपराध, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिताः न्याय, भारतीय साक्ष्य अधिनियम में भी अहम प्रावधान हैं। इन बदलावों में भारतीय न्याय संहिता ने यौन अपराधों से निपटने के लिए 'महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराध' नामक एक नया अध्याय पेश किया गया है।

## न्यूज झरोखा

### जेपी मोटर्स ने अधिवक्ता रत्नेश कुमार शुक्ला को लीगल एडवाइजर के पद पर किया नियुक्ति



**प्रयागराज।** जेपी मोटर्स ने जिला कचहरी उपभोक्ता फोरम के लिए लीगल एडवाइजर नियुक्त किया है। कंपनी ने वरिष्ठ अधिवक्ता रत्नेश कुमार शुक्ला को उपभोक्ता फोरम जिला कचहरी संपूर्ण कार्य देखने की अनुमति प्रदान की है।गौरतलब है कि जनपद प्रयागराज स्थित 34/1 हासिमपुर रोड कमला नेहरू हॉस्पिटल के सामने जेपी मोटर्स का शोरूम है। जेपी मोटर्स ऑथराइज्ड डीलर के रूप में कार्य करता है। जेपी मोटर्स उपभोक्ता फोरम जिला कचहरी में कंपनी के संपूर्ण कार्य देखने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता रत्नेश कुमार शुक्ला को नियुक्त किया है। जिला कचहरी के वरिष्ठ अधिवक्ता रत्नेश कुमार शुक्ला जेपी मोटर्स कंपनी की तरफ से उपभोक्ता फोरम में सभी मुकदमे नोटिस लेनदेन आदि संबंधित सभी कार्य का अधिकार प्रदान किया गया है। रत्नेश कुमार शुक्ला कंपनी का संपूर्ण कार्य देखेंगे। इसके लिए उनको कंपनी की तरफ से सैलरी भी प्रदान की जाएगी। रत्नेश कुमार शुक्ला वरिष्ठ अधिवक्ता की पंजीयन संख्या व़ढ9712 / 1999 है। बता दें कि जेपी मोटर्स ने अधिवक्ता रत्नेश कुमार शुक्ला को कंपनी के लीगल एडवाइजर के पद पर नियुक्त करते हुए नियुक्ति पत्र जारी किया है। जिसमें कंपनी के द्वारा बताया गया है कि रत्नेश कुमार शुक्ला को कंपनी वैतनिक रूप से लीगल एडवाइजर के पद पर नियुक्त करती है। लीगल एडवाइजर के पद पर रत्नेश कुमार शुक्ला को नियुक्ति पत्र जारी होने की खुशी में संपूर्ण अधिवक्ताओं में खुशी की लहर है।

### सर्विलांस की मदद से 10 मल्टीमीडिया फोन बरामद



**झूंसी।** माघ मेले में खोए 10 मल्टीमीडिया फोन सर्विलांस की मदद से पुलिस ने बरामद कर। बुधवार को लोगो को सौप दिया। खोये फोन पाकर लोगो के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। थाना प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सभी के मोबाइल माघ मेला क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर खोए थे। जिनकी गुमशुदगी दर्ज थी। एसएसआई जय नारायण पांडेय, एसआई मुकेश कुमार पाल व कम्प्यूटर ऑपरेटर मनोज यादव ने सर्विलांस की मदद से फोन बरामद कर उनके मालिको को सौंप दिया गया।

### अमरमणि की संपत्ति होगी कुर्क, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एमपी एमएलए कोर्ट के आदेश पर नहीं लगाई रोक

**प्रयागराज।** यूपी के पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी की संपत्तियां कुर्क होगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बस्ती की स्पेशल एमपी/एमएलए कोर्ट के आदेश पर रोक नहीं लगाई है। बस्ती की स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट ने अमरमणि त्रिपाठी को फरार घोषित किया है। यूपी के डीजीपी और प्रमुख सचिव गृह से उसकी संपत्तियों को जल्द से जल्द कुर्क करने का आदेश दिया है। एमपी/एमएलए कोर्ट के आदेश के खिलाफ अमरमणि त्रिपाठी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। अमरमणि त्रिपाठी की इस याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में जस्टिस संजय कुमार सिंह की सिंगल बेंच में सुनवाई पूरी हो गई। सुनवाई के दौरान अमरमणि त्रिपाठी द्वारा दाखिल किए गए रिकार्ड और यूपी सरकार के हलफनामे में तारीखों पर अंतर पाया गया। इस पर हाईकोर्ट ने बस्ती की स्पेशल कोर्ट से आर्डर शीट के रिकॉर्ड सील बंद लिफाफे में पेश करने को कहा है। अब हाईकोर्ट में 15 मार्च को इस मामले की अगली सुनवाई होगी। बुधवार को हुई सुनवाई में अदालत ने स्पेशल कोर्ट के आदेश पर रोक लगाए जाने की अमरमणि त्रिपाठी की मांग को ना मंजूर कर दिया। हाईकोर्ट ने इस मामले में अंतरिम आदेश पारित नहीं किया।

# अखिलेश की पुरानी फोटो शेयर कर आपत्तिजनक टिप्पणी

### बीजेपी आईटी सेल पर तस्वीर वायरल करने का आरोप, सपा नेताओं ने की कार्रवाई की मांग

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** माफिया अतीक कब्र की फोटो से छेड़छाड़ कर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को बदनाम करने की कोशिश की गई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक फोटो वायरल हो रही है।जिसमें अतीक की कब्र पर अखिलेश यादव के फूल चढ़ाने की फर्जी तस्वीर लगी है। इस पर सपा नेताओं ने नाराजगी जताई है। प्रयागराज के जार्जटाउन थाने में उन्होंने तहरीर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तस्वीर वायरल करने वाले मनोज श्रीवास्तव नाम के शख्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है।बीजेपी के आईटी सेल पर अखिलेश की छवि खराब करने का आरोप। सपा नेता संदीप यादव का कहना है कि मनोज श्रीवास्तव लगातार अखिलेश यादव के खिलाफ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अनर्गल और आपत्तिजनक टिप्पणी करता रहता है। अतीक की कब्र पर फूल चढ़ाने की जो तस्वीर मनोज श्रीवास्तव ने अपने अकाउंट पर शेयर की है वह पूरी तरह से फर्जी है। तस्वीर बनाई गई है। सपा नेताओं का कहना है कि यह तस्वीर मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि देने पहुंचे अखिलेश और डिंपल यादव की तस्वीर से छेड़छाड़ कर बनाई गई है। सपा नेताओं का कहना है कि अखिलेश यादव कभी भी अतीक अहमद की कब्र पर नहीं गए। अखिलेश यादव की छवि खराब करने के लिए बीजेपी के आईटी सेल की तरफ से तस्वीर वारयल की गई है। मनोज श्रीवास्तव नाम के जिस शख्स ने तस्वीर वायरल है वो प्रयागराज का ही रहने वाला है।

# विद्यालयों में कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक

**मऊआइमा।** मऊआइमा विकास खंड सभागार में कायाकल्प के अंतर्गत 19 पैरामीटर के द्वारा कराए जा रहे विद्यालय में कार्यों की समीक्षा बैठक बीडीओ उमेश सिंह एवं खंड शिक्षा अधिकारी बिमलेश कुमार त्रिपाठी के अध्यक्षता मे आयोजित की गई । बैठक में 56 गांव सभा के ग्राम पंचायत अधिकारी नब्बे विद्यालय की प्रधान अध्यापक सम्मिलित हुए जिसमें विस्तृत रूप से समस्त विद्यालयों में कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई तथा जहां काम चल रहा है उसकी समीक्षा और जहां बंद है उसको अति शीघ्र पूर्ण कराने के लिए निर्देश दिए । कार्यक्रम में मुख्य रूप से लाल बहादुर यादव, राजेश वर्मा, सईद अब्बासी, रामजी तिवारी, मोहम्मद यासिर, जय लक्ष्मी, सीमा, क्षमा मिश्रा छोटे लाल यादव, फूलेश्वर यादव, रूदेश यादव मो शफी आदि मौजूद रहे।

# पूर्व सांसद बाल कुमार पटेल को हाईकोर्ट से झटका, धोखाधड़ी के मामले में जमानत याचिका खारिज

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मिजार्पुर से समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद बाल कुमार पटेल को तगड़ा झटका दिया है। बालू व्यवसायी रमाकांत त्रिपाठी को ओर से 65 लाख रुपये के गबन और धोखाधड़ी के आरोप में दर्ज मामले में उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी है।मामला बांदा जिले के कोतवाली नगर का है। बांदा निवासी बालू व्यवसायी रमाकांत त्रिपाठी और इनके बीच बालू व्यवसाय को लेकर हुई रूपयों के लेनदेन का विवाद 2017 में शुरू हुआ। रमाकांत त्रिपाठी की ओर से दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 156 (3) तहत दाखिल अर्जी पर कोतवाली नगर पुलिस ने पूर्व सांसद के खिलाफ 11 अक्तूबर 2020 को 65 लाख रूपए गबन करने और धोखाधड़ी के आरोप में एफआईआर दर्ज की थी, जिसकी विवेचना के बाद बांदा की एमपी/ एमएलए कोर्ट ने आरोप पत्र दाखिल हुआ था।

बालकुमार ने इस मामले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया था, लेकिन राहत न मिलने पर 18 अगस्त को ट्रायल कोर्ट के समक्ष समर्पण कर दिया और तब से वह बांदा जेल में बंद है। जमानत याचिका के साथ उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख किया था, लेकिन हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी।

# सभी अधिकारी सौंपे गये कार्य को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से करें: डीएम

## लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत डीएम ने प्रभारी अधिकारियों के साथ की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के कार्य को सफलतापूर्वक समय से सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में समस्त उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार को निर्देशित किया कि पिछले चुनाव में जिन बूथों पर घटनायें घटित थी एवं मतदान में व्यवधान डाला गया था ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित करके उन्हें सचेत किया जाये जिससे लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराया जा सके।

उन्होने निर्देशित किया कि अपने अपने क्षेत्र के अन्तर्गत बूथों का भ्रमण कर समस्त व्यवस्थायें पहले से दुरूस्त एवं अपने-अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ बैठक करा लें।


लोकसभा सामान्य निर्वाचन सम्बन्धी बैठक में बोलते जिलाधिकारी।

जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रायः यह देखा जाता है कि अध्यापक गलत तरीके से बीमारी का बहाना बनाकर चुनाव ड्यूटी नही करना चाहते है एवं चुनाव ड्यूटी कटवाने के सम्बन्ध में लगे रहते है इसके लिये बैठक कर यह सुनिश्चित कर लिया जाये यदि किसी को गम्भीर बीमारी या अन्य जटिल समस्या हो तो उसको पहले से ही अवगत करा दें जिससे सम्बन्धित की ड्यूटी न लगायी जा सके, यदि चुनाव ड्यूटी लगने के बाद कोई व्यवधान उत्पन्न होता है तो उसके लिये जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जिम्मेदार होगें। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन के दौरान जो भी टीमें गठित की गयी है उनका प्रशिक्षण समय से करा लिया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने मतदान कार्मिक, मतगणना कार्मिक, माइक्रो प्रेक्षक, सहायक व्यय प्रेक्षक, सेक्टर/जोनल मजिस्टेªट, ईपीडीएस व्यवस्था, शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा वलनैरैबिलिटी मैपिंग, वाहन/ईधन व्यवस्था, मतपत्र व्यवस्था, मतदान/मतगणना कार्मिकों, माइक्रो प्रेक्षकों, सहायक व्यय प्रेक्षकों, सेक्टर/जोनल मजिस्टेªटों आदि का प्रशिक्षण, टेन्ट, फर्नीचर बैरीकेडिंग एवं विद्युत व्यवस्था, लेखन सामग्री/निर्वाचन सामग्री, इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन एवं वी0वी0 पैट व्यवस्था, मतदान पार्टी प्रस्थान तथा वापसी, मतदाता सूची व्यवस्था, मतगणना व्यवस्था, सांख्यकीय सूचनाओं के प्रेषण की व्यवस्था एवं डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन मैनेजमेन्ट प्लान तथा अन्य बुकलेट, भोजन एवं खान पान व्यवस्था, मतगणना के पश्चात् ईवीएम एवं वीवी पैट की सुरक्षा, कन्ट्रोल रूम व्यवस्था, प्रभारी अधिकारी वीडियोग्राफी, वेब कास्टिंग, मानचित्र, रूट चार्ट एवं सेक्टर/जोन का गठन, प्रभारी अधिकारी निर्वाचन व्यय लेखा तथा यात्रा भत्ता, प्रभारी अधिकारी पेड न्यूज, प्रभारी अधिकारी डाक इन्डेक्स, प्रभारी अधिकारी स्वीप आदि की बिन्दुवार समीक्षा की गयी एवं सम्बान्धित प्रभारी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि नामित समस्त अधिकारी अपने सौपे गये कार्य/दायित्व को भलीभांति, कुशलतापूर्वक, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से समयान्तर्गत सम्पन्न कराने के प्रति उत्तरदायी होगें। यदि किसी कार्य के सम्पादन में कोई कठिनाई हो रही है तो उसे उप जिला निर्वाचन अधिकारी अथवा जिलाधिकारी के संज्ञान में लाकर उसका निराकरण करते हुये आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सम्पन्न करायेगें। बैठक में पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, परियोजना निदेशक डीआरडीए डा0 आर0सी0 शर्मा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह सहित समस्त उपजिलाधिकारी, प्रभारी अधिकारी एवं निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के संगठन की मजबूती पर दिया गया बल

### मीरा भवन कार्यालय पर हुआ बूथ प्रशिक्षण कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के संगठन को चुस्त-दुरुस्त बनाने तथा बूथ स्तर पर मजबूती के उपायों पर विशेष रूप से प्रशिक्षण को लेकर बुधवार को मीरा भवन कार्यालय में बूथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष साबिर अली ने किया संचालन अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला महासचिव अनीस अहमद ने किया।

उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव प्रयागराज मंडल प्रभारी डॉक्टर रिजवी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रतापगढ़ प्रभारी हाजी मोहम्मद हारून समाजवादी पार्टी के आयोजित कार्यक्रम में जिला स्तरीय पदाधिकारियों की मौजूदगी रही। इस मौके पर लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर मंत्रणा करते हुए बूथ स्तर पर संगठन के मजबूती पर रणनीति तैयार कर लोगों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉक्टर रिजवी ने बूथ मैनेजमेंट, वोटर लिस्ट के साथ बूथ कमेटियों पर चर्चा करते हुए समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों के ऊपर सबसे ज्यादा अत्याचार हो रहा तो इस समय हो हैं सपा लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर एसपी पटेल ने कहा कि चार किलो अनाज देकर उनसे डीजल पेट्रोल में 35 रुपये लिए जा रहे हैं और महिलाएं रात में गहने पहन कर भी घूम सकती हैं परंतु इस वक्त ऐसा हो रहा की महिलाएं घरों में ही गहने पहनकर नहीं रह सकती इस समय अत्याचार चरम पर है। इस मौके पर जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष आजाद सिद्दीकी, इस्लाम अंसारी, जाने आलम, वसीम रिजवी, अहिया खान, शराफत अली, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ विधानसभा अध्यक्ष शमसुद्दीन, निजाम, दिलशाद अहमद, मकसूद, अब्बास, प्रतापगढ़ नगर अध्यक्ष निसार अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

# देल्हूपुर बाजार व्यापार मण्डल के अध्यक्ष बने मो0 अब्दुल्ला

### उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार ने किया इकाई का गठन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी की अध्यक्षता व ज़िला महामंत्री संजय सोनी के संचालन में देल्हूपुर बाज़ार व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित इकाई के गठन का कार्य सम्पन्न हुआ।

बैठक में जिला कमेटी के कोषाध्यक्ष अभय खण्डेलवाल, उपाध्यक्ष संजीव जायसवाल, मंत्री राहुल केसरवानी, विधिक सलाहकार लोकप्रिय एडवोकेट सतीश सिंह, मीडिया प्रभारी जगदीश मौर्य (जंबो) और उद्योग मंच के अध्यक्ष परितोष शुक्ला, कोषाध्यक्ष अजय तिवारी, महामंत्री आशुतोष सिंह आदि मौजूद रहे। इस दैरान पदाधिकारियों एवं सदस्यों की घोषणा की गई जिसमें देल्हूपुर बाज़ार अध्यक्ष मो. अब्दुल्ला, संरक्षक अरविंद सिंह प्रधान, डॉ परवेज़ खान, लालजी जायसवाल, महामंत्री कौशलेंद्र विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष सुशील कुमार जायसवाल, उपाध्यक्ष विपिन सिंह, दिलीप सिंह, दस्ताने हक, दिलीप जायसवाल, मंत्री सुंदरम गुप्ता, अनिल शर्मा, मो. आसिफ, अनूप सोनी, विनोद जायसवाल, मो. हसन, संगठन मंत्री वासिक हार्डवेयर, दीपक सोनी, रफीक अहमद, ननकू राम गुप्ता, अफसार अहमद, सुशील कुमार तिवारी, प्रचार मंत्री सोहेल अहमद, विधिक सलाहकार सत्य प्रकाश एडवोकेट, मीडिया प्रभारी अहदेव दशरथ तिवारी, आयव्यय निरीक्षक डॉ अरूण विश्वकर्मा चुने गये। इसके अलावा सदस्यगणों में विजय केसरवानी, एस कुमार मौर्य, राकेश यादव, मनोज केसरवानी, संजय मौर्य, मनोज पटेल उर्फ लाला, विनोद पटेल गब्बर, सुनील सोनी, सलीम मेडिकल स्टोर, अयाज मेडिकल स्टोर, मोहम्मद मोइन, निजाम क्लॉथ स्टोर, अख्तर मेडिकल स्टोर, पवन कुमार नाटे स्वीट हाउस, अशोक गुप्ता जय गुरुदेव, मोहम्मद कैफ, रियाज क्लॉथ स्टोर, वकील अहमद, मोहम्मद शाहिद, गोलू जायसवाल, गुलहसन, मोहम्मद सिताब, जलाल अंसारी, लल्लू खाद वाले, अल्ताफ टेलीकॉम, प्रहलाद विश्वकर्मा, अमित संजीवनी पैथ लैब, श्याम ऑटो गैरेज, रमेश विश्वकर्मा, निसार अहमद, मो. अहमद अहमद इंटरप्राइजेज आदि मनोनीत हुए।


व्यापार मण्डल की इकाई गठन के मौके पर मौजूद पदाधिकारीगण।

## शिवाला महोत्सव का आयोजन आज से

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर क्षेत्र के पूरे ईश्वर नाथ के शिवाला मंदिर पर शिवाला महोत्सव का आयोजन सात मार्च से होगा। महोत्सव में भक्ति-संस्कृति की धारा बहेगी। इस दौरान निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप के साथ विविध भक्ति-सांस्कृतिक कार्यक्रम व विराट कवि सम्मेलन एवं मनोहारी झांकियां के साथ जागरण तथा विशाल भंडारा का भी आयोजन किया गया है। महोत्सव में मुम्बई, दिल्ली व प्रयागराज के साथ स्थानीय कवि,गायक व कलाकार शिरकत करेंगे। इस दौरान महाशिवरात्रि के एक दिन पूर्व 07 मार्च भगवान भोलेनाथ के पूजन अर्चन के साथ दोपहर 12 से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर से होगा महोत्सव का आगाज होगा। महाशिवरात्रि पर प्रातः काल भगवान शिव के जलाभिषेक के साथ 11 बजें से कार्यक्रमों का शुभारंभ होगा।

# महिलाओं में सुरक्षा व आत्म विश्वास भाजपा शासन में बढ़ा: हरिप्रताप सिंह

### नगर पालिका परिसर में नारी शक्ति वंदन अभियान का पीएम का लाइव प्रसारण देखा महिलाओं ने

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका परिसर में आज नारी शक्ति वंदन अभियान का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लाइव प्रसारण स्वयं सहायता समूह व एनजीओ की बड़ी संख्या में महिलाओं ने देखा। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह को मुख्य अतिथि के रुप में आना था लेकिन अस्वस्थ होने के कारण उन्होंने आनलाइन शुभकामनाएं दी।

वहां मौजूद नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने कहा कि नारी सशक्तिकरण का जितना कार्य भाजपा शासन में हुआ, इसके पहले कभी नहीं हुआ था। यही कारण है कि आज महिलाओं में सुरक्षा व आत्म विश्वास बढ़ा है। आज महिलाएं निडर हो करके बाहर निकलती हैं और आवश्यकता पड़ने पर 1090 का प्रयोग करती हैं। इस अवसर पर नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील ने कहा कि सरकार द्वारा नारी सशक्तीकरण के अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं जिसका महिलाओं को भरपूर लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्षा रुचि केसरवानी, सारिका श्रीवास्तव, कुसुम सिंह, कामिनी श्रीवास्तव, सुष्मिता सहित लगभग डेढ़ सौ महिलाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम में नगर पालिका के आरआई लाल बहादुर सिंह, राजेश बिंद, जेई सभापति यादव, मिथिलेश सिंह, अनिल जायसवाल, सभासद विनोद रजत आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने किया।


नगर पालिका परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद नपाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह।


मॉडल प्राइमरी स्कूल में मौजूद चिकित्सकों की टीम।

## डेन्टिस्ट डे पर बच्चों के मुंख और दांत का हुआ चेकअप

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नेशनल डेन्टिस्ट डे के अवसर पर दन्त चिकित्सा संघ के चिकित्सकों ने मॉडल प्राइमरी स्कूल, पुलिस लाइन, नगर क्षेत्र, प्रतापगढ़ में डेन्टल कैम्प का आयोजन किया जिसमें स्कूल के सभी छात्र/छात्राओं के मुख एवं दांत का चेकअप किया गया। बच्चों को टूथपेस्ट, माउथवाश एवं जरूरी दवाओं का भी वितरण किया गया। स्कूल की अध्यापिका श्रीमती उर्मिला ने कैम्प को सफल बनाने में मदद की। कैम्प में दन्त चिकित्सा संघ के अध्यक्ष डॉ0 शम्स, सेक्रेटरी डॉ0 अजय सिंह, वाइस प्रेसिडेन्ट डॉ0 इम्तियाज, ज्वाइन्ट सेक्रेटरी डॉ0 सर्वेश, सहायक सेक्रेटरी डॉ0 हिमांशु, सी0डी0एच0 चेयरमैन डॉ0 एकता द्विवेदी, ऐडिटर जनरल डॉ0 विवेक, ई0सी0 मेम्बर डॉ0 अजय कुमार एवं डॉ0 प्रशान्त तिवारी उपस्थिति रहे। सभी चिकित्सकों के सहयोग से आज एक उत्तम कार्य सम्पन्न हो पाया। डॉ0 सुधाकर सिंह, डॉ0 अनवर अहमद एवं डॉ0 रविशंकर पाण्डेय ने कैम्प की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह का निःशुल्क चिकित्सा कैम्प प्रत्येक महीने कहीं न कहीं लगातार होता रहेगा। यह जानकारी सेकेटरी डा0 अजय सिंह ने दी।

# रोजगार मेले में 43 प्रशिक्षणार्थियों को किया गया चयनित

### शिव कुमार दूबे इंटर कालेज नवदेड़ा में लगा मेला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, आई0टी0आई0 एवं जनपद के अन्य प्रशिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगार/स्वरोजगार में नियोजित करने के उद्देश्य से दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अन्तर्गत उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, राजकीय आईटीआई के संयुक्त तत्वाधान में जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा के निर्देशानुसार द्वितीय चरण में विकास खण्ड स्तरीय वृहद रोजगार मेला शिव कुमारी दूबे इण्टर कालेज नवदेड़ा गौरा में आयोजित किया गया।

रोजगार मेले का उद्घाटन कुन्ती देवी महाविद्यालय गौरा की प्राचार्य डॉ0 हाजरा बेगम द्वारा किया गया। रोजगार मेला में उ0प्र0 कौशल विकास मिशन एवं दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, आई0टी0आई0 एवं जनपद के लगभग 242 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रतिभाग किया तथा 106 प्रशिक्षणार्थियों ने साक्षात्कार दिया एवं नियोक्ता कम्पनी सुब्रोस लिमिटेड, ब्राइट फ्यूचर, मदरसन, सुमी, जी0 फोर सिक्योरिटी द्वारा लगभग 43 प्रशिक्षणार्थियों को चयनित करते हुये उन्हें रोजगार/स्वरोजगार के नये अवसर मुहैया कराया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डा0 हाजरा बेगम ने चयनित प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनायें दी और कहा कि उ0प्र0 सरकार प्रदेश के विकास व गरीबों के उत्थान और युवाओं को रोजगार देने के लिये संकल्पित है। इस योजना के माध्यम से समाज के अल्प शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को मुख्य धारा से जोड़ने तथा अपनी आजीविका अर्जन हेतु सक्षम बनाये जाने की दृष्टि से विभिन्न टेªडों में तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करते हुये रोजगार उपलब्ध करा रही है तथा रोजगार पाने और आत्मनिर्भर बनने का मौका दे रही है। कार्यक्रम आयोजक नोडल प्रधानाचार्य/जिला समन्वयक उ0प्र0 कौशल विकास मिशन बीरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि चयनित प्रशिक्षणार्थी नौकरी करने जरूर जायें, उन्हें इस अवसर को व्यर्थ में गवाना नहीं चाहिये। अतिथियों द्वारा चयनित प्रशिक्षणार्थियों को नियुक्ति पत्र व प्रमाण पत्र का वितरण किया। कार्यक्रम में कुन्ती देवी महाविद्यालय गौरा की उप प्राचार्य डा0 क्षमापति त्रिपाठी, जिला कौशल प्रबन्धक वंदना सिंह, मृत्युंजय पाण्डेय, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक रवीन्द्र पाण्डेय सहित पूर्णांशु ओझा, प्रो0 शरद पाण्डेय, हरीश मिश्रा, डा0 कमल प्रकाश, राजेश प्रजापति व प्रशिक्षण प्रदाता तथा नियोक्ता कम्पनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।


रोजगार मेले में मौजूद अधिकारी व प्रशिक्षणार्थीगण।

## मोदी की गारंटी वैन को जिलाध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना


हरी झण्डी दिखाकर वैन को रवाना करते जिलाध्यक्ष।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भाजपा कार्यालय से जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव ने मोदी की गारंटी वैन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि मोदी जी भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाना चाहते हैं और इसके लिए आज प्रतापगढ़ में मोदी की गारंटी वैन पूरी लोकसभा में मोदी सरकार के 10 वर्षों का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करने का काम करेगी। इस वैन की सुझाव पेटिका भी होगी। सभी लोगों को अपने सुझाव विकसित भारत संकल्प के लिए देना है, उसको भाजपा अपने संकल्प पत्र में स्थान देगी। इस अवसर पर जिला संयोजक व जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ल, पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी, जिला सह मीडिया प्रभारी देवेश त्रिपाठी, ऋषि उपाध्याय, अनुराग सिंह, देवराज नंदन ओझा, अभय सिंह, सुजीत पांडेय, रोहित सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### हाईस्कूल चित्रकला में 36690 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, इंटर में 23 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल की प्रथम पाली में चित्रकला की परीक्षा रही जिसमें 36690 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 3765 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। हाईस्कूल की इस परीक्षा में 40455 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे।

इसी प्रकार इंटर मीडिएट कास्त शिल्प, सिलाई, व्यवसायिक विषय की परीक्षा में 562 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इस परीक्षा में 585 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे। इस प्रकार इंटर की परीक्षा में केवल 23 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई। दूसरी पाली में इंटर इतिहास था जिसमें 7577 परीक्षार्थियों में 6950 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 627 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# बारिश का पानी निकालने के विवाद को लेकर मारपीट तीन घायल, एक रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बारिश का पानी निकालने के के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसमें तीन लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को अस्पताल लेकर आए जहां से एक महिला की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के भीटार गांव के रहने वाले नीरज व कंचन दूसरे पक्ष से अरविंद मंगलवार की देर शाम रोड के किनारे से पानी निकालने के विवाद को लेकर दोनों पर आमने सामने हो गए। और देखते ही देखते लाठी डंडे चलने लगे। जिसमे तीन लोग घायल हो गए। सुचना पर पहुंचे पुलिस घायलों को सीएचसी आई जहां पर कंचन की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

## पारिवारिक विवाद को लेकर तीन को पीटा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पारिवारिक विवाद को लेकर बड़े भाई ने भाभी और भवहू व छोटे भाई को लाठी डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को अस्पताल लेकर आई पीड़ित ने मामले में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के बीबीपुर गांव के रहने वाले विक्रम ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि बड़े भाई ने बुधवार की सुबह पारिवारिक विवाद के चलते मारने पीटने लगे। जिसमें अनीता, रेनू, शेर उर्फ शिव शरण, को लाठी डंडे से मारने पीटने लगे। हल्ला गुहार होने पर आसपास के लोगों के आ जाने से किसी तरह पीड़ितों की जान बची। मामले में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच-पड़ताल शुरू कर दिया है। वहीं दूसरी घटना में सदहा गांव की रहने वाली भाना देवी ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी आबादी की जमीन में पड़ोसियों द्वारा जबरन रास्ता बनाने का प्रयास कर रहे थे। जिसे मना करने पर उक्त लोगों ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

## बेटी के विवाह का सामान खरीद ने बाजार आए अधेड़ की अचानक हुई मौत

### बेटी की डोली उठने के पहले ही उठी पिता की अर्थी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तीसरे नंबर की बेटी को विदा करने का के अरमान को लेकर पट्टी बाजार में सामान की खरीदारी करने आए अधेड़ की अचानक मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर चले गए। घर पर कोहराम मच गया।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के विरौती गांव निवासी मुन्नालाल गुप्ता उम्र (45) वर्ष को चार बेटियां और एक बेटा है। मुन्ना अपनी दो बेटियों ज्योति व वर्षा की शादी कर चुका है। तीसरी बेटी अंतिमां की बुधवार को बारात आनी है। जिसकी शादी के सामान की खरीदारी करने के लिए मुन्ना लाल पट्टी बाजार मंगलवार को शाम 5 बजे आया था। कस्बे के रायपुर रोड पर एक बर्तन की दुकान पर वह खरीदारी कर रहा था कि अचानक गिरा और बेहोश हो गया। दुकानदार बगल स्थित सीएचसी ले गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिस घर में शादी के मांगलिक कार्यक्रम चल रहे थे वहां इस समय मातम पसरा हुआ है। सारे नात रिश्तेदार घर आ चुके हैं। घर पर टेंट आदि लगाया जा रहा है। मुन्ना लाल का शव लेकर परिजन जब घर पहुंचे तो बेटी ज्योति, वर्षा, अंतिमा सेजल, पत्नी उषा बेटा अंबुज समेत पूरा परिवार बदहवास हो गया। कुछ ही समय पहले जहां शादी के मांगलिक कार्यक्रम चल रहे थे। वही अब कोहराम मचा है। देखना यह होगा कि अंतिम की बारात आती भी है या नहीं।

# पुलिस विभाग में चली तबादला एक्सप्रेस निरीक्षक उपनिरीक्षक एवं कांस्टेबल के कार्यक्षेत्र में बदलाव

अखंड भारत संदेश

**लव जिहाद प्रकरण में लापरवाही बरतने पर पिपरी थानाध्यक्ष दिनेश सिंह परिहार भेजे गए पुलिस लाइन**



**कौशांबी।** कानून व्यवस्था चुस्त -दुरुस्त बनाए रखने के लिए एसपी बृजेश श्रीवास्तव ने दो दर्जन से अधिक पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है जिसमें निरीक्षक, उपनिरीक्षक एवं कांस्टेबल सामिल हैं।

लव जिहाद प्रकरण में लापरवाही बरतने पर पिपरी थानाध्यक्ष रहे दिनेश सिंह परिहार को पुलिस लाइन भेजा गया है उनके स्थान पर मोहब्बत पुर पइंसा थानाध्यक्ष रहे बृजेश करवरिया पिपरी थाना की कमान अपने हांथ में लेंगे। महिला निरीक्षक सुशीला तिवारी को भी कौशांबी थाना से हटाकर पुलिस लाइन का रास्ता दिखाया गया है। महिला उपनिरीक्षक नीलम राघव को महिला थानाध्यक्ष से कौशांबी थाना का प्रभारी बनाया गया है। उपनिरीक्षक उर्मिला सिंह को परिवार परामर्श केंद्र से महिला थाना का प्रभारी बनाया गया है। उपनिरीक्षक जगदीश कुमार को पश्चिम शरीरा थाना से मोहब्बतपुर पइंसा थाना की कमान सौंपी गई है। निरीक्षक इंद्रपाल सिंह को पुलिस लाइन से क्राइम ब्रांच भेजा गया है। पिपरी थाना में अतिरिक्त निरीक्षक रहे राजेंद्र वर्मा को चायल सर्किल आईटी एक्ट की विवेचना के लिए थाना सराय अकिल भेजा गया है। उपनिरीक्षक विजेंद्र सिंह को प्रभारी फील्ड यूनिट से साइबर थाना के लिए भेजा गया। उपनिरीक्षक प्रमेश कुमार को चौकी प्रभारी हररायपुर से प्रभारी फील्ड यूनिट बनाया गया। उपनिरीक्षक भानू प्रताप सिंह को सराय अकिल थाना से चौकी प्रभारी हररायपुर बनाया गया। उपनिरीक्षक विपिन कुमार यादव को चौकी प्रभारी चम्पहा से पुलिस लाइन भेजा गया। उपनिरीक्षक राकेश राय को करारी थाना से चौकी प्रभारी चंपहा बनाया गया। उपनिरीक्षक अशोक कुमार को अफजलपुरवारी चौकी से हटाकर पश्चिम शरीरा थाना भेजा गया। चौकी प्रभारी सिंघिया उपनिरीक्षक संतोष कुमार चौरसिया को सिंघिया चौकी से हटाकर चौकी प्रभारी अफजलपुर वारी बनाया गया। उप निरीक्षक नीरज उपाध्याय को मोहब्बतपुर पइंसा थाना से हटाकर चौकी प्रभारी सिंघिया बनाया गया। उपनिरीक्षक धीरज जायसवाल को साइबर थाना से पुलिस लाइन भेजा गया। साइबर थाना में तैनात उपनिरीक्षक विश्वनाथ पाल को पुलिस लाइन भेजा गया। चौकी प्रभारी मूरतगंग अवधराज यादव को संदीपन घाट थाना भेजा गया। हब्बूनगर चौकी प्रभारी जयंत गुप्ता का स्थानांतरण चौकी प्रभारी मूरतगंज के लिए हुआ। उपनिरीक्षक रणजीत सिंह कड़ाधाम थाना से हब्बुनगर चौकी प्रभारी बनाया गया। उपनिरीक्षक चंदन सिंह चौकी प्रभारी सिराथू से चौकी प्रभारी चयल बनाए गए। उपनिरीक्षक धीरेंद्र सिंह थाना करारी से चौकी प्रभारी सिराथू बनाया गया। उपनिरीक्षक भगवान सिंह चायल चौकी प्रभारी से थाना पिपरी भेजे गए। उपनिरीक्षक रामलाल पुलिस लाइन से न्यायालय की सुरक्षा के लिए भेजे गए। हेड कांस्टेबल अनिरुद्ध कुमार पुलिस लाइन से थाना संदीपन घाट स्थानांतरित हुए। महिला कांस्टेबल शालिनी उत्तम महिला थाना से क्षेत्राधिकारी कार्यालय सिराथू भेजी गई हैं। कांस्टेबल इंद्रपाल सिंह थाना मोहब्बतपुर पइंसा से पुलिस लाइन भेजा गया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च को

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला जज/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में दीवानी न्यायालय, कौशाम्बी में दिनांक 09 मार्च 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा याचिकाओं, पारिवारिक वाद, बैंक वसूली, एनआई एक्ट, विद्युत के मामले, श्रम सम्बन्धी, लेबर सम्बन्धी, जमीन सम्बन्धी, चालानी व अन्य प्रकार से सम्बन्धित शमनीय वादों का निस्तारण किया जायेगा।

### मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन भ्रमण कर मतदाताओं को करेंगी जागरूक

**कौशाम्बी।** मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन दिनांक 08 मार्च को जनपद का भ्रमण कर अधिकाधिक मतदाताओं को आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में अवश्य मतदान करने के लिए जागरूक करेगी। जो जनपद की ग्राम पंचायत गिरिया खालसा, तिल्हापुर मोड, ग्राम पंचायत बसुहार, म्योहर, अषाढा, दानपुर, टेवा, सेलरहा पूरब व पश्चिम, सयारां मीठेपुर एवं अलीपुर जीता का भ्रमण कर मतदाताओं को जागरूक करेगी।

## चार दिन बीते मौत के मामले में किसी नतीजे पर नहीं पहुँची पुलिस

**कौशांबी।** संदीपनघाट थाना क्षेत्र के सरवा काजी गांव निवासी कुलदीप पुत्र शिव बचन को 2 मार्च को उसके घर से बुलाकर के डीजे संचालक वा अन्य लोग ले गए थे और बाद में डीजे संचालक ने कहानी बताना शुरू कर दिया कि सैनी कोतवाली के गुलामीपुर के पास कुलदीप की मौत सड़क दुर्घटना में हुई है लेकिन डीजे संचालक ने जो बयान बताया वह पूरी तरह से झूठ निकल गया डीजे संचालक ने बताया कि गुलामीपुर में डीजे का टायर पंचर हो गया था सड़क पर टायर बनाया जा रहा था पीछे से आई गाड़ी ने डीजे में टक्कर मार दिया है जिससे डीजे का गमला कुलदीप के ऊपर गिर गया और इसी बीच एक अन्य कार ने भी डीजे में टक्कर मार दिया और कार टकराकर डिवाइडर में चढ़ गई डीजे संचालक के बताने के बाद डीजे में किसी प्रकार का दुर्घटना का निशान नहीं है डीजे का गमला रस्सा त्रिपाल से बंद है वह रस्सा त्रिपाल नहीं खुला तो गमला गिरने का सवाल नहीं है मौके पर दुर्घटना करने वाला ट्रक का भी पता नहीं है जिस कार की बात बताई जा रही है वह कार भी मौके पर नहीं है मौके पर किसी प्रकार का दुर्घटना का निशान नहीं मिला है डिवाइडर में टूट-फूट नहीं है दुर्घटना स्थल के पास वाहनों के शीशे टूटे पड़े नही मिले जिससे डीजे संचालक की बात झूठी साबित हो रही है आखिर युवक की मौत के बाद डीजे संचालक झूठ क्यों बोल रहा है झूठ बोलकर डीजे संचालक किस रहस्य पर पर्दा डालना चाहता है यह बड़ी जांच का विषय है घटना को चार दिन बीत गए हैं मृतक के पिता ने थाना से लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक बेटे की हत्या किए जाने की तहरीर दी है लेकिन पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर हत्या करने वाले लोगों की गिरफ्तारी नहीं की है।




## दबंग ने पुरानी रंजिश के चलते घर में लगाई आग

**महगांव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के गौसपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक दबंग युवक ने अपने पड़ोसी के घर में रात के अंधेरे में आग लगा दी। दिनांक 5 मार्च को शाम को मेरे घर पर चढ़कर गाली गलौज बलराम और इंद्रपाल कर रहे हैं तथा कह रहे हैं की रात्रि में इनको जिंदा जला देंगे पीड़ित धारा सिंह पुत्र स्व सूरजपाल निवासी ग्राम गौसपुर ने इसकी शिकायत संदीपन घाट थाना प्रभारी को दी है और बताया कि उसके गांव के ही रहने वाले बलराम पुत्र इंद्रपाल ने मेरे घर में आग लगा दी जिससे मेरे घर में रखे कपड़े चारपाई आदि जल गए। हम लोगों ने किसी तरह जान बचाई तथा घर के अन्दर बंधी हुई बकरियों की भी जान किसी तरह से बचाई पीड़ित की शिकायत दर्ज कर ली गई है, और मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई हैं।

# निर्माण कराए बिना प्रवेश द्वार का निकल गया 10 लाख रुपए

**नाली लीकेज रास्ते में जलभराव से ग्रामीणों का गंदगी व नाली के पानी से गलियों में निकलना पड़ रहा है**



**कोखराज कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के कशिया पश्चिम ग्राम पंचायत में प्रवेश द्वार निर्माण का लगभग 10 लाख रुपये खजाने से निकाल लेने के 8 महीने बाद भी निर्माण नहीं किया गया जबकि सरकारी अभिलेखों में निर्माण कार्य पूर्ण दिखा दिया गया है जिले में विकास योजनाओं में पारदर्शिता को लाने के लिए अधिकारी तैयार नहीं दिखाई पड़ रहे हैं जिससे भ्रष्टाचार चरम पर है सरकारी खजाने से रुपए निकाल लेने के बाद लगभग 8 महीने का समय बीत गया लेकिन जिम्मेदारों ने ग्राम प्रधान के इस भ्रष्टाचार को नजर अंदाज कर दिया है ना तो मामले की अभी तक अधिकारियों ने जांच कराई है ना ही ग्राम प्रधान पर भ्रष्टाचार का आरोप तय करके उससे चार्ज छीना गया है खजाने से रुपए निकालने के 8 महीने बाद कशिया पश्चिम गांव में प्रवेश द्वार नही बन सका है जो सरकार की व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है ग्राम प्रधान के कारनामे के चलते प्रवेश द्वार निर्माण भष्ट्राचार की भेंट चढ़ गया काशिया ग्राम के विकास का रुपये आखिर निर्माण के पहले कैसे निकाल लिया गया यह जाच का विषय है किसके सहयोग से प्रवेश द्वार के लागत की रकम गबन किये गए है। ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार का आलम यह कि विकास योजनाएं जमीनी हकीकत में नहीं दिखाई पड़ रही है ग्राम पंचायत में जगह जगह गंदगी का अम्बार लगा है नाली लीकेज से रास्ते में जलभराव है ग्रामीणों का गंदगी व नाली के पानी से ग्राम के कई गलियों में निकलना पड़ रहा है जिससे लोगों को दिक्कतें हो रही है नौनिहालो का गंदे नाली के जल में निकलने से गिरने से चोटिल होना आम बात है सफाई कर्मी गांव में साफ सफाई नहीं कर रहा है गांव की सफाई व्यवस्था भी चौपट हो चुकी है एक माननीय को अपना खास बताने वाले ग्राम प्रधान की दबंगई से ग्रामीण परेशान है।

# भारत सरकार की टीम द्वारा प्रगतिशील कृषकों को एनपीएसएस के बारे में दिया प्रशिक्षण

**कौशाम्बी।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के लखनऊ स्थित क्षेत्रीय केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र के प्रभारी डा. ज्ञान प्रकाश सिंह, संयुक्त निदेशक के निर्देशन एवं इंद्रजीत यादव जिला कृषि रक्षा अधिकारी के सहयोग से जनपद मुख्यालय स्थित जिला कृषि रक्षा अधिकारी कार्यालय के सभागार में जिले के विभिन्न विकास खण्ड से आए हुए किसानों को नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम (एन पी एस एस) ऐप के बारे में भारत सरकार की टीम द्वारा प्रशिक्षित किया गया। केंद्रीय टीम के प्रभारी के पी पाठक, वनस्पति संरक्षण अधिकारी ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार के एन पी एस एस प्रशिक्षण कार्यक्रम से जनपद के किसान लाभान्वित होंगे और ऐप के माध्यम से फसलों में कीड़े-बीमारी का आई पी एम तकनीक से प्रबंधन कर कम लागत में दोगुनी आय प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने एन. पी. एस. एस. ऐप की वर्तमान उपादेयता एवं प्रासंगिकता के बारे में बताया। जिला कृषि रक्षा अधिकारी इंद्रजीत यादव ने बताया कि इस ऐप के माध्यम से कीट - व्याधियों के प्रबंधन में प्रयुक्त होने वाले भारत सरकार के केंद्रीय कीटनाशी बोर्ड एवं पंजीकरण समिति द्वारा संस्तुत रासायानिक कीटनाशकों का भी सुझाव प्राप्त होगा । उन्होने कहा कि फसलों में लगने वाले नुकसानदायक कीड़े एवं बीमारियों की पहचान एवं उनके प्रबंधन में यह ऐप अत्यन्त प्रभावी साबित होगा। सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि इस ऐप के माध्यम से प्रशिक्षित किसान फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीड़े -बीमारियों की पहचान आसानी से कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा तैयार किए गए एन पी एस एस ऐप के माध्यम से फसल को नुकसान पहुंचाने वाले कीड़े - बीमारियों की पहचान के साथ -साथ किसान अपने खेत से उन कीड़े - बीमारियों की फोटो के साथ आवश्यक डाटा फीडिंग करके सीधे कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार को अपने गांव से ही कीड़े - बीमारियों की सूचना भेज सकते हैं तथा उनके अत्यधिक प्रकोप की स्थिति में ऐप के माध्यम से ही उनके प्रबंधन से सम्बन्धित ऐडवाइजरी मोबाइल पर ही प्राप्त कर सकते हैं। सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी डा. केशवमूर्ति ने एन पी एस एस ऐप के उपयोग की विधि तथा पेस्ट सर्विलांस के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान किया। उन्होंने एन पी एस एस ऐप में किसानों को कीड़े बीमारियों के फोटो अपलोड करने एवं पेस्ट डेटा एंट्री की तकनीक के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान किया। यादवेंद्र सिंह, प्रभारी केंद्रीय भंडार कृषि रक्षा ने किसानों को कीड़े - बीमारियों की पहचान के बारे में बताया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे जनपद के विभिन्न विकास खण्ड के प्रगतिशील कृषकों के साथ - साथ जनपद के समस्त विकास खंड के प्रभारी कृषि रक्षा भी उपस्थित रहे ।



## नाली कि सफाई करते समय दो पक्ष आमने-सामने भिड़े

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के हरदुआ खास गांव के दो पक्ष नाली की साफ सफाई करते समय आपस में भिड़ गए। दोनों पक्ष एक दूसरे के विरुद्ध चरवा थाना पहुंच कर शिकायती प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है। हरदुआ खास गांव कि शोभा देवी पत्नी बादे पटेल के दरवाजे के सामने कच्ची नाली में कूड़ा कर्कट हो जाने से आम रास्ते में गन्दा पानी भर जाता था। जिससे आम लोगों को रास्ता निकलना दूभर हो जाता था। बुधवार की सुबह 11 बजे शोभा देवी अपने घर के सामने नाली की साफ सफाई करने लगी इतने में गांव की सीता देवी पत्नी स्व श्रीराम भी अपनी लड़की के साथ मौके पर पहुंच कर नाली कि सफाई करने को मना कर दिया। जिससे दोनों पक्ष आपस में गाली-गलौज देते हुए भिड़ गए। दोनों पक्षो को चोटें आई हैं। दोनों पक्ष चरवा थाना पहुंच कर एक दूसरे के विरुद्ध शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। शिकायती प्रार्थना पत्र पाते ही चरवा पुलिस जांच में जुट गई है।

## एडीएम के आदेश को लेकर एसडीएम के पास पहुंचे अंधे को डॉट फटकार कर कार्यालय से भगाया

**कौशाम्बी।** गरीब कमजोर मजलूम पीड़ित लोगों का दुख दर्द सुनकर उनकी समस्याओं का निस्तारण करने के बजाए अधिकारी गरीब कमजोर मजलूमों के सामने दबंगई पर उतारू हो जाते हैं गनर की फौज लिए अफसर अफसर गिरी पर उतर आते हैं नौकरी जॉइनिंग के समय भारतीय संविधान की शपथ लेने वाले अफसर संविधान की शपथ भूल जाते हैं माफियाओं के सामने नत मस्तक रहने वाले अफसर गरीबों के ऊपर धौस जमाने में अपनी शान समझते हैं जिससे जिले में योगी सरकार के कानून की धज्जियां उड़ रही हैं गरीब कमजोर मजलूम और विकलांग न्याय नहीं पा रहे हैं अधीनस्थ मनमानी कर रहे हैं आईजीआरएस में भेजी गए शिकायतों में भी एकतरफा मनमानी झूठी रिपोर्ट लगाकर शिकायतों का निस्तारण कर गरीबों का उत्पीड़न किया जा रहा है मंझनपुर तहसील क्षेत्र में गरीबों के उत्पीड़न के तमाम मामलों में कस्बे के रहने वाले दोनों आंख से अंधे लालचंद वर्मा की कहानी योगी सरकार के एसडीएम मंझनपुर की तानाशाही को खोलने के लिए पर्याप्त है। दोनों आँख से अंधे लालचंद वर्मा की जमीन में कब्ज हो गया है न्यायालय ने उनकी जमीन पर उन्हें जीत की डिग्री दी है वह न्यायालय की डिग्री लेकर एसडीएम के पास पहुंचे तो उप जिला अधिकारी कार्यालय मंझनपुर से स्वयं उप जिला अधिकारी ने उनको डांट फटकार कर भगा दिया उसके बाद उन्होंने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की जांच के दौरान राजस्व लेखपाल ने झूठी रिपोर्ट लगाकर शिकायत का निस्तारण कर दिया मुख्यमंत्री को गुमराह करते समय लेखपाल को तनिक भी शर्म संकोच भय नहीं लगा जमीन पर कब्जा न मिलने और लेखपाल द्वारा झूठी रिपोर्ट लगाकर मुख्यमंत्री पोर्टल की शिकायत को झूठे आधार पर निस्तारित करने के मामले को लेकर फिर दोनों आंख से अंधे लालचंद एसडीएम से मिलने गए जिस पर उन्हें कार्यालय से बाहर निकाल दिया गया जिससे पीड़ित दोनों आंख के अंधे लाल चंद्र वर्मा न्याय की उम्मीद लेकर अपर जिला अधिकारी की चौखट पर फरियाद की अपर जिला अधिकारी ने मंझनपुर एसडीएम को निर्देशित करते हुए लिखा है कि कृपया अभिलेख की जांच कर लें और आख्या उपलब्ध कराएं अपर जिला अधिकारी के आदेश को लेकर अंधे लालचंद वर्मा फिर न्याय की उम्मीद पर एसडीएम मंझनपुर के कार्यालय पहुंचे उन्होंने संपूर्ण प्रकरण बताया एडीएम का आदेश लेने से एसडीएम ने इनकार कर दिया लेखपाल को बुलाया लेकिन उसे फटकार लगाने के बजाय लालचंद वर्मा से कहा कि मैंने उस दिन झूठ तो नहीं बोला था लेकिन आज झूठ बोल रहा हूं मेरे चैंबर से बाहर निकल जाओ मेरे चैंबर से बाहर निकल जाओ नहीं मैं भगा दूंगा नहीं भागोगे तो गार्ड बुलाकर के अपमानित कर दूंगा एसडीएम के फटकार के बाद लालचंद वर्मा न्याय की उम्मीद छोड़कर वापस लौट आए हैं और एसडीएम कार्यालय की वातालर्प को फिर एडीएम से बताया है इस पर एडीएम ने उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है अब लालचंद वर्मा को योगीराज में न्याय मिलता है या फिर अधिकारियों की तानाशाही गुंडागर्दी बढ़ती रहेगी।

# डिप्टी सीएम पर भारी पड़े पूर्व विधायक घोटाले बाज पंचायत सचिव को फिर मिला चार्ज

अखंड भारत संदेश

**3 साल से अधिक समय से तैनात पंचायत सचिव को हटाने के निर्देश के बाद फिर पुराने ब्लाक पर दे दी गई तैनाती,सरकारी रकम में लूट के चलते बार-बार निलंबन गिरफ्तारी जेल जाने के अभ्यस्त पंचायत सचिव पर मेहरबान है पंचायत विभाग के अफसर**




**कौशाम्बी।** सरकारी खजाना लूटो मौज करो कार्यवाही और जांच के नाम पर सब लीपा पोती करके लुटेरों को बचाने की रणनीति में विभागीय अधिकारी पूरी तरह से संलिप्त रहते हैं पंचायत विभाग के अधिकारियों द्वारा योगी सरकार को तो झूठी रिपोर्ट देकर के गुमराह करना ही है इस अभियान पर कौशांबी जिले के पंचायत विभाग के अफसर का खेल बेखौफ तरीके से चल रहा है जिससे विकास योजनाओं की 40 प्रतिशत रकम भी ग्राम क्षेत्र में खर्च नहीं हो रही है बार-बार घोटाला बार-बार मुकदमा बार-बार जांच बार-बार निलंबन गिरफ्तारी और जेल भेजे जाने के बाद जांच के नाम पर लीपा पोती कर फिर बहाल कर दिए जाते हैं सरकारी खजाना लूटने वाले पंचायत सचिव से पंचायत विभाग के अफसर की नजदीकी कम नहीं हुई है आखिर सरकारी खजाना लूटने वाले पंचायत सचिव से अफसर के क्या रिश्ते हैं यह बड़ी जांच का विषय है लेकिन उसके बाद भी ना तो सरकारी खजाना लूटने वाले पंचायत सचिव के कारनामे की निष्पक्ष हो पाती है और ना ही सरकारी खजाना लूटने वाले पंचायत सचिव से रिश्ते रखने वाले पंचायत विभाग के अधिकारियों के कारनामों की जांच नही हो पाती है बार-बार खजाना लूटने वाले पंचायत सचिव को विभाग बर्खास्त नहीं कर सका है जिससे पंचायत विभाग का सरकारी खजाना लूटने में लगे कर्मचारी अधिकारी मालामाल हो रहे है।

बताया जाता है कि पंचायत विभाग का खजाना बार-बार लूटने वाले एक पंचायत सचिव को सिराथू बिकास खण्ड क्षेत्र के गांव में बार बार चार्ज देने के मामले में एक पूर्व विधायक का लगातार दबाव रहता है जबकि डिप्टी सीएम ने तीन वर्ष से अधिक समय से तैनात पंचायत सचिव को स्थानांतरित किए जाने के निर्देश दिया डिप्टी सीएम के निर्देश का पालन पंचायत विभाग के अधिकारी नहीं कर रहे हैं पूर्व विधायक के दबाव में डिप्टी सीएम के निर्देश की धज्जियां भी विभागीय अधिकारी उड़ा रहे हैं सिराथू तहसील के कई ग्राम पंचायत से पंचायत सचिव घोटाले के आरोप में निलंबित हो चुका है तैनाती मिलने के बाद इस पर बार-बार घोटाले का आरोप लगा है पहली जांच के दौरान घोटाले की पुष्टि भी हुई है मुकदमा भी दर्ज हुआ कई बार निलंबित भी किया जा चुका है गिरफ्तारी भी हुई जेल भी भेजा गया लेकिन अभी तक घोटाले की रकम की वसूली नहीं हुई है बर्खास्त की कार्यवाही भी नहीं हुई जिला विकास अधिकारी का कहना है कि थोड़ी-थोड़ी रकम वेतन से रिकवरी की जा रही है सरकारी खजाने को लूटने वाले सरकारी कर्मचारियों के भवन को नीलम करके क्यों सरकारी रकम को वसूली नहीं कराई जाती है घोटालेबाजी ग्राम विकास अधिकारियों की जांच के नाम पर पत्रावली लंबित है जांच में लीपा पोती कर विभाग के अधिकारी घोटाले बाज पंचायत सचिव को बचाने की पूरी योजना बना चुके हैं बताया जाता है कि सिराथू तहसील क्षेत्र के एक दर्जन गांव में उसे तैनाती दी गयी है जिससे पंचायत विभाग के अफसर के कार्य पर सवाल खड़े हो रहे है।

### सरकारी खजाना लूटने में लगे रैकेट के सदस्य अधिकारी कर्मचारी पर कब होगी कार्रवाई

सरकारी खजाना लूटने वाले लोगों पर आरोप लगने के बाद उन्हें निलंबित किया जाता है लेकिन जांच के दौरान फर्जी तरीके से लीपा पोती कर उन्हें बहाल कर दिया जाता है जिससे वह घोटाले के आरोप से मुक्त हो जाते हैं इस मामले में विभागीय अधिकारियों की भी पूरी तरह से निष्ठा सवालों के घेरे में खड़ी है जिला विकास अधिकारी विजय कुमार के कार्यकाल में कई ग्राम विकास अधिकारियों पर घोटाले का आरोप लगा लेकिन जांच के दौरान पत्रावली को लीपा पोती कर निस्तारित कर दिया गया है जिससे फिर उन्हें चार्ज दे दिया गया और वह फिर सरकारी खजाना को लूटने में लगे हुए हैं योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त शासन में आखिर सरकारी खजाना कैसे सुरक्षित होगा यह बड़ा सवाल खड़ा हो गया है ग्राम विकास अधिकारी सतीश चौधरी के बाबत जब जिला विकास अधिकारी से बात किया गया तो तमाम मामलों की उन्हें जानकारी नहीं है जिससे वह उत्तर नहीं दे सके जिला पंचायत राज अधिकारी रवि शंकर द्विवेदी से बात की गई तो उनका कहना है कि मामले की जांच कराई जाएगी और दोषी को दंडित किया जाएगा उन्होंने कहा कि पंचायत सचिव की तैनाती जिला अधिकारी देते हैं और गलत तरीके से तैनाती हुई है तो आप जिलाधिकारी से बात कर ले सरकारी खजाना लूटने वाले पंचायत सचिव को तैनाती दिए जाने के मामले को लेकर मुख्य विकास अधिकारी से भी बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उनके द्वारा फोन ना उठाने से उनके पक्ष की जानकारी नहीं हो सकी है।

### विकास योजनाओं को तरस रही जनता

योगी सरकार ग्राम पंचायत के विकास को लेकर के बड़े नियम बना रही है विभिन्न योजनाओं में ग्राम पंचायत को करोड़ों का धन उपलब्ध कराए जा रहे हैं लेकिन पंचायत विभाग में बड़ी कमीशन खोरी के चलते ग्राम पंचायत के विकास नहीं हो रहे हैं योजना में घोटाला करने में पूरा रैकेट सक्रिय है 40 प्रतिशत की रकम ग्राम पंचायत की योजनाओं में खर्च नहीं हो रहे हैं घोटाले में लगे ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारियों को वरीयता दी जा रही है घोटाले में शामिल रैकेट को बेनकाब करने की जरूरत है यदि ग्राम पंचायत के विकास के घोटाले की प्रदेश स्तर से अन्य स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई गई तो ब्लॉक तहसील जिला स्तरीय कई अधिकारी जांच की आंच में झूलस सकते हैं।

# न्यूज झरोखा

## कर्मचारी शिक्षक मोर्चा ने धरना प्रदर्शन कर सौपा ज्ञापन




**कौशांबी।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष मोतीलाल सिंह कर्मचारी शिक्षक मोर्चा ने 6 मार्च को जनपद मुख्यालय मंझनपुर में अपने तमाम शिक्षक कर्मचारियों के साथ धरना प्रदर्शन सत्याग्रह आंदोलन कर विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन जिला अधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजा है। धरना प्रदर्शन सत्याग्रह आंदोलन के दौरान कर्मचारी शिक्षक मोर्चा के पदाधिकारी ने कहा कि कर्मचारियों को कैशलेस इलाज का लाभ नहीं मिला है, कैशलेस इलाज का लाभ दिया जाए एवं रिक्त पदों के सापेक्ष नियमित नियुक्तियों की जाए। कार्यरत कर्मियों को समायोजित किया जाए संविदा आउटसोर्सिंग व अन्य माध्यम से कार्यरत कर्मियों को समान कार्य समान वेतन दिया जाए। 50 वर्ष की सेवा कर चुके कर्मियों को जबरन सेवानिवृत्त ना किए जाए। 50 वर्ष की उम्र पार कर चुके कर्मियों को जबरन सेवानिवृत्त करने की प्रथा को बंद किए जाए। ऐसे संवर्ग जिनमे छटे आयोग की वेतन विसंगतियां अभी भी व्याप्त है उन्हे दूर कर तदनुसार सातवे वेतन आयोग का लाभ प्रदान किया जाए। परिवहन निगम के कर्मचारियों को लंबित लंबित निम्नलिखित मांगों का समाधान कराया जाए सहित विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन सौपा गया है।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चरवा पुलिस ने अर्धसैनिक बल के साथ किया फ्लैग मार्च



**कौशाम्बी** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए दिशा-निदेशी से आम जन मानस को अवगत कराते हुए थानाध्यक्ष चरवा ने अर्धसैनिक बल के साथ चरवा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पैदल फ्लैग मार्च किया गया है। जनमानस को अवगत कराते हुए थानाध्यक्ष ने क्षेत्र के लोगों को निर्भीक भयमुक्त होकर निष्पक्ष मतदान करने को जागरूक किया। समस्त पुलिस स्टाफ व अर्धसैनिक बल के जवान मौजूद रहा।

## अर्धसैनिक बल के साथ संदीपन घाट पुलिस ने किया पैदल गस्त



**महगाव कौशाम्बी** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत पैरामिलिट्री फोर्सेस के साथ संदीपन घाट थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम कासिया, लोहरा, मोहिउद्दीनपुर गौस और उजहानी खालसा आदि संवेदनशील गांव में भ्रमण करके जनता के बीच सुरक्षा और विश्वास बहाली एवं निर्भीक होकर अपना मतदान करने के संबंध में एरिया डोमिनेशन की कार्रवाई की गई। इस दौरान क्षेत्र के दुराचारी एवं संभ्रांत व्यक्तियों से समन्वय एवं संवाद स्थापित किया गया तथा आवश्यक हिदायत की गई।

## विद्युत सप्लाई के दौरान ट्रांसफार्मर से कॉपर की तार और तेल चोरी



**कौशाम्बी** सराय अकिल थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद गांव में बिजली विभाग का एक गजब कारनामा सामने आया है अजब चोरों की गजब चोरी के चलते बिजली के ट्रांसफार्मर से तेल और कॉपर तार ही चोर चोरी कर ले गए है जहा चोरों ने चलते हुए बिजली के ट्रांसफार्मर से तेल और कॉपर तार की चोरी कर ली और ट्रांसफार्मर के खाली डब्बे को छोड़कर फरार हो गए ग्रामीणों की सूचना पर लाइनमैन ने उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दी,सूचना पर पहुंचे जेई ने पुलिस को लिखित शिकायत की है सराय अकिल थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद में नहर के पास लगा हुआ 250 केवीए के ट्रांसफार्मर के अंदर का तेल और कॉपर की तार को चोरों ने चोरी कर लिया है,तेल और कॉपर की तार चोरी कर उसका खाली डब्बा छोड़कर फरार हो गए

## अर्धनग्न कर बूढी मां को चप्पल डंडों से बेटों ने पीटा



**कौशाम्बी** चरवा थाना क्षेत्र के बेरूआ गांव में सोनू सिंह ठाकुर पुत्र राम लखन सिंह ठाकुर ने अपनी बूढ़ी मां को अर्धनग्न कर के चप्पल व डण्डो से बेरहमी से पीटा है बेटों के पिटाई से वृद्ध महिला कराहती रही लेकिन दबंगों के आतंक से गांव का कोई व्यक्ति बीच बचाव करने का साहस नहीं कर सका है जिससे बुढ़ापे में सहारा की उम्मीद थी वही जुल्म ज्यादती करने पर उतर आया है बताया जाता है की संपत्ति कब्जा करने की नीयत से वृद्ध महिला को पीटा गया है एक तरफ वृद्धजनों की सुरक्षा संरक्षा की बात प्रदेश सरकार कर रही है दूसरी तरफ मारते पीटते हुए वीडियो वायरल हुआ है महिला की उम्र इतनी अधिक है कि वह तहरीर लेकर थाने नहीं जा सकती है इन दबंग पर स्वतः संज्ञान लेकर क्या थाना पुलिस कार्रवाई करेगी

## नवजात शिशु का मिला खेत में शव



**चायल कौशाम्बी** पिपरी थाना के करसेंदा गांव से काठगांव जाने वाली सड़क किनारे गेंहू के खेत में बुधवार की दोपहर खेत में चारा काट रही एक महिला ने देखा कि पोलिथीन में कुछ रखा है तो उस पोलिथीन को उसने खोलकर देखा तो उसमें नवजात बच्चे का शव था तो आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों को बताया तो देखते ही लोगो की भीड़ जमा हो गयी लोगों में तरह तरह की चर्चा हो रही है

## पांच बच्चो मां प्रेमी संग फरार

**महगांव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र अंतर्गत मलाक मोईनउद्दीनपुर गांव में पांच बच्चो की मां इस कदर प्रेम के नसे में चूर हो गई कि उसने अपने पति और बच्चों को छोड़कर प्रेमी संग फरार हो गई। पीड़ित पति ने इसकी सूचना संदीपन घाट थाना प्रभारी को देकर बताया कि उसकी पत्नी दिनांक 6 मार्च को करीब 1 बजे रात्रि को तीन बच्चे दो लड़के व एक लड़की को लेकर प्रेमी के साथ कही चली गई। पीड़ित पति ने कहा की मुझे शक है कि मेरे गांव के ही कल्लू पुत्र प्यारे लाल के साथ वह भाग गई है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई हैं।

## बालिका को पुलिस ने पहुंचाया घर

**कौशाम्बी** मां की डांट से घर से भागी बालिका सिपाही नीतेंद्र बघेल व पीआरडी गुलाब को रात्रि गस्त में समय लगभग 1 बजे करारी चौराहा पर दिखी, बच्ची सर्दी से काफी कांप रही थी, तो तत्काल आग जलाकर बैठाया व बच्ची ने बताया कि सुबह से कुछ खाया नहीं है तभी सिपाही द्वारा गाड़ी में रखे कुछ फल व बिस्कुट बच्ची को दिए। सिपाही ने बालिका की मदद के लिए तत्काल थाना प्रभारी को जरिए दूरभाष से अवगत कराया, जिस पर तत्काल थाना प्रभारी द्वारा थाना मोबाइल भेजी और बच्ची को सकुशल उसके घर जाकर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

## संपादक की कलम से

### महिला-क्रांति के विस्फोट की संभावना

महिलाओं की भागीदारी को हर क्षेत्र में बढ़ावा देने और महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। महिला अधिकार कार्यकर्ता रहीं क्लारा जेटकिन ने 1910 में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बुनियाद रखी थी। डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन में कामकाजी महिलाओं के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में उन्होंने इसका सुझाव दिया था। जिसके बाद साल 1911 में ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, जर्मनी और स्विट्जरलैंड में पहला अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया था। इस दिन को सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और कई दूसरे क्षेत्रों में अपना अहम योगदान देने वाले महिलाओं को सम्मानित किया जाता है। साल 2024 की थीम है- इंस्पायर इंक्लूजनहृ इसका मतलब है एक ऐसी दुनिया, जहां हर किसी को बराबर का हक और सम्मान मिले, जिससे अपनेपन, प्रासंगिकता और सशक्तिकरण की भावना आती है। परिवार, समाज, देश एवं दुनिया के विकास में जितना योगदान पुरुषों का है, उतना ही महिलाओं का। हालांकि महिलाओं को पुरुषों के समान उतने अधिक सम्मान, अवसर एवं स्वतंत्रता नहीं मिलती। लेकिन नया भारत-सशक्त भारत के निर्माण की प्रक्रिया में महिलाएं घर परिवार की चार दीवारों को पार करके राष्ट्र निर्माण में अभूतपूर्व योगदान दे रही हैं।

महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उल्लेखनीय कदम उठाये हैं। चाहे उज्ज्वला योजना के द्वारा उन्हें गैस सिलिंडर दिलाना हो, गांवों में घरों और शौचालय का निर्माण हो या नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में पास कराना। आज दुनिया के सभी देश इस बात को मान रहे है की मोदी के नेतृत्व में भारत की महिलाएं बहुत आगे बढ़ रही है। खेल जगत से लेकर मनोरंजन जगत तक और राजनीति से लेकर सैन्य व रक्षा तक में महिलाएं बड़ी भूमिका में हैं। बात भारतीय या अभारतीय नारी की नहीं, बल्कि उसके प्रति दृष्टिकोण की है। आवश्यकता इस दृष्टिकोण को बदलने की है, जरूरत सम्पूर्ण विश्व में नारी के प्रति उपेक्षा एवं प्रताड़ना को समाप्त करने की है। इस दिवस की सार्थकता तभी है जब महिलाओं को विकास में सहभागी ही न बनाये बल्कि उनके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौंचने की वीभत्सताओं एवं त्रासदियों पर विराम लगे, ऐसा वातावरण बनाये।

आजादी के बाद से राष्ट्र के विकास के साथ, भारतीय महिलाओं को राष्ट्र की प्रगति और विकास में समान भागीदार बनने के लिये अधिकारों और अवसरों की प्राप्ति हुई है। सावित्रीबाई फुले, कस्तूरबा गांधी, सरोजिनी नायडू, आनंदीबाई गोपालराव जोशी, इन्दिरा गांधी से लेकर इंदिरा नुई, सायना नेहवाल, टीना डबी, सावित्री जिन्दल जैसी हस्तियों के रूप में महिलाओं ने सार्वजनिक और निजी जीवन के सभी क्षेत्रों में अपनी शूरवीरता एवं अपने कौशल का परिचय दिया है। नई शताब्दी में भारत में महिलाएं अपनी स्वयं की विशिष्ट पहचान के साथ मुक्त और स्वतंत्र व्यक्तित्व के तौर पर समाज द्वारा उन्हें सौंपी गई अविभाज्य साथी, राष्ट्र-निमार्ता और विकास की विभिन्न भूमिकाओं को बेखूबी निभाया है। वह अब पूर्व की भांति पूरी तरह चूल्हा और रसोई में ही नहीं लगी रहतीं। वे अब स्वयं और सभी मानवजाति के लिये नये संसार में विश्वास की नई ऊंचाइयों के लिये उड़ान भर रही हैं। राष्ट्र के आर्थिक जीवन में महिलाओं को किसी भी तरह से पीछे नहीं छोड़ा जा सकता। वैश्विक अर्थव्यवस्था की तेजी के युग में भारत के दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने में बहुत-सी महिलाओं ने अपने को सफल उद्यमियों एवं व्यावसायिक के तौर पर साबित किया है। राजनीति में महिलाएं लंबे समय से सक्रिय रही हैं। हालांकि तब भी उन्हें नेतृत्व करने की अनुमति नहीं दी जाती थी। लेकिन भारत ऐसा पहला देश था जिसकी प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति एक महिला बनी। यहां तक कि अमरीका भी अपने देश के सर्वोच्च पद के लिये किसी महिला का चुनाव नहीं कर पाया है।

महिला दिवस पर महिलाओं से जुड़े मामलों जैसे महिलाओं की स्थिति, कन्या भ्रूण हत्या की बढ़ती घटनाएं, लड़कियों की तुलना में लड़कों की बढ़ती संख्या, गांवों में महिला की अशिक्षा एवं शोषण, महिलाओं की सुरक्षा, महिलाओं के साथ होने वाली बलात्कार की घटनाएं, अश्लील हरकतों और विशेष रूप से उनके खिलाफ होने वाले अपराध को एक बार फिर चर्चा में लाकर सार्थक वातावरण का निर्माण किया जाये। महिला दिवस जैसे आयोजनों, तमाम सरकारी प्रयत्नों एवं सामाजिक जन-चेतना के बावजूद एक टीस सी मन में उठती है कि आखिर नारी कब तक भोग की वस्तु बनी रहेगी? उसका जीवन कब तक खतरों से घिरा रहेगा? बलात्कार, छेड़खानी, भ्रूण हत्या और दहेज की धधकती आग में वह कब तक भस्म होती रहेगी? कब तक उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौचा जाता रहेगा? विडम्बनापूर्ण तो यह है कि महिला दिवस जैसे आयोजन भी नारी को उचित सम्मान एवं गौरव दिलाने की बजाय उनका दुरुपयोग करने के माध्यम बनते जा रहे हैं। महिला समाज को अपनी प्रतिरोधात्मक शक्ति को विकसित कर जागृत जीवन जीने का अभ्यास करना है।

## प्राकृतिक विपदा देश के लिए विनाशकारी, चरमराता आर्थिक विकास तंत्र

आपदा सदैव अनअपेक्षित घटना होती है। जो मानवीय नियंत्रण से सदैव से बाहर होती है। प्राकृतिक आपदा अल्प समय में बिना किसी पूर्व सूचना के घटित होती है, जिससे मानव जीवन के सारे क्रियाकलाप अवरुद्ध हो कर,जान और माल की बड़ी हानि होती है । आर्थिक तंत्र एवं विकास तीतर बितर हो जाते हैं। आपदा की विद्रूपता, भयानक स्वरूप एवं निरंतरता मानव जीवन तथा समाज, देश को बड़ी हानि पहुंचाते हैं, एवं उस देश की आर्थिक स्थिति में गहरी चोट करते हैं। इन प्राकृतिक आपदाओं से देश की प्रगति पर चोट पहुंचती है। तथा राष्ट्र को आर्थिक रूप से बहुत पीछे खींच कर ले जाती है।

आपदा प्रबंधन में जापान से सीख ली जा सकती है। क्योंकि जापान आपदा प्रबंधन में विश्व में अग्रणी देश माना जाता है। जापान पृथ्वी के ऐसे क्षेत्र में अवस्थित है, जहां भूकंप, सुनामी, ज्वालामुखी जैसी प्राकृतिक आपदाएं सदैव आती रहती हैं। जापान में आपदा प्रबंधन की अत्याधुनिक तकनीक को याकोहामा रणनीति कहा जाता है। जापान में आपदा प्रबंधन की साल भर नियमित रूप से मॉनिटरिंग कर एक्सरसाइज की जाती रहती है, एवं आपदाओं पर निरंतर निगरानी तथा नजर रखी जाती है,एवं इसके निदान के लिए पूर्व से ही सुनियोजित योजना बनाकर नागरिकों को सुरक्षित कर लिया जाता है। भारत को भी इसी तरह आपदा प्रबंधन को अपनाकर अन्य आपदाओं के साथ कोविड-19 के लिए सतर्क होकर कार्रवाई की जानी चाहिए।

आपदाओं के प्रति मानवीय सभ्यता के संदर्भ में समाज के आर्थिक सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग को ज्यादा प्रभावित करती है। एवं समाज का सबसे संवेदनशील तबका यानी वृद्ध व्यक्ति, महिलाएं, बच्चों, दिव्यांग लोगों को प्राकृतिक आपदाओं से सबसे ज्यादा खतरा बना रहता है। आपदा के समय सबसे ज्यादा निम्न आय वर्ग का व्यक्ति तथा मजदूर तबके का व्यक्ति सबसे ज्यादा प्रभावित होकर उसकी दिनचर्या समूह रूप से छिन्न-भिन्न हो जाती है, एवं आर्थिक साधन भी नष्ट हो जाते हैं, जिससे उसे आजीविका का एक बड़ा भय सताने लगता है।

भारत के भू भाग का लगभग 58% क्षेत्र भूकंप की संभावना वाला क्षेत्र है, जिसमें हिमालयिन क्षेत्र,पूर्वोत्तर राज्य, गुजरात का कुछ क्षेत्र, अंडमान निकोबार द्वीप समूह भूकंप की दृष्टि से सबसे सक्रीय क्षेत्र रहें है। देश के 65 से 68% भूभाग पर कभी कम कभी ज्यादा भीषण रूप से सूखा पड़ता है, इसी तरह भारत के पश्चिमी और प्रायद्वीपीय राज्य में मुख्यत: शुष्क तथा अर्ध शुष्क न्यून नमी वाले क्षेत्र सूखे से सदैव प्रभावित रहते हैं। बाढ़ से प्रभावित भूमि का विस्तार क्षेत्र देश के 12% है, यानी 7 करोड़ हेक्टेयर जमीन में भूकंप आने की संभावना सदैव बनी रहती है। हिमालय क्षेत्र देश के पर्वतीय क्षेत्र मैं भूस्खलन की गंभीर समस्या की संभावना सदैव बनी रहती है। देश के विशाल तटवर्ती क्षेत्र में चक्रवात तथा सुनामी की भयावह स्थिति की संभावना सदैव बनी रहती है।अब भारत में विश्व के साथ-साथ करोना संक्रमण की भयानक महामारी से प्रभावित होकर हजारों लाखों नागरिकों की जान गवा कर इस आपदा से जंग लड़ रहा है, यह कोविड-19 की महामारी या आपदा प्राकृतिक है या मानव निर्मित यह तो भविष्य ही बताएगा, किंतु इस महामारी ने पूरे वैश्विक स्तर पर आकस्मिक रूप से मानव जीवन में मृत्यु का तांडव मचा के रख दिया है। ऐसी ही अनपेक्षित आपदाओं का पूवार्नुमान अथवा आकलन किया जाना पहले से संभव नहीं हो सकता है। ऐसे में राष्ट्रीय अन्य योजनाओं के साथ-साथ आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अत्यधिक सावधानी पूर्वक योजना तथा विभाग बनाने चाहिए, देश में जापान जैसे देश की तरह आपदा प्रबंधन से निपटने के लिए अत्याधुनिक आपदा प्रबंधन सिस्टम को तैनात कर तैयार रखने की आवश्यकता होगी।

भारत को आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विभाग को चुस्त-दुरुस्त तथा अत्याधुनिक तकनीक से युक्त रखने की आवश्यकता है। तूफानी चक्रवात,सुनामी,भूस्खलन, भूकंप, सूखा बाढ़ के अलावा अब कोविड-19 यानी करोना संक्रमण जैसी खतरनाक बीमारियां भारत देश को अपना निशाना बना कर रखा है ।ऐसे में भारत में मध्यम दर्जे का या निम्न दर्जे का आपदा प्रबंधन सिस्टम किसी भी काम का ना रहेगा, एवं इससे भारी जानमाल की हानि होने की संभावना सदैव बनी रहेगी। भारत में आपदा प्रबंधन के लिए 1990 में कृषि मंत्रालय के अंतर्गत डिजास्टर मैनेजमेंट सेल स्थापित किया गया था। लेकिन 1993 में लातूर के भूकंप तथा 1998 में मालपा के भूस्खलन तथा 1999 में ओडिशा में सुपर साइक्लोन तथा 2001 में भुज के भूकंप के बाद देश में एक मजबूत आपदा प्रबंधन की व्यवस्था की जरूरत को महसूस करते हुए जे,सी, पंत जी की अध्यक्षता में हाई पावर कमेटी की रिपोर्ट में एक सुव्यवस्थित तथा व्यापक सिस्टम तथा विभाग की स्थापना की आवश्यकता प्रतिवेदित की गई थी। 2002 में आपदा को देश की आंतरिक सुरक्षा का मामला मानते हुए आपदा को गृह मंत्रालय के अंतर्गत समाविष्ट किया गया।

# रिश्वतखोरों पर संसदीय विशेषाधिकार लागू नहीं होगा

**-ललित गर्ग-**

सर्वोच्च न्यायालय की सात सदस्यीय संविधान पीठ ने सर्वसम्मति से ऐतिहासिक निर्णय देकर सांसदों व विधायकों के सदन के भीतर वोट देने या वक्तव्य देने के लिए रिश्वत लेने को अपराध की श्रेणी में डाल कर साफ कर दिया है कि इन सदस्यों को मिले विशेषाधिकारों का अर्थ भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी के जुर्म से उनका बरी होना नहीं है, क्योंकि सांसदों एवं विधायकों का भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी में लिप्त होना भारतीय संसदीय लोकतंत्र की नींव को कमजोर करता है। यह एक ऐसी राजनीति का निर्माण करता है जो नागरिकों को एक जिम्मेदार, उत्तरदायी एवं स्वस्थ लोकतंत्र से वंचित करता है। हमारे संविधान निमार्ताओं ने जनता द्वारा चुने गये प्रतिनिधियों को कुछ विशेषाधिकार सदनों के भीतर बिना किसी डर या लालच के जनता की आवाज और समस्याएं सरकार तक पहुंचाने के लिए दिये थे, अब संसद, विधानमंडल में भाषण या वोट के लिए रिश्वत लेना सदन के विशेषाधिकार के दायरे में नहीं आएगा। यानी अब अगर सांसद या विधायक रिश्वत लेकर सदन में भाषण देते हैं या वोट देते हैं तो उन पर कोर्ट में आपराधिक मामला चलाया जा सकता है। ऐसा होने से राजनीति को स्वच्छता, शुचिता एवं भ्रष्टाचारमुक्ति की ओर अग्रसर करने में बड़ी सफलता मिलेगी। भारतीय लोकतंत्र को मजबूती देने एवं आदर्श शासन व्यवस्था स्थापित करने के लिये सांसदों एवं विधायकों का अपराधमुक्त होना जरूरी है। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब देश में आम चुनाव की घोषणा होने वाली है। जाहिर है, ऐसे माहौल में इस फैसले का भी कुछ न कुछ चुनावी असर को नकारा नहीं जा सकता। स्वस्थ, मजबूत एवं आदर्श लोकतंत्र के लिये राजनीति स्वार्थों, दलगत समीकरणों से अलग हटकर एवं राजनीतिक नफा-नुकसान को देखे बिना ऐसे फैसलों को चुनावी मुद्दा बनाये जाने की भी अपेक्षा है, इसी से राजनीति में गहरे तक व्याप्त हो चुके राजनीतिक भ्रष्टाचार को समाप्त करने में मदद मिल सकती है।



मुख्य न्यायाधीश श्री डी.वाई. चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता में गठित संविधान पीठ ने इस सन्दर्भ में 1998 में इसी न्यायालय द्वारा दिये गये फैसले को निरस्त करते हुए कहा कि रिश्वत लेना विशेषाधिकारों के क्षेत्र से बाहर का मामला है जबकि 1998 में न्यायालय की पांच सदस्यीय पीठ ने इसे विशेषाधिकारों के क्षेत्र में रखते हुए निर्णय दिया था कि सदन के भीतर किये गये कार्यों के लिए सदस्यों को विशेषाधिकारों का संरक्षण एवं सुरक्षा प्राप्त होती है। अनुच्छेद 105/194 में प्रदत्त विशेषाधिकार सदस्यों के लिए एक भय मुक्त संसदीय वातावरण बनाने के लिए है न कि भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी से संसदीय लोकतंत्र को बर्बाद करने के लिये हैं। सुप्रीम कोर्ट झारखंड मुक्ति मोर्चा के सांसदों के रिश्वत कांड पर आए पूर्व आदेश पर विचार कर रहा था। आरोप था कि सांसदों ने 1993 में नरसिम्हा राव सरकार को समर्थन देने के लिए वोट दिया था। इस मसले पर 1998 में 5 जजों की बेंच ने फैसला सुनाया था। अब 25 साल बाद सुप्रीम कोर्ट ने उस फैसले को पलट दिया है। यह मुद्दा दोबारा इसलिये उठा, कि झारखंड मुक्ति मोर्चा सुप्रीमो शिबु सोरेन की बहू और विधायक सीता सोरेन ने अपने खिलाफ जारी आपराधिक कार्रवाई को रद्द करने की याचिका दाखिल की। उन पर आरोप था कि उन्होंने 2012 के झारखंड राज्यसभा चुनाव में एक खास प्रत्याशी को वोट देने के लिए रिश्वत ली थी। सीता सोरेन ने अपने बचाव में तर्क दिया था कि उन्हें सदन में ह्लकुछ भी कहने या वोट देनेह्ल के लिए संविधान के अनुच्छेद 194(2) के तहत छूट हासिल है।

सभी सात न्यायमूर्तियों ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि विशेषाधिकारों का सृजन सदनों की कार्यवाहियों को निरापद ढंग से चलाने के लिए किया गया था न कि आपराधिक गतिविधियों की अनदेखी करने के लिए। भ्रष्टाचार या रिश्वत एक अपराध है जिसे सदन के भीतर या बाहर एक दृष्टि से देखना होगा। कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि सांसदों का भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को नष्ट कर देती है। हमारा मानना है कि संसदीय विशेषाधिकारों के तहत रिश्वतखोरी को संरक्षण हासिल नहीं है। न्यायमूर्ति चन्द्रचूड़ की पीठ ने इसी मुद्दे पर छायी धुंध को छांटने का काम किया है। इसके साथ ही देश की सबसे बड़ी अदालत ने विशेषाधिकारों के मुद्दे को न्यायिक समीक्षा के घेरे में ले लिया है। भले ही संसद विशेषाधिकारों के मुद्दे पर विचार करने वाली सर्वोच्च संस्था है मगर इसके सदस्यों के सदन के भीतर किये गये कार्यों की समीक्षा अब से सर्वोच्च न्यायालय में भी हो सकती है। इस तरह सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर एक बेहद महत्वपूर्ण फैसले के जरिए देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को दिशा देने की कोशिश की है।

भ्रष्टाचार से निपटने के लिए संसद और विधानसभाएं ही अपने अधिकार क्षेत्र में कानून बनाती हैं मगर जब इनके सदस्य ही सदन के भीतर वोट देने या कोई वक्तव्य देने के लिए भ्रष्टाचार करते हैं तो उन्हें उनके ही बनाये गये कानूनों से छूट किस प्रकार मिल सकती है? गौर से देखा जाये तो सांसदों को 1998 में सदन के भीतर रिश्वत लेकर वोट देने के मामले में जिस तरह भ्रष्टाचार निरोधक कानून से छूट दी गई थी वह संसदीय एवं न्यायिक रूप से गलत था। तब मामला यह था कि 1996 में स्व. पी.वी. नरसिम्हा राव की जो कांग्रेस सरकार गठित हुई थी उसे लोकसभा के भीतर पूर्ण बहुमत प्राप्त नहीं था। सदन में लाये गये विश्वास मत का सामना करने के लिए उसे दूसरे दलों के सदस्यों की जरूरत थी। बहुमत जुटाने के लिए तब झारखंड मुक्ति मोर्चा के सांसदों को रिश्वत रूप में खासा धन दिया गया। यह मामला अदालत में गया और तत्कालीन प्रधानमन्त्री स्व. पी.वी. नरसिम्हा राव अपराधी बनाये गये। निचली अदालत में उन पर आरोप पत्र दाखिल हो गया और उन्हें अपनी जमानत करानी पड़ी। इस अदालत से उन्हें सजा भी हुई। यह प्रकरण सर्वोच्च न्यायालय पहुंचा तो तब के विद्वान न्यायाधीशों ने इसे संसद के भीतर का मामला बता कर विशेषाधिकारों का हिस्सा बता दिया। इससे संसदीय विशेषाधिकारों का गलत इस्तेमाल होने लगा। चुने हुए प्रतिनिधि इन अधिकारों का बेजा इस्तेमाल करते हुए संसदीय परम्परा एवं व्यवस्था को धुंधलाने एवं दागी बनाने लगे। इस एवं ऐसे राजनीति एवं संसदीय परम्परा से जुडे. अनेक मुद्दें पर स्वस्थ बहस हो, इसके लिए जरूरी है कि इन्हें संकीर्ण नजरिये से न देखा जाए। सवाल यह है कि अगर पैसे का या तोहफों का लेनदेन रिश्वत है तो फिर मंत्री पद या चुनावी टिकट या किसी और चीज के प्रलोभन में दलबदल या क्रॉस वोटिंग करना और कराना क्या है? इन विवादित विषयां पर भी स्पष्ट नीति एवं कानून बनाने जरूरी है। जाहिर है, इन कठिन सवालों के जवाब किसी के पास नहीं हैं। लेकिन अगर राजनीति को स्वच्छ बनाना है तो इन सवालों के उत्तर तो तलाशने ही होंगे।

दरअसल संसद या विधानसभाओं की कार्यवाहियों को सुचारू व भयमुक्त चलाने व निर्वाचित सदस्यों को जनता की समस्याओं को बिना भय या प्रलोभन के रखने के लिए ही विशेषाधिकरों का गठन किया गया था। उसे किसी भी सूरत में रिश्वत लेने की आड़ के तौर पर इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। ऐसा किया गया तो सांसदों और विधायकों की एक ऐसी बिरादरी बन जाएगी, जो कानून के ऊपर मानी जाने लगेगी। अब सर्वोच्च न्यायालय ने साफ किया है कि लोकतन्त्र को स्वस्थ, गतिशील व जवाबदेह बनाये रखने के लिए भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी जैसे मामले विशेषाधिकार की श्रेणी में नहीं रहेंगे। सांसद हो या आम लोग-दोनों के लिये कानून एक समान ही लागू होना एक आदर्श स्थिति है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत किया है। कुल मिलाकर देखा जाए तो सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला न सिर्फ देश की लोकतांत्रिक कार्यप्रणाली में गहरे तक पेठ गये भ्रष्टाचार को दूर करता है बल्कि इंसाफ करने की प्रक्रिया में जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता के अलग-अलग कानूनी अधिकारों को समाप्त कर समान न्याय को स्थापित करने की दिशा में एक नये सूर्य का उदय करता है। प्रेषकः-

**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25, आई0पी0 एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोनरू 22727486**

# फेसबुक को पक्षाघात पर भक्तों का अरण्यरोदन

**@ राकेश अचल**

'फेसबुक' को बीती रात अल्प पक्षाघात हुआ तो पूरी दुनिया में फेसबुक के भक्त विचलित हो गए। लगा कि जैसे किसी ने उनकी जान ही छीन ली हो। मै भी इस भक्तमंडली का सदस्य था लेकिन फेसबुक के शांत होने के बाद मैंने भी चैन की सांस ली। मैंने बहुत कम अवसरों पर देखा है, जब लोग किसी चीज के लिए इतने परेशान और फिक्रमंद होते हैं। फेसबुक तो कोई चीज भी नहीं है। एक सेवा है किन्तु अपनी उपयोगिता की वजह से आज दुनिया के एक बड़े हिस्से के लिए प्राणवायु बन गयी है।

दुनिया में जिंदगी के लिए जैसे भोजन -पानी और आक्सीजन आवश्यक है वैसे ही अब सोशल मीडिया एक आवश्यक अवयव बन गया है। अकेले फेसबुक दुनिया के 1560 मिलियन लोग फेसबुक की सेवाओं से जुड़े हैं और ऐसे जुड़े हैं कि कुछ समय के लिए ही फेसबुक के बंद होने से सदमे की स्थिति में पहुँच गए। फेसबुक के हितग्राहियों की दशा ऐसी हो गयी जैसे किसी सांप के मुंह से उसकी मणि छीन ली गयी हो, या किसी मछली को पानी से निकाल कर गर्म रेत पर फेंक दिया हो। जाहिर है कि फेसबुक ने बीस साल में ही जनमानस पर अपना इतना प्रभुत्व बना लिया है की लोग उसके आदी हो गए हैं और एक पल भी 'फेसबुकाये' बिना नहीं रह सकते।

फेसबुक 'अनंग ' है। फेसबुक को शैव सम्प्रदाय का कोई 'हैकर' ही अपनी तीसरी आँख से भस्म कर सकता है लेकिन हमेशा के लिए नहीं। फेसबुक की मारक क्षमता से समाज ही नहीं बल्कि सियासत भी बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है, बावजूद इसके फेसबुक अपनी जगह है, उसे मिटाने की, 'हैक' करने की तमाम कोशिशें बार-बार नाकाम हो जाती है। 5 मार्च 2024 को भी ऐसी ही कोशिशें नाकाम हुईं और लोगों ने चैन की सांस ली। सवाल ये है कि गुण-दोषों से भरी फेसबुक आम आदमी की जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बन कैसे गयी ? इसके लिए हम खुद जिम्मेदार है। हमारी सियासत जिम्मेदार है। जिन्होंने लगातार ऐसी परिस्थितियां पैदा की जिसकी वजह से इंसान आपस में कटता चला गया। संवाद की सूरत लगातार कम होती चली गयी।

आज फेसबुक है तो तमाम दूसरी बुक्स बेकार है। फेसबुक आज का सबसे बड़ा और सबसे ज्यादा लोकप्रिय महाग्रंथ बन चुका है। फेसबुक किसी से भेदभाव नहीं करता। फेसबुक की अपनी दुनिया है। अपने कानून हैं। अपने तौर-तरीके हैं। फेसबुक की अपनी कोई भाषा नहीं है। फेसबुक अपने उपयोगकताओं को अपनी पसंद की भाषा



चुनने का अवसर देती है। फेसबुक का अपना लोकतंत्र है, अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है, हालाँकि इसके अपने मापदंड हैं, सीमाएं है। फेसबुक भी अभिव्यक्ति की आजादी को एक सीमा के बाद पाबंद करती है किन्तु उस तरीके से नहीं जिस तरीके से आज दुनिया में तमाम धार्मिक और लोकतांत्रिक सरकारें कर रही हैं। फेसबुक दुनिया के तमाम सत्ता प्रतिष्ठानों के लिए खतरा है। इसीलिए जब तब दुनिया के तमाम देशों की सरकारें फेसबुक को प्रतिबंधित करने के लिए इंटरनेट को ही बंद करा देती हैं। हमारे हिन्दुस्तान में तो ये सब आये दिन होता रहता है।

कहते हैं कि आवश्यकता ही आविष्कार की जननी होती है, सो इसी तरह अमेरिका के एक कालेज छात्र मार्क जुकरबर्ग की मित्रों से जुड़े रहने की जरूरत ने 2004 में फेसबुक को जन्म दिया था जो आज दुनिया के एक बाद हिस्से की जरूरत बन चुकी है।

दुनिया के तमाम लोग जुकरबर्ग के शुक्रगुजार हैं फेसबुक बनाने के लिए। फेसबुक दुनिया का ऐसा मेला है जहाँ दशकों से गुम हुए लोग आपस में मिल जाते हैं। ये काम आसान काम नहीं है। फेसबुक ने मनुष्य के एकांत में दखल किया है। मनुष्य को अवसाद से बचाया भी है और सामाजिक सुरक्षा भी दी है, साथ ही अश्लीलता, घृणा भी परोसी है। फेसबुक गोपनीयता के लिए खतरा भी है और समाज को पारदर्शिता की और भी ले जाती है। यानि फेसबुक एक दोधारी तलवार है। ये ऐसा उस्तरा भी है जो यदि बंदर के हाथ लग जाये तो हजामत बनने के बजाय गर्दन काटने का भी काम कर सकती है।

फेसबुक के अनेक रूप है। फेसबुक दवा भी है और जहर भी। फेसबुक मनोरंजन भी देती है और विकृति भी। फेसबुक के पास दोस्ती और दुश्मनी के लिए पर्याप्त समय है। फेसबुक राजनीतिक हस्तक्षेप भी करती है और निजता पर भी डाका डालती है। फेसबुक नशा भी है और नशामुक्ति भी। फेसबुक के समर्थक भी हैं और विरोधी भी। फेसबुक अबाल-वृद्ध सबकी मित्र है। सबकी अभिभावक भी है। सबकी हमराह, हम जुल्फ, हमदर्द, हमजोली यानि सब कुछ है। फेसबुक किसी के लिए गीता है तो किसी के लिए कुरआन। किसी के लिए बाइबल है तो किसी के लिए कुछ और। इतना रूतबा और व्यापकता शायद किसी दूसरे माध्यम के पास नहीं हैं।

फेसबुक से आप मनोरंजन, ज्ञानार्जन, व्यवसाय, महिमा मण्डन और मन मर्दन जो चाहे सो कर सकते है। ये आपके ऊपर है कि आप फेसबुक का कैसे इस्तेमाल करना चाहते है। दुनिया में जैसे विभिन्न प्रकार के नशा से मुक्ति के लिए अभियान चलाये जाते हैं उसी तरह फेसबुक से मुक्ति के लिए भी अभियान चलाये जाते हैं। कुछ लोग 31 मई को फेसबुक छोडो दिवस के रूप में भी मानते हैं। कुल मिलाकर फेसबुक आज मनुष्य जीवन की प्राणवायु है। इस पर जब-जब खतरा मंडराता है दुनिया बेचैन हो जाती है। इसलिए जरूरी है कि आप फेसबुक से मुहब्बत करते हुए भी इसका कोई न कोई विकल्प खोजकर रखिये अन्यथा खुदा न खस्ता किसी दिन फेसबुक समाप्त हुई उस दिन आपकी दुनिया भी आपको समाप्त होती सी नजर आएगी। वैसे मै फेसबुक को कलियुग का असली अवतार मानता हूँ। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी को मैंने कभी अवतार नहीं माना जबकि वे एक महान से महान नेता हैं। आइये हम सब फेसबुक की सलामती के लिए समवेत होकर ईश्वर से, हैकरों से प्रार्थना करने की वे इस पाकीजा उपक्रम से छेड़छाड़ न करें और ईश्वर इसे लम्बी उम्र दे।

# महिलाओं पे अत्याचार कब तक होगा

**सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"**

भारतीय समाज एक ऐसा समाज है जिसमें महिलाओं को प्रारंभ से ही पुरूषों से दबकर रहने को कहा जाता है, चाहे वह पिता के रूप में हो या भाई, ससुराल में पति ससुर तथा देवर भी हो सकता है। कहा जाता है कि पति ही परमेश्वर है जिसका परिणाम यह है कि नारी पुरुष द्वारा थोपी गई मान्यताओं का खुलकर विरोध नहीं कर पाती बस! यही से निर्माण होता है पुरुष प्रधान समाज का।

इस पुरुष प्रधान समाज में नारी की दशा बदतर है यह किसी से नहीं छुपी है। नारी को अपनी योग्यता सिद्ध करने के लिये अनेक विरोधों का सामना करना पड़ता है। पुरुषों द्वारा संचालित समाज स्त्री को जन्म से मृत्यु तक शरणागत बना देता है। भारतीय समाज ने एक सोचे- समझे षड़यंत्र के तहत भारतीय नारी को सहनशीलता और समर्पण के उच्च आदर्शों में बांधकर उसे मानसिक रूप से अपनी स्थिति पर विचार कर पाने में पूर्णतया असमर्थ बना दिया! नारी जो वास्तव में एक शक्ति थी, और है, इन आदर्शों और चारित्रिक मूल्यों का निर्वाह करने और उन्हें कायम रखने के संशय में उलझी स्वयं का मानसिक, शारीरिक और सर्वथा अनुचित शोषण चुपचाप सहती आ रही है।

वैसे देखा जाये तो महिलाओं पर होने वाले अपराधों के लिए रूढ़ियों व प्रथाओं को भी जिम्मेदार माना जा सकता है। आज सती प्रथा का अंत तो लगभग हो चुका है। लेकिन आज भी नारी को पैतृक संपत्ति में अधिकार देने के लिये नारी शिक्षा का प्रसार करने के क्षेत्र में कोई सुधार नहीं हुआ है। भले ही कानून बना है, लेकिन इसे मानते? कितने लोग हैं। नारी जनजागरण का सर्वथा अभाव है। परिणामतः नारी उत्पीड़न का शिकार हो रही हैं। शायद निम्न कविता भी यही कुछ कहती हैं।

**"मुक्त करो नारी को मानव,**
**चिर बंदिनी नारी को ।**
**युग-युग की बर्बर कारा से, जननी सखी प्यारी को।।"**

पुरुष और यह समाज तो स्त्री के प्रति दोषी है ही, यह भी होता है कि प्रायः स्त्री को स्त्री जाति से ही उपेक्षा उत्पीड़न मिलती है। जैसे स्त्रियों के अंतर्गत सास, बहु, ननद, भाभी आदि के झगड़ों के किस्से रोजाना समाचार पत्र पत्रिकाओं में पढ़ने को मिल जाते हैं। स्त्रियों के नजर में स्त्रियाँ ही उपेक्षित होगी तो स्त्रियों के प्रति जो कमजोरी हुआ करती हैं, उस कमजोरी को भी स्त्रियाँ ही प्रतिबंधित कर सकती हैं। यदि वे चाहें तो बहुओं को जलाने प्रताड़ित एवं दहेज की मांग करने में घर की स्त्रियां जितना आगे होती है उतना पुरुष नहीं। ऐसे खतरनाक खेलों में पुरुष स्त्रियों के माध्यम तो अवश्य बनते हैं, किन्तु अगुआ कम ही होते हैं। इस तरह यह भी तय है कि स्त्री ही स्त्री जाति के अस्तित्व के लिये चुनौती बनी हुई हैं। कुल मिलाकर यह सच है कि बड़े-बड़े गरिमामय सैद्धांतिक मूल्यों के बावजूद पुराने अंधविश्वासों और विकृत आधुनिकता ने मिलकर महिलाओं के लिये कल के मुकाबले आज अधिक विषम स्थिति पैदा कर दी है। अब तक की स्थितियों में महिलाओं को दूसरे दर्जे की नागरिकता दे रखी है। दहेज बलात्कार, अपहरण, आर्थिक भेदभाव, मानसिक उत्पीड़न द्वारा सताये जाने के कारण आत्महत्याओं आदि की घटनायें नित्य हो रही है। संवैधानिक अधिकारों के बावजूद समाज ने महिलाओ को सामाजिक समता का अधिकार नहीं दिया। इस प्रकार संक्षेप में हम कह सकते हैं कि महिलाओं पर होने वाले अपराधों के प्रति समाज, पुरुष, प्रथायें वर्तमान की विषम व्यवस्था, जागरुकता का अभाव और सबसे अंत में स्वयं स्त्री ही पूर्ण रूप से जिम्मेदार है।

"तुम भूल गये पुरुषत्व मोह में, कुछ सत्ता है नारी की।
समरसता संबंध बनी, अधिकार और अधिकारी की।।"

# आयोग के निर्देशों अनुसार कराना है लोस चुनावः डीएम

## लोस चुनाव बाबत डीएम ने सौंपी जिम्मेदारी

**अखंड भारत संदेश**



बैठक में निर्देश देते डीएम।

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने लोकसभा चुनाव की विभिन्न व्यवस्थाओं में लगाये नोडल अधिकारियों से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की जारी गाइडलाइन अनुसार चुनाव संपन्न कराना है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करना है। स्वीप बहुत महत्वपूर्ण है, ये कार्य अच्छे से किया जाये।

बुधवार को कलेक्टेट्रट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने एडीएम से कहा कि प्राप्त निर्वाचन सामग्री संबंधित अधिकारियों को दें। बीडीओ व ईओ मतदान केंद्रों पर छाया-पानी, दिव्यांगजन अधिकारी मतदान केंद्र पर दिव्यांग मतदाताओं की सूची, व्हीलचेयर की व्यवस्था करें। सीडीओ से कहा कि सभी बीडीओ व ईओ की बैठक कर मतदान केंद्रों का भ्रमण कर देखें कि कहीं कोई समस्या तो नहीं है, तत्काल निराकरण करें। मतदाता प्रतिशत बढ़ाना है, स्वीप से मतदाताओं को जागरूक कर मतदान प्रतिशत बढ़ायें। बूथ लेवल ऑफिसर क्षेत्र में मतदाताओं को जागरूक करें। शहर व जिन मतदान केंद्रों में 60 फीसदी से कम मतदान पिछले चुनाव में हुआ है, अधिक फोकस करें। एक्सईएन लोनिवि प्रान्तीय खंड से कहा कि प्रशिक्षण स्थल, पोलिंग पार्टियों के रवाना स्थल, मतगणना स्थल पर टेंट, फर्नीचर, बैरिकेडिंग, साउंड, प्रकाश आदि व्यवस्था कर लें। एडीएम न्यायिक से कहा कि जिले में स्थापित प्रिंटिंग प्रेस की बैठक कर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश बतायें।

बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम वंदिता श्रीवास्तव, एडीएम नमामि गंगे उमेश चंद्र निगम, एडीएम न्यायिक राजेश प्रसाद, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, एसडीएम मानिकपुर पंकज वर्मा, एएसडीएम मो जसीम, कोषाधिकारी रमेश सिंह, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी विनय दीक्षित, एक्सईएन लोनिवि सत्येंद्रनाथ, डीएसओ आनंद कुमार सिंह समेत जिला स्तरीय

# जिला पंचायत का 456.95 लाख का बजट मंजूर, विभिन्न विभागों ने बताई उपलब्धि

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव की अध्यक्षता में जिला पंचायत का 2024-25 की कार्य योजना 456.95 लाख रुपये अनुमोदित हुए। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने उपलब्धि बाबत जानकारी सदन में रखी।

बुधवार को जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव की अनुमति से अपर मुख्य अधिकारी सुधीर कुमार ने बैठक शुरु कराई। एजेंडा बिन्दुवार प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुए। पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि हुई। प्रस्ताव संख्या-2 अटल भू-जल योजना से आच्छादित विभागों से संचालित स्टेट सेक्टर/सेन्ट्रल सेक्टर योजनाओं की 2024-25 की कार्य योजना 456.95 लाख की मंजूरी हुई। प्रस्ताव संख्या-3 के तहत अटल भू-जल योजना से आच्छादित प्राप्त धनराशि के तालाबों की कार्य योजना 381.27 लाख की मंजूरी हुई। पंचायतीराज व्यवस्था व अन्य विभागों-चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पेयजल, विकास, बेसिक शिक्षा, कृषि, सहकारिता, पशुधन, समाज कल्याण, ग्रामीण अभियंत्रण,



जिला पंचायत बैठक में मौजूद अध्यक्ष-अधिकारी आदि।

युवा कल्याण, भूमि संरक्षण, उद्यान, पंचायतीराज, लघु सिचाई, बाल विकास, मत्स्य, माध्यमिक शिक्षा, नलकूप, दुग्ध विकास, जल निगम, सार्वजनिक निर्माण, जिला पूर्ति, नेडा अन्य जिला स्तरीय विभागों के कार्यों की समीक्षा व प्रगति पर चर्चा हुई। बैठक में सांसद आरके सिंह पटेल, सदस्य जिला पंचायत विनीत द्विवेदी, अनिल कुमार, राजाराम पाल, अर्जुन प्रसाद शुक्ला, उमाकान्त त्रिपाठी, शिवऔतार त्रिपाठी, जगदीश यादव, श्रीमती प्रेमा सिंह, श्रीमती राजरानी, श्रीमती अनीता सिंह बघेल, मीरा भारती, संगीता देवी मौजूद रहे। ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, अरविन्द मिश्र, अपर मुख्य अधिकारी सुधीर कुमार, अभियंता भगत सिंह, वित्तीय परामर्श पंचानन वर्मा, मुख्य लिपिक इन्द्रपाल, अवर अभियंता राम सिंह, राकेश कुमार, लेखाकार अजय कुमार अवस्थी, कर अधिकारी संतोष कुमार सैनी समेत स्टाफ मौजूद रहा।

# रामायण मेला में प्रदर्शनी समेत करें चैकस व्यवस्थाः एडीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एडीएम एफआर वंदिता श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय रामायण मेला महोत्सव तैयारी बाबत बैठक में कहा कि मेला का 51वां महोत्सव मनाया जा रहा है। आठ से 12 मार्च तक होगा। ये मेला प्रांतीय मेला बतौर घोषित है। एसडीएम सदर व सीओ सिटी से कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम करें।

बुधवार को कलेक्टेट्रट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीएम ने कार्यक्रमों की सूची समिति से मांगी। अभिविहीत अधिकारी व ईओ से कहा कि खाद्य सामग्री की दुकानों की जांच करते रहें। अग्निशमन अधिकारी ज्वलनशील पदार्थों पर निगरानी रखें। स्वास्थ्य विभाग हेल्थ कैंप लगाये। एक्सईएन विद्युत से विद्युत तार, जल संस्थान से पेयजल, ईओ नगर पालिका से साफ-सफाई दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। मोबाइल शौचालय, स्टॉल प्रदर्शनी, मंच देखने के एक्सईएन लोनिवि को निर्देश दिये। बीएसए से रंगोली बनवाने, विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी लगवाने की व्यवस्था के निर्देश दिये। हर वर्ष की भांति मेला को संपन्न कराने को अधिकारियों को दायित्व सौंपे।

बैठक में एसडीएम सदर सौरभ यादव, उप निदेशक कृषि राजकुमार, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, एक्सईएन जल संस्थान डीके सत्संगी, लोनिवि प्रांतीय खंड एक्सईएन सत्येंद्र नाथ, विद्युत दीपक सिंह, डीएसओ आनंद कुमार सिंह, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा, बीएसए लव प्रकाश यादव, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेन्द्र कुमार, मेला समिति के प्रशांत करवरिया, करुणा शंकर द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# दम्पति के विवाद को पुलिस ने कराया खत्म

**अखंड भारत संदेश**



दम्पति में सुलह कराती पुलिस।

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के प्रयास में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में आपसी पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर दम्पति में सुलह कराई।

बुधवार को मानिकपुर दुमदुमा थाना पृथ्वीपुर जिला झांसी के अभिताभ रैकवार पुत्र विनोद कुमार ने पत्नी ज्योती पुत्री कमलेश निवासी शंकरगंज खटिकाना कोतवाली कर्वी के विरुद्ध गाली-गलौज, मारपीट बाबत पुलिस अधीक्षक को पत्र सौंपा था। पुलिस अधीक्षक ने पत्र निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को भेजा। केन्द्र प्रभारी श्रीमती गुड्डी देवी, महिला सिपाही शिवांगनी श्रीवास्तव ने शिकायत को सुन-समझकर दूसरे पक्ष को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनों पक्षों को भविष्य में विवाद न करने व पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर दम्पति ने एक-दूसरे के साथ तालमेल से रहने का भरोसा दिया।

# भांग गोदाम आड़ में गांजा कारोबारी तीन को हुई 10-10 वर्ष की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भांग दुकान आड़ में गांजा के कारोबार मामले में 24 किलो गांजा समेत पकड़े तीन आरोपियों को त्वरित न्यायालय ने सजा सुनाई है। तीनों आरोपियों को 10-10 वर्ष की सजा हुई है। प्रत्येक आरोपी को एक-एक लाख रूपये के जुर्माना से दंडित किया है।

बुधवार को सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सनद कुमार मिश्रा ने बताया कि लखनऊ की एनसीबी टीम को कर्वी में अरूण कुमार गुप्ता की भांग गोदाम में गैर कानूनी ढंग से गांजा का

## लखनऊ की एनसीबी टीम ने मारा था छापा

अवैध कारोबार होने की सूचना मिली थी। लखनऊ से आये एनसीबी के सूचना अधिकारी अनूप कुमार गुप्ता ने 26 मई 2013 को टीम व स्थानीय पुलिस के साथ कर्वी के बलदाऊगंज प्यारेलाल कालोनी स्थित अरूण कुमार गुप्ता के भांग गोदाम में छापा मारा था। गोदाम के मुंशी बद्री प्रसाद शिवहरे, कर्वी शंकर बाजार के शिव कुमार सविता व बांदा जिले के बदौसा के शिवराम शिवहरे को टीम ने गिरफ्तार किया। गोदाम में रखे 24 किलो गांजा बरामद किया। टीम ने मामला कर्वी कोतवाली में दर्ज कराया। न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। दौरान मुकदमा अरूण कुमार गुप्ता की मौत हो गयी थी। बचाव व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद बुधवार को त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज सुशील कुमार वर्मा ने दोष सिद्ध होने पर बद्री प्रसाद शिवहरे, शिवकुमार सविता, शिवराम शिवहरे को 10-10 वर्ष की सजा सुनाई। प्रत्येक को एक-एक लाख रूपये के जुर्माना से दंडित किया। न्यायालय निर्णय के बाद दोषियों को सजा भुगतने को जिला कारागार भेजा गया।

# हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव में बच्चों ने लूटी वाहवाही, बच्चे-शिक्षक हुए सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**



बच्चों व शिक्षकों को सम्मानित करते अतिथिगण।

**मऊ/चित्रकूट।** रामनगर ब्लाक में हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव भव्य समारोह में हुआ। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

बुधवार को बीईओ रामनगर एनपी सिंह, उत्तर प्रदेशीय बेसिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय के साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं व आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने विचार व्यक्त किये। समापन पर बच्चों को पुरस्कृत कर प्रमाण पत्र देकर उत्साहवर्धन किया। रामनगर के परिषदीय विद्यालयों के छात्रों ने सीपी गौतम महाविद्यालय देउंधा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दिशा-निर्देश में बुनियादी साक्षरता एवं प्राथमिक अंक दक्षता पाने को प्राथमिक शिक्षा व जनसमुदाय को निपुण लक्ष्यों की जरूरत पर जोर दिया। खंड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह ने कहा कि उद्देश्य गहरे हैं, शिक्षा क्यों चाहिए। ये बात अभिभावकों के मन में शिक्षक पहुंचा पाने में नाकाम रहे हैं। उत्तर प्रदेशीय बेसिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय ने कहा कि गर्व होता है कि निजी स्कूलों के सापेक्ष बेसिक स्कूल के बच्चे शिक्षकों की अगुवाई में नैतिक मूल्य पाते हैं। सर्वांगीण विकास के साथ समेकित विकास की भी आवश्यकता है, इसे समाहित करें। प्राथमिक विद्यालय बांधी की प्रधानाध्यापिका पूनम श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों को भी खुलापन चाहिए, केवल किताबी ज्ञान तक उन्हें सीमित न रखें, ताकि भविष्य में व्यक्तित्व निर्माण में सकारात्मकता ला सकें। इस मौके पर शिक्षक परामर्शदाता छोटा प्रसाद, शिक्षक राजू यादव, रामेश्वर सिंह, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, साधना वर्मा, एकता जायसवाल ज्योति सिंह ने भी विचार रखे। ब्लाक क्षेत्र के 13 निपुण विद्यालय से आये प्राथमिक व जूनियर स्तर के बच्चों व आंगनवाड़ी के बच्चों को ब्लाक प्रमुख गंगाधर मिश्रा, बीडीओ शैलेन्द्र सिंह आदि ने प्रमाण पत्र व कापियां देकर सम्मानित किया। आदर्श शिक्षकों में शिवकृपाल सिंह, दीपक पाण्डेय, आदर्श आंगनवाड़ी में अरुंधती, शोभा सेन सम्मानित हुए। नोडल संकुल शिक्षकों समेत निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को भी प्रमाण पत्र मिले। बाल विकास परियोजना की सुपरवाइजर पुष्पा सिंह ने आभार जताया। संचालन शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ला ने किया।

# अराजकों ने तोडी शिवलिंग जलधारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मन्दाकिनी नदी के भैरोंपागा रोड स्थित सुंदर घाट में अराजकतत्वों ने शिवलिंग की जलधारी तोड़ दी है। ढूंढने के प्रयास किये जा रहे हैं। अभी तक ये पता नहीं चल सका किसने तोड़ा है। पुलिस प्रशासन भी जांच कर रहा है। बुधवार को शिवलिंग की जलधारी टूटी देखने को मिली। सुन्दर घाट में शाम होते ही अराजकतत्वों का जमावडा शुरु हो जाता है। अंधेरा होने से लोग शराब की बोतले लेकर मंदिर व घाटों की सीढ़ियों में शराब पीते हैं। शराब पीने वाले बोतलें घाटों की सीढ़ियों में तोडते हैं। मां मंदाकिनी में बोतलें फेंक देते हैं। शिवलिंग जलधारी टूटने को लेकर लोगों ने सवाल उठाये हैं। प्रदेश सरकार को सुंदर घाट की व्यवस्था को उचित प्रबंध करना चाहिए। शराबियों का जमघट दूर करने के प्रयास होने चाहिए।

# दस हजार का ईनामी अपराधी गिरफ्तार

## तमंचा-कारतूस, चोरी के जेवरात बरामद

**अखंड भारत संदेश**



पुलिस गिरफ्त में ईनामी अपराधी।

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह की अगुवाई में पुलिस ने दस हजार रुपये के ईनामी अपराधी को तमंचा-कारतूस व चोरी के जेवरात समेत गिरफ्तार किया।

बुधवार को बहिलपुरवा थाने के थानाध्यक्ष रामसिंह व दरोगा भगवतनारायण पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी का ईनामी अपराधी कल्लू रैकवार पुत्र भीखम रैकवार निवासी रामपुर कल्याणगढ़ थाना मानिकपुर मौजूद है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे दबोच लिया। उसके कब्जे से तमंचा-कारतूस, चांदी के जेवर आदि बरामद हुए। कल्लू रैकवार चोरी के मामले में मानिकपुर थाने से वांछित चल रहा था। उसने देशी शराब ठेके में चोरी की थी। पुलिस पहले भी उसे जेल भेज चुकी थी। उस पर दस हजार रुपये का ईनाम घोषित था। चैकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह की निशानदेही पर उसके कब्जे से चोरी का माल बरामद हुआ। टीम में दरोगा भगवतनारायण, दीवान सज्जन कुमार व सिपाही शक्ति सिंह शामिल रहे।

# चेकडैम में अज्ञात महिला का मिला शव, शिनाख्त के हो रहे प्रयास

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** पहाड़ी थाना के अशोह व बाबूपुर गांव के बीच कोर्रा हार स्थित चेकडैम में एक महिला का शव तैरता मिलने पर हडकम्प मच गया। सीओ श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने पुलिस बल के साथ मौके का निरीक्षण कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा। मृतका की शिनाख्त नहीं हो सकी है। अज्ञात महिला का शव मिलने की ये घटना बुधवार को हुई। बताया गया कि घास लेने गई महिलाओं ने आपस में शव पडे होने की चर्चा की। प्रधान प्रतिनिधि अशोह देवकुमार यादव ने घटना की सूचना थानाध्यक्ष पहाड़ी श्याम प्रताप सिंह पटेल को दी। थानाध्यक्ष ने उच्चाधिकारियों को जानकारी दी। इं क्राइम विनोद कुमार राय, दरोगा विपिन कुमार मिश्र व सिपाही आंनद कुमार, शरद कुमार के साथ घटना स्थल पहुंचे। शव को पानी से निकलवाया। सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने पहुंचकर आसपास के गांव बाबूपुर, अशोह, इटौरा आदि गांवों के प्रधानों, चैकीदारों से महिला के हुलिया व कपडों से शिनाख्त के प्रयास किये। किसी ने शिनाख्त नहीं की। फील्ड यूनिट कुतिया डाली के साथ काफी देर तक सुराग लगाने के प्रयास हुए। घटना स्थल से कुछ नहीं मिला। शव को रस्सी में पत्थर बांधकर कोर्रा हार स्थित चेकडैम में फेंका गया था। महिला के शरीर में चोट के निशान भी नहीं है। मौत कैसे हुई, ये पोस्टमार्टम से पता चलेगा। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा।



शव का निरीक्षण करती पुलिस।

सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने बताया कि महिला की शिनाख्त को जिले समेत पड़ोसी जिलों कौशांबी, फतेहपुर, बांदा, प्रयागराज, रीवा, सतना के थानों में महिला की फोटो व हुलिया भेजकर शिनाख्त कराई जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा होगा।

# 13 साइबर अपराध पीडितों के खाते में लौटाये 808457 रुपये

**अखंड भारत संदेश**



एसपी को धन्यवाद ज्ञापित करते पीडित।

**चित्रकूट।** बढ़ते साइबर अपराध रोकने व जनता को राहत दिलाने की गरज से जारी अभियान में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर 13 साइबर अपराध पीड़ितों को 808457 रुपये खातों में वापस कराये। बुधवार को साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक निशिकान्त राय, सिपाही सर्वेश कुमार, प्रशांत कुमार ने 13 पीडितों के 808457 रुपये वापस कराये। ज्ञात है कि आम जनता के बैंक आने-जाने बैंकिग औपचारिकताओं में नष्ट होने वाले समय से बचने को भारत सरकार के डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने में जिनके पास एन्ड्राइड मोबाइल हैं। आनलाइन बैंकिंग सेवा का लाभ लेने में जरा सी असावधानी होने पर साइबर ठगी के शिकार हो रहे हैं। आनलाइन बैंकिंग सेवा का लाभ लेने वाले लोग साइबर ठगी के शिकार होने से सावधानी अपनाकर बच सकते हैं। जिला साइबर सेल लगातार साइबर अपराध बचाव को जागरुक करता है। साइबर अपराध की शिकायत मिलने पर दर्जकर सम्बन्धित बैंकों से तालमेल कर धनराशि लौटाई जाती है। साइबर अपराध पीड़ितों के रुपये वापस मिलने पर लोगों ने पुलिस अधीक्षक की टीम का आभार जताया। किसी भी प्रकार का साइबर फ्राड होने पर 1930 में कॉल करें। इस मौके पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ कार्यालय राजकमल की देखरेख में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक निशिकान्त राय काम कर रहे हैं।

# नारी विकास से ही भारत बनेगा विकसित राष्ट्रः अशोक जाटव

**अखंड भारत संदेश**



नारी शक्ति वंदन-संवाद में बोलते जिलाध्यक्ष।

**चित्रकूट।** भाजपा ने जिले के 11 मण्डलों में नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महिलाओं से संवाद का वर्चुअल कार्यक्रम किया। कर्वी मंडल के नारी शक्ति वंदन सम्मान व संवाद समारोह रामलीला भवन पुरानी बाजार कर्वी में हुआ।

बुधवार को कर्वी मंडल सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, महामंत्री आलोक पाण्डेय, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी व ऐंचवारा में नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, रगौली में डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल, रामनगर में ब्लाक प्रमुख गंगासागर मिश्र, मानिकपुर में ब्लाक प्रमुख अरविंद मिश्र, शिवरामपुर में चन्द्रिका प्रसाद की मौजूदगी में शक्ति वंदन सम्मान व संवाद समारोह स्वयं सहायता समूह की महिलायें व सामाजिक सस्थाओं से जुड़ी महिलाओं से जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि नारी नारायणी का स्वरूप है। भाजपा नारी को शक्ति रूप में स्थापित कर रही है। भाजपा डबल इंजन सरकारें नारी शक्ति के विकास को संकल्पित हैं।

लखपति दीदी, ड्रोन दीदी, नारी शक्ति के नवीन आयाम हैं। मोदी नारी शक्ति के नेतृत्व में विकास पर जोर दे रहे हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने सम्मान समारोह में महिलाओं से कहा कि नारी शक्ति को सशक्त करने को ही मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करवाया है। नारी का विकास करके ही भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने कहा कि भाजपा डबल इंजन सरकारे डबल गति से नारी शक्ति का विकास कर रही हैं। नगर पालिका चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि महिलायें विकास की प्रक्रिया में सहभागी हो रही हैं। महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि मोदी का संकल्प है नारी शक्ति का विकास। सम्मान समारोह व संवाद में श्रीमती अंजू वर्मा, अर्चना सिंह, विनीता द्विवेदी, साधना सिंह, रवि गुप्ता, महक सोनी, चेतना रैकवार, चन्दा, नीलम रैकवार, रेखा गुप्ता, लक्ष्मी, शीला समेत सैकड़ों नारी शक्ति सहभागी हुई।

# चोरी में हुई सजा-जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** थाना जीआरपी कर्वी में दर्ज चोरी व माल बरामद मामले में प्रभारी विवेचना व पैरवी के चलते न्यायालय सिविल जज (सीडि) एफटीसी ने मोहित द्विवेदी पुत्र कल्लूराम निवासी इटखरी कोतवाली कर्वी को न्यायालय उठने तक की सजा व पांच सौ रुपये तथा माल बरामद में पांच सौ रुपये कुल एक हजार रुपये से दंडित किया। लोक अभियोजक हरिओम सिंह व विवेचक दरोगा हेमन्त कुमार सिंह, पैरोकार सुखविन्दर सिंह, कोर्ट मोहर्रिर सरिता देवी ने प्रभावी पैरवी की थी।

# ढाका में बेली रोड त्रासदी में 46 लोगों की मौत के बाद जागा प्रशासन, अवैध रेस्तरां पर छापे

ढाका। बांग्लादेश की राजधानी ढाका के बेली रोड पर पिछले दिनों कई महंगे रेस्तरां में भीषण आग लगने से 46 लोगों की मौत के बाद सकते में आए प्रशासन की नींद अब जाकर टूटी है। प्रशासन ने इसके बाद राजधानी में अवैध तरीके से चल रहे रेस्तरां के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। जिन होटलों में आग बुझाने के इंतजाम नहीं हैं, उन्हें सील भी किया जा रहा है। इस संबंध में 92 कर्मचारियों को हिरासत में लिया है।



ढाका ट्रिब्यून अखबार के अनुसार बेली रोड त्रासदी के बाद शुरू अभियान से शेफ सहित कर्मचारी दहशत में हैं। अपनी आजीविका को लेकर चिंतित हैं। अकेले मंगलवार को राजधानी उन्नयन कर्तृपक्खा (राजुक) ने अग्नि सुरक्षा मुद्दों पर बेली रोड क्षेत्र में चार रेस्तरां को सील कर दिया। इसके अलावा, राजधानी के खिलगांव इलाके में कई रेस्तरां वाली एक इमारत को भी इसी आधार पर मंगलवार को सील कर दिया गया। राजधानी उन्नयन कर्तृपक्खा (राजुक), अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा, ढाका साउथ सिटी कॉरपोरेशन और पुलिस की संयुक्त छापेमारी के दौरान सोमवार को धनमंडी में 22 रेस्तरां को सील कर दिया गया। सोमवार रात से मंगलवार दोपहर के बीच राजधानी के कामरंगिरचार, मोहम्मपुर और वारी इलाकों में अलग-अलग छापेमारी में 66 रेस्तरां को सीलकर होटलों के कम से कम 92 कर्मचारियों को हिरासत में लिया गया।

## मिस्र में गाजा में संघर्ष विराम की वार्ता रही बेनतीजा

**काहिरा।** गाजा में संघर्ष विराम और इजराइली बंधकों की रिहाई को लेकर हमास के साथ तीन दिनों की वार्ता मंगलवार को बेनतीजा समाप्त हो गई। मिस्र के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अमेरिका, कतर और मिस्र ने समझौता कराने के लिए मध्यस्थता करते हुए हफ्तों कोशिश की। समझौते के तहत, हमास रमजान के महीने के दौरान संघर्ष विराम के एवज में 40 बंधकों को रिहा करेगा। वहीं, इजराइल को कुछ फलस्तीनी कैदियों को रिहा करना होगा और गाजा में मानवीय राहत सहायता पहुंचने देना होगा। मिस्र के दो अधिकारियों ने कहा कि तीन दिवसीय वार्ता समाप्त हो गई है। उन्होंने कहा कि हमास ने यह प्रस्ताव दिया कि मध्यस्थ आगामी दिनों में इजराइल के साथ चर्चा करेंगे।

हमास ने इजराइल के आक्रमण बंद करने, क्षेत्र से सैनिकों को हटाने और काफी संख्या में फलस्तीनी कैदियों को रिहा करने तक, अपने कब्जे में रखे गये सभी अनुमानित 100 बंधकों को रिहा करने से इनकार कर दिया। हमास के प्रवक्ता जिहाद ताहा ने कहा कि वार्ता जारी है लेकिन गेंद इजराइल के पाले में है। मध्यस्थों को उम्मीद थी कि रमजान से पहले एक समझौता हो जाएगा। चांद नजर आने के आधार पर यह महीना 10 मार्च के आसपास शुरू होगा।

## ईएसआईसी कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और ओडिशा में खोलेगा सात अस्पताल



**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और ओडिशा में सात ईएसआई अस्पतालों के निर्माण के लिए 1,128.21 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। ईएसआईसी के ये अस्पताल हारोहल्ली, नरसापुर, बोम्मासांद्रा (कर्नाटक), मेरठ, बरेली (उत्तर प्रदेश), पीथमपुर (मध्य प्रदेश) और दुबुरी (ओडिशा) में बनाए जाएंगे। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि केंद्रीय श्रम सचिव सुमिता डावरा की अध्यक्षता में मंगलवार को यहां ईएसआईसी की स्थायी समिति की हुई बैठक में कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और ओड़िशा में सात ईएसआई अस्पतालों के निर्माण कराने का निर्णय लिया गया। ईएसआईसी की स्थायी समिति इसके लिए 1,128.21 करोड़ रुपये की मंजूरी दे दी है। इस बैठक में राजस्थान के अलवर में एक उप-क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित करने का निर्णय भी लिया गया। केंद्रीय श्रम सचिव सुमिता डावरा की अध्यक्षता में हुई बैठक में बीमित श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों को चिकित्सा देखभाल और नकद लाभ की उपलब्धता बढ़ाने से संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मंत्रालय के मुताबिक इन अस्पतालों का निर्माण जल्द शुरू होगा। इन अस्पतालों के जरिए ईएसआईसी के मौजूदा चिकित्सा बुनियादी ढांचे में 800 बिस्तर जुड़ेंगे। श्रम मंत्रालय के मुताबिक अलवर जिले में ईएसआईसी उप-क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना से अलवर, खैरथल-तिजारा, कोटपुतली-बहरोड़, भरतपुर और डीग में रहने वाले बीमा के दायरे में आने वाले लगभग 12 लाख कर्मचारी और ईएसआई योजना के लाभार्थी को फायदा मिलेगा। पिछले 10 साल के दौरान ईएसआई योजना के तहत आने वाले जिलों की संख्या 666 और बीमित श्रमिकों की संख्या 3.43 करोड़ हो गई है।

## सीबीडीटी ने ट्रस्टों और संस्थानों के लिए धर्मार्थ दान के कर निर्धारण को स्पष्ट किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने ट्रस्टों और संस्थानों द्वारा धर्मार्थ दान के कर निर्धारण को स्पष्ट किया है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक सीबीडीटी ने जारी एक परिपत्र में आय के प्रयोजन के लिए एक ट्रस्ट या संस्था द्वारा दूसरे ट्रस्ट या संस्था को दिए गए दान से संबंधित वित्त अधिनियम 2023 के तहत प्रावधानों को स्पष्ट किया है। सीबीडीटी के मुताबिक आयकर अधिनियम 1961 की धारा 12एए या 12एबी के तहत पंजीकृत कोई भी ट्रस्ट या संस्थान कुछ शर्तों की पूर्ति के अधीन छूट प्राप्त है। सीबीडीटी की ओर से जारी की गई परिपत्र संख्या 03/2024 में स्पष्ट किया गया है कि धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए ट्रस्टों या संस्थानों द्वारा दूसरों को दिए गए दान को 85 फीसदी की सीमा तक इन उद्देश्यों के लिए आवेदन माना जाएगा। शेष 15 फीसदी को निर्दिष्ट मोड में निवेश की आवश्यकता नहीं होगी।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## पेरू के प्रधानमंत्री अल्बर्टो ओटारोला ने इस्तीफा दिया

**लीमा।** विवादों में घिरे पेरू के ताकतवर प्रधानमंत्री अल्बर्टो ओटारोला ने आखिरकार अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने एक युवती की मदद करने के लिए प्रभाव डालने के आरोपों के बीच यह निर्णय लिया। उन्होंने इस युवती को कथित तौर पर "आई लव यू" कहा था। सिनार डेली समाचार पत्र के एक्स हैंडल में उपलब्ध संक्षिप्त रिपोर्ट के अनुसार अल्बर्टो ओटारोला ने संवाददाता सम्मेलन में इस्तीफा देने की घोषणा की।



TRANSPARENT & TRUTHFUL
SinarDaily
sinardaily.my
Focus Culture Opinions Videos

FOCUS FOLLOW

**Peru's PM resigns amid allegations of corruption**

His decision has two objectives, the first being "to give tranquility to the President to recompose the ministerial cabinet".

06 Mar 2024 12:12pm

अल्बर्टो ओटारोला ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति दीना बोलुअर्टे से बातचीत के बाद प्रधानमंत्री पद से अपना इस्तीफा देने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विरोधियों की नीचता कभी उनके हौसले को तोड़ नहीं पाएगी। उन्होंने कहा कि उनके इस फैसले के पीछे दो उद्देश्य हैं। पहला राष्ट्रपति को मंत्रिस्तरीय कैबिनेट का फिर से गठन करने के लिए दबाव मुक्त करना और दूसरा उन्हें पहले की तरह काम करते रहने देना। तीस दिन का आपातकालः इस बीच, पेरू टाइम्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि राष्ट्रपति दीना बोलुअर्ट ने बुधवार को देश में 30 दिन के आपातकाल की घोषणा की। जनरल आर्मी मुख्यालय में राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के साथ बैठक के बाद बोलुअर्ट ने कहा कि सभी गुटों के बीच बातचीत ही आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता है।

उल्लेखनीय है कि एक सप्ताह से चल रहे हिंसक विरोध प्रदर्शनों में, विशेषकर दक्षिणी पेरू में आठ लोगों की मौत हो चुकी है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, हड़ताल और सड़क अवरोधों के कारण पेरू को प्रतिदिन 26 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक का नुकसान हो रहा है।

## हैती के प्रधानमंत्री एरियल हेनरी को पद न छोड़ने पर नरसंहार की चेतावनी

**पोर्ट-ऑ-प्रिंस (हैती)।** हिंसा की लपटों में झुलस रहा कैरिबियाई देश हैती कई तरह की दुश्वारियों का सामना कर रहा है। गृहयुद्ध जैसे हालात पैदा हो गए हैं। आपातकाल लागू है। इस बीच "बारबेक्यू" के नाम से जाने जाने वाले शक्तिशाली गिरोह के नेता जिमी चेरिसियर ने चेतावनी दी है कि अगर प्रधानमंत्री एरियल हेनरी ने पद नहीं छोड़ा तो राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस में व्याप्त मौजूदा अराजकता "नरसंहार" में बदल जाएगी। जिमी चेरिसियर ने राजधानी में संवाददाता सम्मेलन में कहा, "अगर एरियल हेनरी इस्तीफा नहीं देते और अगर अंतरराष्ट्रीय समुदाय उनका समर्थन करना जारी रखता है, तो हम सीधे गृहयुद्ध की ओर बढ़ेंगे, जिससे नरसंहार होगा।" उल्लेखनीय है कि कुछ रोज पहले पोर्ट-ऑ-प्रिंस से करीब 3700



कैदी जेल तोड़कर फरार हो चुके हैं। पोर्ट-ऑ-प्रिंस को "दुनिया का सबसे खतरनाक शहर" कहा जाता है। कहा जाता है कि 200 से अधिक सशस्त्र गिरोह हैती की 80 प्रतिशत राजधानी पर शासन करते हैं और आतंक, यौन हिंसा, यातना और अराजकता फैलाते हैं। हैती में ताजा हिंसा बीते गुरुवार को तब शुरू हुई जब प्रधानमंत्री एरियल हेनरी ने नैरोबी का दौरा किया। इस दौरे पर उन्होंने केन्या की मल्टीनेशनल सिक्योरिटी फोर्स को हैती भेजने को लेकर चर्चा की। इसके बाद रविवार को कई सशस्त्र गुटों ने पोर्ट ऑ प्रिंस जेल पर हमला कर दिया। इस हमले में कई दर्जन लोग मारे गए।

## रूस में फंसे पंजाब के 7 लोगों को धोखे से सेना में भर्ती कर यूक्रेन के खिलाफ लड़ने के लिए दी गई ट्रेनिंग

**मास्को।** पंजाब के होशियारपुर के 7 लोगों ने वीडियो जारी कर रूस पर दर्जनों भारतीयों को धोखा देकर उन्हें यूक्रेन के खिलाफ लड़ने के लिए जबरदस्ती सैन्य प्रशिक्षण देने का आरोप लगाया है।

रिपोर्ट के मुताबिक रूस में फंसे इन भारतीयों ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से भारत लौटने में मदद करने की अपील की है। उनका कहना है कि उन्हें कभी भी यूक्रेन के खिलाफ युद्ध लड़ने के लिए भेजा जा सकता है।

सात भारतीय नागरिकों का 105 सेकेंड का वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें 7 लोग एक गंदे कमरे में खड़े हैं। उनमें से गगनदीप सिंह नामक व्यक्ति पूरा मामला बता रहा है। बाकी 6 उसके पीछे छिपने की कोशिश कर रहे हैं।

गगनदीप बताता है कि वे नए साल में रूस घूमने आए थे। एक एजेंट ने उन्हें कई जगहों पर घुमाया। इसके बाद एजेंट ने कहा कि वो बेलारूस ले जाएगा। उन लोगों को नहीं पता था कि बेलारूस घूमने के लिए वीजा लगता है। इसके बाद एजेंट पैसा मांगने लगा। सभी लोगों ने जितने पैसे थे, एजेंट को दे दिए। इसके बाद बाकी पैसे न देने पर एजेंट ने उन लोगों को हाईवे पर छोड़ दिया, जहां उन्हें पुलिस ने पकड़कर रूस की आर्मी को दे दिया।

रूस की सेना ने धमकी दी कि सभी लोग जॉब करने को लेकर एक कॉन्ट्रैक्ट साइन कर लें, नहीं तो उन्हें 10 साल की सजा होगी। इसके बाद आर्मी ने सभी से हस्ताक्षर करवा कर ट्रेनिंग देनी शुरू कर दी। तब जाकर भारतीयों को पता चला कि उनके साथ धोखा हुआ है। गगनदीप का कहना है कि उन्हें बंदूक चलाना भी नहीं आता। रूस कभी भी उन्हें यूक्रेन के खिलाफ युद्ध लड़ने के लिए तैनात कर सकता है। कई भारतीयों को पहले ही युद्ध के लिए भेजा जा चुका है।

रिपोर्ट के मुताबिक, चार भारतीयों को रूस-यूक्रेन सीमा पर रूसी सैनिकों के साथ लड़ने के लिए मजबूर किया गया। इनमें से एक तेलंगाना और तीन कर्नाटक के हैं। यह कब का मामला है, यह स्पष्ट नहीं है। रिपोर्ट में बताया गया कि रूसी कंपनियों ने इन भारतीयों को हेल्पर के तौर पर काम करने के लिए तैनात किया था। इसके बाद इन्हें रूस की निजी सेना कहे जाने वाले वैगनर ग्रुप में भर्ती करवा दिया गया और जंग के मैदान में छोड़ दिया गया। इन लोगों के परिजन ने बताया कि कुछ एजेंट्स ने दिसंबर 2023 में नौकरी के नाम पर धोखे से भारतीयों को रूस भेज दिया था। अब ये भारतीय मदद की गुहार लगा रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, 60 अन्य भारतीयों को भी झांसा देकर वैगनर आर्मी में शामिल किया गया है। महाराष्ट्र के एक व्यक्ति ने इन लोगों से रूसी भाषा में लिखा कॉन्ट्रैक्ट साइन कराया था। इन्हें बताया गया कि यह हेल्पर की नौकरी के लिए हैं।

## नेपाल में राजनीतिक उठापटक से सभी प्रदेश सरकारें अस्थिर

**नेपाल।** सत्ता गठबन्धन में हुए फेरबदल का असर प्रदेश सरकारों में दिखाई देने लगा है। जहां जिसकी सरकार है, वो पुराने गठबन्धन को तोड़ कर नए गठबन्धन बनाने में जुट गए हैं। सभी प्रदेश सरकारें इस समय अल्पमत में आ गई हैं। कहीं मंत्रियों को बर्खास्त किया जा रहा है तो कहीं सरकार से समर्थन वापस लिया जा रहा है। काठमांडू की सत्ता गठबन्धन में परिवर्तन आने के बाद सातों प्रदेशों की सरकारे अस्थिर हो गई हैं। माओवादी और कांग्रेस पार्टी के अलग होने और एमाले की सत्ता में प्रवेश होने के साथ ही प्रदेश सरकारों का समीकरण बिगड़ गया है। जहां माओवादी के मुख्यमंत्री हैं, वहां कांग्रेस के मंत्रियों ने इस्तीफा देकर समर्थन वापस ले लिया और जहां कांग्रेस के मुख्यमंत्री हैं, वहां माओवादी मंत्रियों को बर्खास्त किया जा रहा है। सभी प्रदेश में नए सिरे से नए दलों के साथ समीकरण बनाकर बहुमत साबित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस समय सात प्रदेशों में से 4 प्रदेश में नेपाली कांग्रेस का मुख्यमंत्री है जबकि 2 प्रदेशों में माओवादी का और एक प्रदेश में जनता समाजवादी पार्टी की सरकार है। कोशी, गण्डकी, लुम्बिनी और सुदूरपश्चिम प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है। इसी तरह कणार्ली और बागमती प्रदेश में माओवादी की सरकार है। मधेश प्रदेश का नेतृत्व जसपा के पास है। इन सातों प्रदेशों के मुख्यमंत्री अल्पमत में हैं। सभी के पास बहुमत हासिल करने के लिए एक महीने का समय है। इसी बीच काठमांडू में बने नए सत्ता समीकरण के कारण कांग्रेस छोटे दल को मिलाकर दो स्थानों की सरकार बचा सकती है। कोशी, गण्डकी और सुदूरपश्चिम प्रदेश में सत्ता का समीकरण अपने हाथ ही रखने का प्रयास जारी है। ऐसे ही माओवादी अपना मुख्यमंत्री रखें या वो एमाले को दें, इसका कोई फैसला नहीं हो पाया है। मधेश में किस तरह से समीकरण बनेगा, इसको लेकर माथापच्ची जारी है।

## टेक्सास में भीषण आग से 10 लाख एकड़ भू भाग प्रभावित, सैकड़ों जानवर और घर जले

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के टेक्सास राज्य लगी भीषण आग ने 10 लाख एकड़ जितने बड़े भू भाग को अपनी चपेट में ले लिया है जिससे हजारों घर और जानवर भी जल गए हैं। यही नहीं, आग बुझने के बाद अब इसके निशान भी टेक्सास राज्य में दूर-दूर तक दिखाई दे रहे हैं।

टेक्सास पैनहैंडल के जंगलों में आग लग गई थी, जिसके कारण लोगों को प्रभावित क्षेत्र छोड़कर सुरक्षित स्थान पर जाना पड़ा। इसके कारण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति काट दी गई, जिससे हजारों लोग प्रभावित हुए। इसके अलावा एक परमाणु हथियार इकाई को कुछ समय के लिए बंद करना पड़ा। क्योंकि तेज हवाओं, सूखी घास और बेमौसम गर्म तापमान के चलते आग तेजी से फैल रही थी। इस आग को स्मोकहाउस क्रीक फायर भी कहा जा रहा है। जंगल में लगी आग के कारण जानवर की जान भी चली गई।

स्मोकहाउस क्रीक में लगी आग टेक्सास के इतिहास की सबसे बड़ी है। इस आग ने टेक्सास राज्य को बुरी तरह प्रभावित किया है। फिलहाल आग बुझाने के बाद पीड़ितों की मदद की जा रही है। बता दें कि इस आग की चपेट में आने से 10 लाख एकड़ से अधिक इलाका जलकर खाक हो चुका है। हालांकि इन जगहों पर राहत व बचाव काम तेजी से जारी है।

## आर्थिक सलाहकार पद के लिए 16वें वित्त आयोग ने आवेदन आमंत्रित किये




**नई दिल्ली।** 16वें वित्त आयोग ने प्रतिनियुक्ति या अनुबंध के आधार पर आर्थिक सलाहकार के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किये हैं। यह 7वें केंद्रीय वेतन आयोग (सीपीसी) के वेतन मैट्रिक्स के लेवल पर संयुक्त सचिव स्तर का पद है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि 16वां वित्त आयोग ने प्रतिनियुक्ति या अनुबंध के आधार पर 7वें सीपीसी के वेतन मैट्रिक्स लेवल-14 (संयुक्त सचिव स्तर) पर आर्थिक सलाहकार के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किये हैं। मंत्रालय के मुताबिक 16वें वित्त आयोग ने आर्थिक सलाहकार के पद के लिए योग्यता, नौकरी की जिम्मेदारियां, परिलब्धियां और आवेदन पत्र अपनी वेबसाइट सर्कुलर एअ श्ूल्लू८-अल्लल्ली७४१ कक.ि्७ (ह्व५ी.ूे्) पर अपलोड कर दी है। योग्य उम्मीदवार इसके लिए आवेदन कर सकते हैं।

संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत 31 दिसंबर, 2023 को 16वें वित्त आयोग का गठन किया गया है। इस आयोग के अध्यक्ष नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष और कोलंबिया यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अरविंद पनगढ़िया हैं।

## राजधानी दिल्ली में 8 मार्च को होगा 'लखपति दीदी महिला उद्यमी महासम्मेलन'

**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को राजधानी नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में ह्यलखपति दीदी महिला उद्यमी महासम्मेलनह्ण का आयोजन किया है। कारोबारी संगठन कैट महामंत्री एवं चांदनी चौक से भाजपा उम्मीदवार खंडेलवाल के नेतृत्व में आयोजित इस महासम्मेलन में देश के सभी राज्यों की 25 हजार लखपति दीदी महिला उद्यमी भाग लेंगी।

चांदनी चौक से भाजपा उम्मीदवार प्रवीन खंडेलवाल ने बुधवार को भाजपा एवं व्यापारी प्रतिनिधिनिधियों के साथ चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र की अनेक समस्याओं को लेकर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मुलाकात की। खंडेलवाल ने उपराज्यपाल से चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों के दयनीय मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। खंडेलवाल ने उपराज्यपाल से मजनूं के टीले पर पाकिस्तान से आ रहे हिंदू शरणार्थियों के विस्थापन को रोकने का आग्रह किया।

उन्होंने इस लोकसभा क्षेत्र में अनेक स्थानों पर टूटी हुई सड़कों की मरम्मत कराने, गंदगी के ढेरों को हटवाने तथा बाजारों एवं रिहायशी क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं के अभाव की ओर ध्यान दिलाया। खंडेलवाल ने बताया कि विराट लखपति दीदी महिला उद्यमी महासम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना को भी इस महासम्मेलन में आमंत्रित किया गया है।